सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-325 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 07 मई 2024
27 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर बोले पीएम मोदी
# गरीबों को वापस मिलेगा लूटा हुआ धन

**विपक्ष पर तंज**

- राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी
- कांग्रेस ने मान ली अपनी हार
- अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक का कांग्रेस ने बहिष्कार किया



**अमरावती।** देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ हुआ है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वह भ्रष्टाचार से लूटे गए गरीबों के धन को वापस करने के बारे में कानूनी सलाह ले रहे हैं।

झारखंड के मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के पास से जब्त किए गए धन को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि आखिर क्यों ऐसे लोग कांग्रेस के करीबी हैं। पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए घरेलू सहायक के घर को गोदाम बना दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा बल्कि इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें कैश गिनते गिनते मशीन थक गई। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि जब भी एजेंसियों द्वारा इंडी गठबंधन के लोगों के काले धन के खिलाफ कार्रवाई होती है, तो विपक्ष के नेता उन्हें अपशब्द कहना शुरू कर देते हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान राम मंदिर को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने राज्य के प्रसिद्ध अभिनेता और राजनेता रहे एन टी रामाराव को याद करते हुए कहा कि रामाराव ने भगवान राम को हर घर तक पहुंचाया था। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक का बहिष्कार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका ध्यान अपशब्दों पर नहीं बल्कि उन गरीब लोगों पर है, जिनका धन लूटा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अकेले प्रवर्तन निदेशालय ने अब तक की अलग-अलग कार्रवाइयों में 1.25 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। अगर सभी एजेंसियों की कार्रवाइयों को जोड़ा जाए तो यह और भी बड़ी राशि होगी।

### चार जून बीजद की एक्सपायरी डेट

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में हुंकार भरी। गंजम में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी राज्य की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को घेरा। उन्होंने कहा कि चार जून को बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। उन्होंने दावा किया कि 10 जून को भाजपा उम्मीदवार ओडिशा में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ओडिशा में इस बार दो यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं।

# केजरीवाल की एनआईए जांच हो : उपराज्यपाल

**संकट**

- केजरीवाल पर आतंकी संगठन से फंड लेने का लगा है आरोप
- एलजी ऑफिस की तरफ से गृह मंत्रालय को लिखा लेटर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वह पहले ही कथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ में बंद हैं। अब उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से राजनीतिक चंदा लेने का आरोप लगा है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इसकी एनआईए जांच की सिफारिश कर दी है। सूत्रों के मुताबिक उपराज्यपाल को शिकायत मिली है कि आम आदमी पार्टी ने सिख फॉर जस्टिस से 16 मिलियन डॉलर का फंड लिया है। उपराज्पाल को लिखे पत्र में बताया गया है कि यह चंदा कट्टर खालिस्तानी समर्थक देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करने और खालिस्तानी भावनाओं को बढ़ावा देने के एवज में मिला है। एलजी को यह पत्र वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन- इंडिया नामक संगठन ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि आम आदमी पार्टी ने यह चंदा 2014 से 2022 के बीच में लिया। आगे लिखा है 2014 में अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क स्थित एक गुरुद्वारे में सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू और केजरीवाल की मुलाकात हुई थी।

इस मीटिंग में केजरीवाल ने पन्नू को आश्वस्त किया था वह 1993 दिल्ली बम धमाके में दोषी उम्र कैद की सजा काट रहे भुल्लर को जेल से रिहा कराने में मदद करेंगे।

# तीसरा चरण : 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग आज

**लोकसभा चुनाव**

- यूपी की दस सीटों के लिए आज होगा मतदान
- 1.89 करोड़ मतदाता करेंगे 100 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में मंगलवार (7 मई) को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर मंगलवार को मतदान होगा।

सम्भल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली लोकसभा सीट के 1.89 करोड़ मतदाता 100 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे, इनमें आठ महिलाएं भी शामिल हैं। तीसरे चरण में सर्वाधिक 13 प्रत्याशी बरेली और सबसे कम सात उम्मीदवार फिरोजाबाद निर्वाचन क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले चुनाव में इन दस सीटों में से आठ भाजपा और दो सपा की झोली में गई थीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि कि सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर सायं छह बजे तक चलेगा। जो भी मतदाता शाम छह बजे उपस्थित रहेंगे, वे मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान के लिए 20,415 पोलिंग बूथ व 12,339 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 4390 संवेदनशील हैं। मतदाताओं की दृष्टि से सबसे अधिक वोटर आगरा (20,72,685) में और सबसे कम एटा (17,00,524) निर्वाचन क्षेत्र में हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए 25,819 ईवीएम कंट्रोल यूनिट, 25,819 बैलेट यूनिट और 27,597 वीवीपैट तैयार किए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्धसैनिक बलों को दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तीसरे चरण में 370 आदर्श पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। मतदान पर नजर रखने के लिए आयोग ने तीन विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य, छह पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक तैनात किए हैं।

### आईसीएसई और आईएससी के 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित
# दसवीं में चंद्रयांश राय ने हासिल किए 99.8 फीसदी अंक

**उपलब्धि**

- 12वीं में कनिष्का मित्तल, अर्चिताऔर सारिया खान ने 99.75 फीसदी अंक प्राप्त किए



**लखनऊ।** सीआईएससीई (काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) के रिजल्ट में एक बार फिर से राजधानी के मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 10वीं में सिटी मांटेसरी स्कूल के चंद्रांश राय ने 99.8 फीसदी नंबर हासिल किए। इसी तरह 12वीं में इसी स्कूल की कनिष्का मित्तल, अर्चिता सिंह और सारिया खान ने संयुक्त रूप से 99.75 फीसदी अंक हासिल करके देश भर में नाम रोशन किया। इस बार काउंसिल ने आधिकारिक रूप से कोई मेरिट जारी नहीं की है। लखनऊ में इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकंड्री एजूकेशन (आसीएसई)- 10वीं में 12,661 और इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आईएससी)- 12वीं में 10,600 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रदेश स्तर पर हाईस्कूल में 99.14 और 12वीं में 97.94 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए। राजधानी के मेधावियों ने इस बार 99 फीसदी से ज्यादा नंबर हासिल करने में नया कीर्तिमान गढ़ दिया। हाईस्कूल में काव्या बिष्ट, भार्गवी सिंह, चिन्मय कृष्णा, इशांत अग्रवाल और मो. अमान ने 99.6 फीसदी अंक हासिल किए। 10वीं में ही आर्या द्विवेदी, अर्जुन कृष्णा, उत्कर्ष सिंह, अमृत पांडेय, कृति श्रीवास्तव, आरना बाजपेयी, अनिरुद्ध शर्मा, इबा शाहीन, शिवांश आनंद, उन्नति वर्मा, याहवी मोहन और शुभ वर्मा ने 99.4 फीसदी अंक हासिल किए।

## मोदी संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं : राहुल

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान और आरक्षण बचाने के लिए है। इस देश के गरीब के पास जो कुछ भी है, चाहे आपकी जमीन हो, जल हो, जंगल हो, नौकरी हो, सब कुछ संविधान ने दिया है; अब नरेंद्र मोदी ने इसे (संविधान) बदलने का, इसे खत्म करने का मन बना लिया है। उन्होंने बड़ा वादा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में आने पर मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देगी। आशा, आंगनवाड़ी की महिलाओं का आमदनी दोगुनी होगी और एक लाख रुपए महिलाओं के बैंक अकाउंट में जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के नेता ने एक आदिवासी युवा पर पेशाब कर उसका वीडियो बनाया और पूरे हिंदुस्तान में दिखाया।

# उत्तराखंड में जंगल की आग ने मचाई तबाही, 930 घटनाओं में पांच की मौत

**मुसीबत**

- उत्तराखंड में जंगल की आग बेकाबू
- मोर्चे पर एनडीआरएफ को भी उतारा गया



**देहरादून।** उत्तराखंड के जंगलों में बेकाबू हो रही आग पर काबू पाने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को उतार दिया है। गढ़वाल मंडल के पौड़ी और कुमाऊं के अल्मोड़ा जिले में जंगल ज्यादा सुलग रहे हैं। उधर, सोमवार को प्रदेश में 20 जगह जंगल धधके। पौड़ी में सोमवार को आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर से पानी का छिड़काव किया गया। वहीं, जंगलों की आग की राज्य में अब तक 930 घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 1,196 हेक्टेयर से अधिक जंगल जल चुका है। सबसे अधिक 491 घटनाएं कुमाऊं और 365 घटनाएं गढ़वाल में हुई, जबकि 74 मामले वन्य जीव क्षेत्र के हैं। बेकाबू हो चुकी आग से अब तक पांच लोगों की मौत और चार लोग झुलस चुके हैं। सरकार का दावा है कि वनाग्नि से अभी तक किसी वन्यजीव के मारे जाने की सूचना नहीं है। इस बीच सरकार जानबूझकर और लापरवाही से आग लगाने के मामले में बेहद सख्त हो गई है। बार-बार आग लगाने वालों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई होगी। उत्तराखंड लोक व निजी संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम के तहत वन संपदा के नुकसान की भरपाई आग लगाने वालों से होगी। वनाग्नि की स्थिति की समीक्षा बैठक के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा, वनाग्नि पर काबू पाने के लिए एक्शन प्लान बना लिया गया है। जंगल में आग बुझाने के काम में अब पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी, युवक व महिला मंगल दल, सभी स्थानीय संगठनों और लोगों को लगाया जाएगा।

**कसा तंज** — राम का विरोध करने वालों की हमेशा होती दुर्गति
# रामभक्तों व राम द्रोहियों के बीच है चुनाव : योगी

**आरोप**

- हर तरफ एक बार फिर मोदी सरकार का नारा गूंज रहा है
- भगवान राम का विरोध करती है कांग्रेस




**हरदोई।** हरदोई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत शाहाबाद कस्बे की बड़ी फील्ड में आयोजित जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है।

एक तरफ भाजपा और उसके सहयोगी दल हैं जो राम की सत्ता पर विश्वास करते हैं। दूसरी तरफ वे लोग हैं जो राम का विरोध करते हैं। राम का विरोध करने वालों की हमेशा दुर्गति होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मति मारी गई है जो भगवान राम का विरोध कर रही है। जनसभा में मौजूद लोगों को हरदोई का पौराणिक महत्व समझाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरदोई तो श्री हरि भगवान विष्णु की धरती है। यहां श्री हरि ने बाराह (वामन) और नरसिंह अवतार लिए हैं। हरदोई सबके लिए मानक है, क्योंकि श्रृष्टि के प्रारंभ से ही ईश्वरीय सत्ता का विरोध करने वाले और ईश्वरीय सनेही के बीच संघर्ष होता रहा है। हरदोई वासी श्री हरि के स्नेही हैं और इसी लिए यहां का नाम हरदोई पड़ा। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक प्रवक्ता को कांग्रेस ने सिर्फ इसलिए पार्टी से निकाल दिया क्योंकि वह अयोध्या धाम में श्रीराम लला का दर्शन करने चली गई थीं। उन्होंने कहा कि हर तरफ एक बार फिर मोदी सरकार का नारा गूंज रहा है। इसकी वजह यह है कि हर कोई कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। इसलिए राम भक्त ही आएंगे और राम द्रोही नहीं आएंगे। भाजपा की सरकार में आस्था का सम्मान है। यह पीढ़ी सौभाग्यशाली है जो श्रीरामलला को अयोध्या धाम में विराजते हुए देखा। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बन गया। जिले के हर मठ व मंदिर के विकास के लिए कुछ न कुछ मिला होगा। सपा को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वह दिन चले गए जब भेदभाव होता था। कब्रिस्तान के लिए पैसा आता था और श्मशान घाट के लिए बजट नहीं मिलता था। जनसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, डा. अशोक वाजपेयी, विधायक श्याम प्रकाश, माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, प्रभाष कुमार, एमएलसी अशोक अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती भी मौजूद रहीं।


## City Montessori School

heartily congratulates its 3791 meritorious students who have secured 90% to 99.75 % marks in the ISC & ICSE Board Exams, 2024

74 students with 99% to 99.75% will be awarded a total of Rupees 74 Lakhs by CMS!

**ISC (Class XII) Top 3 National Rank Holders***

1st Rank in India — KANISHKA MITTAL, Kanpur Road, 99.75%
1st Rank in India — SARIYA KHAN, Mahanagar, 99.75%
1st Rank in India — ARICHITA SINGH, Mahanagar, 99.75%
2nd Rank in India — ANVI SRIVASTAVA, Gomti Nagar I, 99.50%
2nd Rank in India — SHAURYA VERMA, Gomti Nagar I, 99.50%
3rd Rank in India — ABHINAV, Gomti Nagar I, 99.25%
3rd Rank in India — AGRIM DEV SHARMA, Rajendra Nagar, 99.25%
3rd Rank in India — AKSHAT AWASTHI, Rajendra Nagar, 99.25%
3rd Rank in India — PRANJAL GUPTA, Gomti Nagar I, 99.25%
3rd Rank in India — SHAGUN SINGH, Kanpur Road, 99.25%
3rd Rank in India — SAUMYA SHUKLA, Gomti Nagar I, 99.25%
3rd Rank in India — TANYA VERMA, Mahanagar, 99.25%

**ICSE (Class X) Top 2 National Rank Holders***

1st Rank in India — CHANDRANSH RAI, Mahanagar, 99.80
2nd Rank in India — KAAVYA BISHT, Anand Nagar, 99.60
2nd Rank in India — MOHAMMAD AYAAN, Rajajipuram, 99.60%
2nd Rank in India — CHINMOY KRISHNA, Gomti Nagar I, 99.60%
2nd Rank in India — ISHANT AGARWAL, Mahanagar, 99.60%
2nd Rank in India — BHARGAVI SINGH, Gomti Nagar I, 99.60%

**RESULTS THAT MAKE CMS EUPHORIC !**

| S.No. | Highlights | Numbers | Percentage |
|---|---|---|---|
| 1. | CMS students who took the 2024 ICSE & ISC Exams | 6818 | - |
| 2. | CMS students who passed | 6818 | 100% |
| 3. | CMS students who secured 90% and above aggregate marks | 3791 | 55.6% |
| 4. | CMS students who secured 95% & above aggregate marks | 1409 | 20.7% |
| 5. | CMS students who secured 97% & above aggregate marks | 630 | 9.2% |
| 6. | CMS students who secured 98% & above aggregate marks | 302 | 4.4% |
| 7. | CMS students who secured 99% & above aggregate marks | 74 | 1.1 % |

* We suppose that 99.75% at ISC and 99.80% at ICSE are the highest agg. marks in the country in 2024

Scan QR Code for the full result

These 3791 meritorious CMS students are invited to the
**Grand Victory March and Honouring Ceremony**
on Tuesday, 7th May, 2024 at 8.00 am at CMS Gomti Nagar Extension Auditorium, Lucknow

Our honoured Chief Guest: Shri Durga Shanker Mishra, IAS
Chief Secretary, Government of Uttar Pradesh

# लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जिले में महत्वपूर्ण स्थान बनाया



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** आई.सी.एस.ई .कक्षा 10 एवं आई.एस.सी. कक्षा 12 परीक्षा सत्र 2023-2024 के घोषित परीक्षा परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर के छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट परीक्षाफल द्वारा एक बार फिर से जिले में महत्वपूर्ण स्थान बनाया। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में अरमान अली ने 97.4 प्रतिशत अंक तथा आई.एस.सी. की परीक्षा में विनायक कंछल ने 96.75 प्रतिशत अंक लाकर व प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यालय में आई.सी.एस.ई. परीक्षा मे प्रथम अरमान अली के पिता डॉ. जर्रार अली एवं माता डॉ. शुमायला अली दोनों ही चिकित्सक हैं। वह भी भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना चाहता है। आई.एस.सी. में प्रथम स्थान प्राप्त विनायक कंछल के पिता संदीप कंछल एक बिजनेसमैन है। माता पदमा अग्रवाल एक गृहणी है। वह भविष्य में एक सफल बिजनेसमैन बनना चाहता है। दोनों छात्र अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं माता-पिता को देना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि आई.सी.एस.ई. परीक्षा में कुल 157 तथा आई.एस.सी. में 104 छात्रों-छात्राओं ने परीक्षा में सम्मिलित शत-प्रतिशत परीक्षाफल दिया। आई.एस.सी. की परीक्षा में 12 तथा आई.सी.एस.ई. परीक्षा में 48 छात्र-छात्राओं ने 90त्न से अधिक अंक लाकर सफलता अर्जित की। विद्यालय के महाप्रबंधक डॉ एस.पी. सिंह ने मोबाइल द्वारा सभी छात्रों को उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाया एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों, सीनियर इंचार्ज प्रदीप रस्तोगी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। गौरतलब रहे कि 30 अप्रैल को वादी ने एक लिखित तहरीर देकर अभियुक्त अफ्जल पुत्र सईद, जावेद पुत्र साजिद निवासीगण ग्राम मगनपुरा थाना मिर्जापुर, फैजान पुत्र लालू निवासी ग्राम शाहपुर गाडा थाना मिर्जापुर व साबिर पुत्र आमिर निवासी ग्राम कोठडी थाना बिहारीगढ पर उसकी पुत्री को घर से उठा ले जाकर खाली पडे मकान में जबरदस्ती से बारी बारी से बलात्कार करने के संबंध में थाना मिर्जापुर पर धारा 363/376डी भादवि व 5जी/6 पोक्सो पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में थाना मिर्जापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अफ्जल पुत्र सईद व जावेद पुत्र साजिद निवासीगण ग्राम मगनपुरा थाना मिर्जापुर को कासमपुर पुलिया से गिरफ्तार किया।

# बालकटिंग के खोखे में लगी आग, खोखे में रखा सारा सामान जलकर राख



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरखेरा कलां में बीती रात एक बालकटिंग के खोखे में आग लग गयी जिससे खोखे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी श्यामू ग्राम बरखेरा कलां में खोखे में बाल कटिंग का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह हर रोज प्रातः बरखेरा कलां जाता जाता और दिन भर काम करके शाम को वापस आ जाता था। कल भी श्यामू रोज की तरह प्रातः बरखेरा कलां गया और शाम को खोखा बन्द कर अपने घर वापस आ गया। रात्रि लगभग 12 बजे श्यामू को किसी ग्रामीण ने फोन से सूचना दी कि उसके खोखे मे किसी ने आग लगा दी है जिसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक श्यामू बरखेरा कलां पहुंचा तब तक उसका खोखा पूरी तरह जलकर राख हो चुका था और खोखे में रखा सारा सामान भी जल चुका था। श्यामू के परिवार की जीविका का मात्र यह खोखा ही सहारा था।

## महिला ने लगाई नदी मे छलांग, हुई मौत

**मोहम्मदी-खीरी।** गोमती नदी के अमरी घाट पर एक महिला ने नदी में छलांग लगा देने की सूचना जैसे ही वहां मौजूद लोगो को हुई तो उन्होने एम्बुलेन्स को सूचना दी और आनन-फानन महिला को बचाने के लिये नदी में छलांग लगाकर महिला को नदी से बाहर निकाला और एम्बुलेन्स से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां डाक्टरो ने महिला को मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोगियापुर निवासी जयदेवी सिंह (75) गांव से मोहम्मदी आने की जिद करके घर से निकली थी। जयदेवी सिंह अमरी घाट पर पहुंच गयी और वहां पहुंच कर जयदेवी सिंह ने गोमती नदी में छलांग दी। जब किसी महिला के गोमती में कूदने की जानकारी वहां मौजूद लोगो को हुई तो उन्होने महिला को बचाने की नियत से पानी में कूद गये और महिला को नदी से बाहर निकालने के बाद महिला को एम्बुलेन्स से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डाक्टरो ने जयदेवी को मृत घोषित कर दिया। जयदेवी सिंह ने नदी में छलांग क्यो लगाई इस पर रहस्य बना हुआ है।

## बाल विवाह कानूनन अपराध, प्रोत्साहन देने वालों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**सहारनपुर।** ''बाल विवाह'' प्रतिषेध अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विवाह हेतु लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। यदि लड़के-लड़की की आयु इससे कम है तो वह ''बाल विवाह'' की श्रेणी में आयेगा तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह करने वाले पुरूष व्यस्क के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास या 01 लाख रूपये जुर्माने या दोनों का प्राविधान है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गम्भीर दुष्प्रभाव होते हैं।

# ताल से ताल मिला ऑडिशन में 50 प्रतिभागियों ने सेमिफाइनल में किया प्रवेश





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला अन्तर्विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता ताल से ताल मिला के ऑडिशन क्वार्टर फाइनल राउण्ड में प्रतिभागियों के बीच जमकर एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ रही और 50 ने सेमिफाईनल में प्रवेश कर लिया।

सहारनपुर सिटीजन फाउन्डेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ चैयरमैन पंकज बंसल, अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान व संयोजक सुभाष अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया व उसके बाद शुरू हुआ प्रतिभागियों का धमाल। निर्णायक योगिता शर्मा, मेघा काम्बोज व महिमा की देखरेख में संपन्न हुए क्वार्टर फाईनल राउण्ड में वामसी राणा, नन्दनी सैनी, प्रीशा, आमरीन नरूला, नैनिका चावला, मेहर लूथरा, राव्या छाबड़ा, दृशा अरोड़ा, अर्थव ग्रोवर, रोज अली, मिष्टी, अनन्या, कौशिकी गुप्ता, वन्दना मिढ्ढा, मानवी, अक्षया जैन, लावण्या गुप्ता ने सेमिफाईनल राउण्ड में प्रवेश कर लिया। ग्रुप 'डी' में रीतू छाबड़ा, अयाना जैन, दक्षिता जैन, अद्रिका, अमायरा, अवनी अरोडा, तान्या, हरनूर भटेजा, अमाया सूरी, पीहू गांधी, नव्या बत्रा, सुवर्णा तायल, जागृति बजाज, गौरवी बजाज, रीवा गांधी, यशवी चौजर, आरूष अरोड़ा, जन्नत धींगड़ा, भावना नरूला, मान्या भाटला व मानवी अरोड़ा ने सेमि फाईनल राऊण्ड में प्रवेश कर लिया। ग्रुप 'सी' में वंशिका तनेजा, पूजा, शिखा नौटियाल, सिमरन भण्डारी, ऐनी परूथी, माधवी गिल्होत्रा, आयुषी चौहान, अमायरा, चित्रा त्यागी, रिया सैनी, वृन्दा काम्बोज व तृप्ति ने अगले राऊण्ड में प्रवेश कर लिया।

## महान दार्शनिक व विश्व कवि थे रविन्द्रनाथ टैगोरः शीतल

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** कवि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती की पूर्व संध्या पर कला व साहित्य में रूचि रखने वाले व्यापारी प्रतिनिधियों ने भारत के लिए पहला नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले कवि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर का स्मरण किया।

स्थानीय रेलवे रोड स्थित स्थानीय हाथी बिल्डिंग प्रांगण में आयोजित बैठक में उ.प्र.उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर इस शताब्दी के महान कवि होने के साथ-साथ एक महान दार्शनिक, लेखक, उपन्यासकार, समालोचक कविंद्र रविन्द्र संगीत के जनक व नाटककार भी थे। उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध गीताजंलि की रचना के साथ-साथ कहानियों में काबुलीवाला, डाकघर आदि विश्व स्तर की रचनाएं भारतीय साहित्य का दर्पण हैं। शीतल टण्डन ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर का विशेष योगदान रहा है। उन्होने 1919 में जलियावाला बाग काण्ड के बाद इसके विरोध स्वरूप ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गयी 'सर' की उपाधि वापिस कर दी। वह मानवतावादी व देशभक्ति को सर्वोपरि मानते थे और उनके द्वारा रचित गान दो देशों के राष्ट्रीयगान है। इसमें हमारे देश का जनगणमन व बांग्लादेश का अमार सोनार बांग्ला शामिल हैं। ऐसे महान कवि, संत की रचनाएं भावी पीढियों के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य कर रही हैं।

## शिक्षा विभाग में लगा भ्रष्टाचार का घुन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है

**मोहम्मदी-खीरी।** सरकार शिक्षा के लिये चाहे जितनी भी सजग क्यो न हो जाए परन्तु शिक्षा विभाग में लगा भ्रष्टाचार का घुन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही एक मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम नेवली में सामने आया है। ग्राम नेवली निवासी रामसनेही ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को सौपा है जिसमें कहा गया है कि उनके गांव के प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक संदीप गौड़ द्वारा विद्यालय के बच्चो के भोजन की व्यवस्था मीनू के अनुसार न कर अपने अनुसार करायी जाती है विद्यालय में बच्चो की संख्या कम होते हुए भी विभागीय अभिलेखों में ज्यादा संख्या में बच्चे अंकित कर खाने के आने वाली धनराशि को निकाल कर हड़प लिया जाता है और विद्यालय की रंगाई-पुताई के लिए जो सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष जो बजट आता है उसमें भी इंचार्ज प्रधानाचार्य द्वारा मानक के अनुसार रगाई-पुताई न करवा कर सिर्फ खाना-पूरी करके फर्जी तरीके से बिल लगाकर पैसा निकालकर अपना खर्च चलाया जाता है। यही नहीं विद्यालय में तैनात इंचार्ज प्रधानाचार्य संदीप गौड़ कभी भी समय से विद्यालय नहीं आये जबकि विद्यालय में तैनात अन्य शिक्षक समय पर आ जाते है। वहीं रामसनेही ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त विद्यालय में बच्चो को सही शिक्षा न प्रदान कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## मजदूरी का पैसा मांगने पर मिस्त्री ने किया मजदूर पर हमला

**लखीमपुर खीरी।** मजदूरी का पैसा मांगने गए एक मजदूर पर मिस्त्री ने हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में मजदूर के सिर पर चोट आ गई। पीड़ित मजदूर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं मैं मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के मोहल्ला इकराम नगर नई बस्ती निवासी अकील पुत्र इब्राहिम मजदूरी का काम करता है। बताया जाता है कि अपनी दिहाड़ी का पैसा मांगने वह मोहल्ला इकराम नगर नई बस्ती निवासी मिस्त्री के घर गया हुआ था। पीड़ित के अनुसार इसी बीच आपस में लड़ाई-झगड़ा हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मित्री ने झगड़ा करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। उसके बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में मजदूर के सिर पर चोट आई है। पीड़ित के परिवार बाले उसे पल्यिा कोतवाली लेकर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी मिस्त्री के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मुंसिफकोर्ट को स्थानान्तरित करने का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपद सहारनपुर से मुंसिफी कोर्ट की स्थापना कस्बा बेहट में न करने एवं किशोर न्यायालय को जनपद सहारनपुर अथवा कलेक्ट्रेट कोर्ट में लाये जाने समेत कई मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के बैनर तले सभी अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए समस्या का निराकरण किए जाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान में सहारनपुर जिले को कमर्शियल कोर्ट से वंचित होना पड़ा है। किशोर न्याय बोर्ड जिला न्यायालय के मुख्यालय से लगभग 2 किलोमीटर दूर भेजा गया है। बाल कल्याण समिति भी इसका अंग है, उसमें न्याय पाने के लिए भी वादकारियों के साथ अधिवक्ताओं को भटकना पड़ता है। किशोर न्याय बोर्ड में बाल अपचारी को नोएडा भेज दिया जाता है जो अत्यंत ही खेद जनक व पीड़ा दायक स्थिति होती है। वर्तमान में कस्बा बेहट मे मुंशीफकोर्ट स्थापना के के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शासन द्वारा शुरू कर दी गई है, जिससे साफप्रतीत होता है कि सहारनपुर जिला न्यायालय मुख्यालय की एक बार फिर से उपेक्षा की जा रही है। मुख्यालय से कार्य को दूर भेज कर वादकारियों, अधिवक्ताओं व अधिकारियों के लिए विकट स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने मांग की कि सहारनपुर जिला मुख्यालय से किसी भी न्यायालय को अलग करने की योजना को तत्काल निरस्त किया जाए। किशोर न्यायालय बोर्ड व्यापार कल्याण समिति को जिला मुख्यालय मे स्थापित किया जाए। किशोर न्याय बोर्ड में बाल अपचार्य को नोएडा स्थानांतरित ना करके सहारनपुर में ही इसकी व्यवस्था शीघ्र कराई जाए। कमर्शियल कोर्ट की स्थापना सहारनपुर जिला मुख्यालय में ही की जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महासचिव निशान्त त्यागी,अशोक शर्मा, अनिल चौहान, बिशम्भर सिंह पुण्डीर, राधेश्याम गुप्ता, ठा.शीशपाल पुण्डीर, सिद्धार्थ शंकर त्यागी, अशोक कुमार पुण्डीर, प्रदीप मित्तल, चौधरी रणधीर सिंह, चौ.जॉनिसार, आदित्य सिंह राणा, दीपक चौधरी, जमाल साबरी, बाबू राम, सतीश चौधरी, चौ.सतीश, संदीप पंवार, अरविन्द आर्य, अंशु समीर, राव मौ.खालिद, रूमन लाम्बा, अंकित शुक्ला, मौ. साकिब, जुबैर अली आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



## न्यायिक अधिकारियों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी के निर्देशन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जेल मे 1400 पुरूष बन्दी एवं 39 महिला बन्दी निरूद्ध पाये गये। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने पुरूष एवं महिला बैरक, अस्पताल एवं पाकशाला का निरीक्षण भी किया। जिला कारागार सहारनपुर में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित पाई गई। चिकित्सालय में 09 बंदी भर्ती थे, जिनका उपचार डा.प्रवीण द्वारा किया जा रहा है। सचिव ने बन्दियों से कहा कि यदि किसी बंदी को वकील की सुविधा चाहिए, तो अविलम्ब वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

# मॉर्निंग वॉक पर जा रहे ग्रामीण को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** घाड़ क्षेत्र के समीपवर्ती गांव हरिपुर टोंगिया मे एक बिगड़ैल हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया, जबकि तीसरे युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय अस्पताल भिजवा दिया । मिली जानकारी के मुताबिक आज थाना बिहारीगढ़ क्षेत्रान्तर्गत सुबह करीब साढे चार बजे हरिपुर टोंगिया निवासी मास्टर रविंद्र सिंह, धर्म सिंह व गोवर्धन सिंह मॉर्निंग वॉक के लिए बिहारीगढ़-बंदरजूड़ मार्ग की तरफ जा रहे थे कि राजाजी राष्ट्रीय टाइगर रिजर्व से चारे पानी की तलाश में आबादी की तरफ आए एक बिगड़ैल हाथी ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। इस दौरान गोवर्धन सिंह ने तो किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचा ली, लेकिन 60 वर्षीय धर्म सिंह पुत्र तेलूराम को हाथी ने सूंड पर उठा लिया और पटक-पटक कर मार डाला। इसी दौरान रविन्द्र सिंह भी गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही तुरन्त बुग्गावाला थाना पुलिस और खानपुर रेंज स्टाफ मौके पर पहुंचा और धर्मसिंह के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए राजकीय अस्पताल रुड़की भिजवा दिया। उधर गम्भीर रूप से घायल रविन्द्र सिंह को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीण डॉ.ब्रहम सिंह, सरदार जसवंत सिंह, मुन्नीलाल, भोपाल सिंह नायक आदि ने जंगली जानवरों के आबादी एरिया के आस-पास घूमने पर चिंता जताई है। ग्रामीणों ने बताया कि हरे चारे सहित जंगल में पीने के पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे वन्यजीव कृषि इलाके में भटक रहे हैं।

## 20 मई मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषितः डीईओ

**रायबरेली।** प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई 2024 (सोमवार) को पंचम चरण में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्टूमेंट एक्ट 1881 (1881 एक्ट संख्या-26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी प्रकार भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक घोषित करने का प्राविधान है।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा पंचम चरण के अन्तर्गत 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 20 मई, 2024 (सोमवार) को कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

माइक्रो ऑब्जर्वर व पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय आयोजित प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित

## 9 मई को माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 15 मई को

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाए गए माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्वान्तिक एवं ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये है कि निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समस्त चुनावी गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही मतदान कार्मिको/माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम में 09 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक द्वितीय पार्टी अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का बेहतर तरीके से सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के निर्धारित कक्षों में 10 मई से 15 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में प्रथम पाली 10:00 से 01:00 बजे तक द्वितीय पाली 02:00 बजे से 05:00 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि माइक्रो आब्जर्वर एवं पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय आयोजित प्रशिक्षण हेतु फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली के निर्धारित सभी कक्षों, ऑडिटोरियम सहित बरामदा, अन्य कक्षों की समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ ठंडा पेयजल, गिलास मेज, कुर्सी व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री/स्टेशनरी की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि के एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराना सुनिश्चित करायें।

# आबकारी विभाग की टीम ने शराब की दुकानों की जांच की

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के निर्देशानुसार शराब की ओवररेटिंग को रोके जाने तथा स्टॉक की जांच कराए जाने के मामले में आज जिला आबकारी अधिकारी करूणेश सिंह के निर्देशन पर विभागीय टीमों द्वारा अलग-अलग शराब की दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान सभी दुकानों पर व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई। आज जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशानुसार सेक्टर 1 के आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने कोर्ट रोड व दिल्ली रोड, काशीराम कॉलोनी कई जगह पर वह मॉडर्न शॉप पर शराब की बोतलों को पर लगे होलोग्राम वह बोतलों की सील आदि चेक की गई। सेक्टर 2 के आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह ने भी पुराने शहर में अंबाला रोड, जेल चुंगी, देहरादून रोड पर शराब की दुकानों पर शराब की बोतलों की चेकिंग की गई और शराब कैंटीन की साफ सफाई का निरीक्षण किया। जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह ने बताया सहारनपुर शहर में किसी को भी घटिया क्वालिटी की शराब वह बियर ना पिलाई जाए। इसको देखते हुए सहारनपुर जिले के आबकारी निरीक्षकों को कहां गया है। समय-समय पर शराब की दुकानों का निरीक्षण करें। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जो भी ग्राहक शराब की दुकानों में कोई कमी देखा है वह सीधे शराब की दुकानों पर लिखे फोन नंबरों पर आबकारी निरीक्षकों को फोन कर सकता है। आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मेरे द्वारा कोर्ट रोड दिल्ली रोड पर व और भी दुकानों पर शराब के रखें स्टॉक रजिस्टर वह शराब की बोतले पर लगे होलोग्राम चेकिंग की गई है। आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा आज शराब की जो दुकानों पर कैंटीन है।

# हत्या में वांछित चल रहा एक अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने हत्या के मामले में वाछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी बरामद की है।

गौरतलब रहे कि 3 मई को रितिक पुत्र खेम सिंह निवासी हिम्मत नगर थाना सदर बाजार ने अभियुक्त अंकुर कश्यप पुत्र प्रमोद कश्यप, प्रवेश उर्फ गुड्डु पुत्र सुरेश, रोहित उर्फ लैफ्टी पुत्र बबीत कुमार, अजय उर्फ अज्जू पुत्र प्रमोद समस्त निवासी गण टैगोर गार्डन थाना सदर बाजार, विनय कुमार पुत्र ओमपाल, विशाल पुत्र शिवकुमार, अंकुर पुत्र ओमपाल अभिषेक उर्फ बकरा पुत्र राजकुमार व अभिषेक उर्फ बकरा निवासी जगदम्बा कालोनी थाना सदर बाजार के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें 4 मई को मुकदमा उपरोक्त में घायल भानु प्रताप की इलाज के दौरान पीजीआई चण्डीगढ में मृत्यू हो जाने के कारण मुकदमें में धारा 302 भादवि की वृद्दी की गयी। थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि उनके नेतृत्व में गठित टीम ने आज 01 शातिर वांछित अभियुक्त अजय उर्फ अज्जू पुत्र प्रमोद निवासी टैगोर गार्डन थाना सदर बाजार को वृन्दावन गार्डन के सामने से गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद कर ली। पूछताछ करने पर अभियुक्त अजय उर्फ अज्जू ने बताया कि वह, प्रवेश व अभिषेक कुमार, रोहित उर्फ लैफ्टी, अंकुर कश्यप, विनय, विशाल व अंकुर आपस में अच्छे दोस्त है। कुछ दिन पहले होली पर अंकुर कश्यप व विशाल का रितिक से झगड़ा हो गया था, उसी का बदला लेने के लिये 03 मई की रात को मेरे दोस्त अंकुर कश्यप व विशाल नें हम सभी को फोन करके बुलाया था और कहा था कि आज रितिक को सबक सिखायेंगे। जिस पर वह प्रवेश व अभिषेक कुमार, अंकुर कश्यप, विनय, रोहित उर्फ लैफ्टी, विशाल व अंकुर सभी लोग एक राय होकर रितिक के घर गये थे जहाँ उसके घर का गेट बन्द था। हम अपने हाथो में लिये डंडे उसने, विनय, अभिषेक उर्फ बकरा, विशाल व अंकुर ने लात धूसो से रितिक व




सभी लोगो नें गेट पर खड़े होकर रितिक को गलिया दी थी और उसके गेट पर लात मारी थी फिर हम लोग विनय विहार की ओर आ रहे थे, तो पीछे से रितिक व उसके दोस्त व परिवारजन हमारे पीछे आ गये थे और इस पर मेरे दोस्त रोहित उर्फ लैफ्टी तथा प्रवेश, अंकुर कश्यप ने उसके दोस्त भानू प्रताप व परिवारीजन को मारा था। उनमे से भानू जिसके सिर पर डण्डे से चोट आने के कारण वो वही जमीन पर गिर गया था। जो स्कूटी बरामद हुई है। इसी स्कूटी से वह घटना वाले दिन अंकुर कश्यप को लेकर रितिक के घर गया था।

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनमत जुटाने आए डिप्टी सीएम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सूबे की सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सोमवार को भाजपा की प्रत्याशी स्मृति ईरानी के पक्ष में जनमत जुटाने के लिए अमेठी पहुंचे। यहां उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अमेठी के गोसाईगंज और विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के शाहगढ में जनसभा को संबोधित किया। विकासखंड क्षेत्र अमेठी के गोसाईगंज बाजार में उन्होंने एक जनसभा की जिसमें भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और केंद्र सरकार की खूबियों और उपलब्धियां बताया।कांग्रेस पर डिप्टी सीएम जमकर हमलावर हुए।बताया कि कांग्रेस के युवराज हार की डर से सीट बदल लिए हैं यह संकेत मिल रहा है कि भाजपा प्रत्याशी बड़े लंबे वोटो के अंतराल से चुनाव जीतने जा रही है। कार्यकर्ताओं को चुनाव में पूरी तन्मयता के साथ जुट जाने के निर्देश भी दिए। गोसाईगंज पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने गोसाई वीर बाबा की दर पर माथा टेका। उसके बाद जन समुदाय से मुखातिब होते हुए पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनमत जुटाने का प्रयास किया।

## संस्कार भारती की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मण्डपम सभागार में संस्कार भारती जालौन की साधारण सभा बैठक का आयोजन किया गया। प्रवासी पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र पाण्डेय जी के द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर ध्येय गीत के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत अतिथि का बैच अलंकरण कर शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला मंत्री अमृता सक्सेना ने विगत वर्ष में आयोजित कार्यक्रमों का वृत्त रखा एवं कोषाध्यक्ष सुधाकर गौतम ने वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष रसना तिवारी ने वर्ष के विवरण का संक्षिप्त परिचय देते हुए पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। प्रांतीय महामंत्री ने अपने उद्बोधन में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से ओम की ध्वनि के साथ रसना तिवारी को पुनः संस्कार भारती जालौन का अध्यक्ष घोषित किया गया।

## अटल सेना एक सामाजिक संगठन है : त्रिपाठी



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ अटल सेना द्वारा आज निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें अटल सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी पी त्रिपाठी ने कहा कि अटल सेना एक सामाजिक संगठन है जो अटल बिहारी वाजपेई जी के विचारों पर चलने का काम कर रही है आज हमारा देश 2024 के चुनाव का उत्सव मना रहा है पिछले चुनाव से बिल्कुल अलग है यह चुनाव देश को एक नई युग में ले जाने वाला चुनाव है प्रधानमंत्री ने जो संदेश दिया विकसित भारत 2047 तक लक्ष्य है उसे लक्ष्य को लेकर आज अटल सेना कार्य कर रही है देश के 25 राज्यों में अपना काम कर रही है इसी को लेकर आज हमने प्रेस वार्ता की है और इस बार भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से जीतने का काम करेगी पार्टी का जो नारा है 400 पर इसे हम पूरा करने का काम कर रहे हैं।

## शूटिंग प्रतियोगिता में छात्रा ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** महसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ की छात्र ने एकलव्य अकादमी इटावा द्वारा आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा नौ की छात्रा नंदिता सक्सेना ने कई जनपद के प्रतिभागियों को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण है। छात्रा पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चुकी है। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया छात्रा जूनियर क्लास से ही शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। नंदिता के पिता ज्ञान प्रकाश सक्सेना ने छात्रा कि इस उपलब्धि पर बताया कि बेटी को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहते हैं। विद्यालय की ओर से सभी शिक्षिकाओं ने छात्रा को बधाई दी एवं प्रधानाचार्या ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।



## पुलिस से हाथा पाई करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** योगी सरकार के शासनकाल में कानून का राज लगातार कायम होता जा रहा है। पुलिस अपराधियों पर हावी है और अपराध करने वाले या तो जेल में है या फिर अपराध से तौबा कर चुके हैं। परंतु कुछ नई सोच के अपराधी ना तो पुलिस से डरते हैं और ना ही उनके अंदर कानून का डर है। बीती रात 10 बजे के आसपास अमृतपुर थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई की थाने से 3 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम नगला हुसा में परचून की दुकान के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। पुलिस सक्रिय हुई और एस आई जगभान सिंह बीट के सिपाही रविंद्र कुमार, आंशु कुमार के साथ मौके पर पहुंच गए। देखने पर मालूम हुआ की दुकान के सामने भीड़ लगी हुई है और लोग शराब खरीद रहे हैं। जब पुलिस ने हस्तक्षेप करना चाहा तो कुछ लोग वहां से भाग गए और दुकानदार राजेश्वर उसके पुत्र लालू उर्फ आलोक रंजीत छोटू एवं आलोक की पत्नी सभ्यता व राजेश्वर की पत्नी संतोष कुमारी ने चार-पांच अज्ञात लोगों के साथ मिलकर पुलिस पर हमला कर दिया। गाली गलौज मारपीट के साथ हमलावर इन लोगों ने सिपाही रविंद्र को घेर कर उसके साथ हाथा पाई की जिससे रविंद्र के काफी चोटे आई।



## इंटर हाउस फुटबाल टूर्नामेंट का समापन

**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** गत दिवस लिटिल एंजेल्स स्कूल के ग्राउंड में इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें चारों हाउस की सीनियर एवं जूनियर बालक वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया । पहले दिन सभी वर्गों के सेमी फाइनल्स मैचों का आयोजन कराया गया, विद्यालय प्रबंधक डॉ संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व टॉस कराया। अंतिम दिन फाइनल्स मैच कराए गए सीनियर बालक वर्ग में नेगरिटा हाउस एवं वलिटा हाउस के बीच मैच कराया गया जिसमें नेगरिटा हाउस नें वलिटा हाउस को 7-1 से हराकर एक तरफा जीत हासिल की, इसी क्रम में जूनियर बालक वर्ग में मरीना हाउस एवं वलिटा हाउस के बीच मैच कराया गया जिसमें मरीना हाउस ने वलिटा हाउस को 3-0 से हराकर जीत हासिल की । मैचों के समापन पर विद्यालय में स्पेशल असेंबली के दौरान विजेताओं, उपविजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । मैचों के दौरान निर्णायक मंडल में विद्यालय के खेल शिक्षक मसूद हसन खान, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार राघव, वीना कुमारी आदि रहे । विद्यालय प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा की इंटर हाउस प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होती हैं और हमारे विद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिताएं पूरे वर्ष होती रहती है।



# महाराणा प्रताप के नाम पर भाजपा कर रही गुमराह : अखिलेश यादव

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से ठीक एक दिन पहले कन्नौज पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर समाज को बांटने का आरोप लगाया है। मैनपुरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा प्रकरण को भाजपा की साजिश बताया है। कहा कि किसी ने भी प्रतिमा का अपमान नहीं किया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय और भाजपा कार्यालय से उस प्रकरण का म्यूट वीडियो मीडिया में प्रसारित कराया गया है। प्रतिमा पर चढ़ने वालों ने नासमझी की होगी, लेकिन अपमान नहीं किया। हार की बौखलाहट से भाजपा अब साजिश रच रही है। जनता इनकी चाल समझ रही है। इनकी हर साजिश का जवाब वोट से दिया जाएगा। कन्नौज में जनसंपर्क के बाद सैफई लौटने से पहले बोर्डिंग ग्राउंड हेलीपैड के पास मीडिया से रूबरू अखिलेश यादव ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा का सफाया होने जा रहा है। हार की बौखलाहट में भाजपा के लोग साजिश रच रहे हैं। मैनपुरी प्रकरण में कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान मैनपुरी और आसपास के जिलों से बुलडोजर मंगाकर उसकी पुलिस से सुरक्षा कराई गई। फिर क्या वजह रही कि सपा के रोडशो के दौरान पुलिस ने चौराहों, प्रतिमा और संवेदनशील जगहों की सुरक्षा नहीं की। कहा कि

**● चुनाव के बाद सपा के हर कार्यालय में बनेगा संविधान का मंदिर**

नासमझी में कुछ लोग प्रतिमा पर चढ़ गए थे, लेकिन उन्होंने महाराणा के सम्मान में ही नारा लगाया। लेकिन भाजपा ने वीडियो की आवाज दबाकर उसे मीडिया के माध्यम से प्रसारित करवाया। कहा कि सपा सरकार में महाराणा प्रताप की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश होता था, भाजपा ने उसे खत्म कर दिया। उस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया। जबकि जो लोग भद्दी गालियां दे रहे हैं, बूथ लूटने की धमकी दे रहे हैं, उनका सम्मान हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चालाकी से संविधान में बदलाव करना चाह रही है। इनके नेता मंच से बाकायदा ऐलान कर रहे हैं, लेकिन समाजवादी लोग और इंडिया गठबंधन ऐसा नहीं होने देगा। संविधान हमारी संजीवनी है। बाबा साहब के दिए इस संविधान को बदलने नहीं देंगे। चुनाव के बाद सपा के सभी कार्यालय में संविधान मंदिर बनाया जाएगा, ताकि सभी को इसकी ताकत पता चले। संविधान हमें जीने, पढ़ने और बढ़ने का हक देता है। जौनपुर में बसपा की ओर से टिकट के बदलाव पर अखिलेश यादव ने कहा कि टिकट में बदलाव करना किसी भी पार्टी का अपना मामला है। लेकिन यह तो जाहिर है कि बसपा साफ-साफ भाजपा की मदद कर रही है। बसपा को वोट देने का मतलब अपना वोट खराब करना है। वह सामने से या पीछे से भाजपा की ही मदद कर रहे हैं। बहुजन समाज के लोगों से अपील करूंगा कि वह इस साजिश को समझें।

## हम जो कहते हैं वह करते हैं राम मंदिर और धारा 370 इसका उदाहरण : नंद गोपाल नंदी

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** महादेवा विधानसभा के बोकनर में स्थित निजी मैरज हाल में भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने रविवार को सम्बोधित करते हुए विजय शंखनाद किया। कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में चार सौ पार के साथ भारतीय जनता पार्टी सरकार बनने जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा की आज प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हुई है, जिससे प्रदेश में निवेश भी आया है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने यह सुनिश्चित किया की देश में एक भी व्यक्ति भूखा न रहे, इसी के चलते गरीब कल्याण अन्न योजना को बढ़ा दिया गया है। इसके इतर पीएम मोदी के नेतृत्व में आज आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाती है। कहा कि हम जो कहते हैं वह करते हैं। राम मंदिर और धारा 370 इसके उदाहरण हैं। हमारा भारत दुनिया की नजरों में कमजोर भारत नहीं रहा है। हम किसी को छेड़ेंगे नहीं लेकिन अगर कोई हमें छेड़ता है तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। उज्जवला योजना के तहत घर-घर सिलेंडर पहुंचा दिए हैं, साथ ही गांव में बिजली देने का काम किया है, आगे आने वाले समय में एक भी ऐसे परिवार नहीं बचेगा जिसके पास अपनी छत नहीं होगी। सबको पक्का घर मिलेगा। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा 2024 का चुनाव देश-दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र है, साथ ही कौतुहल और आश्चर्य का विषय भी। कौतुहल और आश्चर्य इस बात का विषय लेकर है कि विरोध उस हद तक जा चुका है कि भारत विरोधी तत्वों का ध्रुवीकरण हो रहा है। पूरी लड़ाई राष्ट्र सापेक्ष और राष्ट्र निरपेक्ष के बीच सिमटती हुई दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि साढ़े चार वर्ष तक वह आस्था में खलल नहीं डाल पाए।

## भारत की अर्थव्यवस्था बदली: एलजी



**अवधनामा संवाददाता**

**गाजीपुर।** कुश स्मारक बालिका विद्यालय दिलदारनगर के प्रांगण में सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य जन्मोत्सव पखवारा व मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विद्यालय के संस्थापक के मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया। विभिन्न विद्यालय के इंटर व हाईस्कूल के 42 मेधावी सहित ग्राम प्रधान व संभ्रांत लोगों को सम्मानित किया। अतिथि सहित उपस्थिति लोगों को संविधान के उद्देश्य की शपथ दिलाई गई।सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की शासन व्यवस्था का वर्तमान समय में प्रासंगिकता विषय गोष्ठी में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सम्राट चंद्रगुप्त का इतिहास गौरवशाली रहा है। युवा शक्ति भारत का निर्माण कर्ता है। चंद्रगुप्त की शासन व्यवस्था आज पूरी होते दिख रही है। दस वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था बदली है। 2027 में तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश कोई नहीं भारत होगा। भारत वर्ष विकसित भारत बनेगा आज यह संकल्प लेकर यहां से जाय। आतंकवादियों को उनके घर में घुस कर मारने का कार्य भारत देश ने किया है। लाल चौक पर आतंकवादियों की गोली चलती थी लेकिन आज तिरंगा लहराने वालो का तांता लगा रहता है।भारत के तरफ देखने का किसी देश का मादा नहीं है। चंद्रगुप्त मौर्य के संकल्पों को सफल बनायें।

## नबल किशोर पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डा. नबल किशोर शाक्य पर एक और मुकदमा दर्ज डॉ नवल किशोर पर यह मुकदमा भी आचार संहिता उलंघन के तहत ही दर्ज किया गया है, बीते एक दिन पूर्व सपा प्रत्याशी डा. नबल किशोर का शहर के गुरुगांव देवी मन्दिर से मऊदरवाजा, पक्कापुल, नेहरु रोड, घुमना होकर मुख्य मार्गों पर जुलूस निकाला गया जबकि नगर मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गए परमीशन आदेश में अधिकतम 20 से 25 लोगों के साथ घर-घर वोट मांगने की अनुमति थी।

## सूचना

मैं फजलुर्रहमान ( FAZLUR RAHMAN) पुत्र सफिकुर्रहमान मोहल्ला ब्राह्मणी टोला फतेहपुर पोस्ट फतेहपुर बाराबंकी का हूं मैने अपना नाम फजलुर्रहमान ( PHA-JALUR RAHMAN) से बदलकर फजलुर्रहमान ( FA-ZLUR RAHMAN ) रख लिया है अब भविष्य मे मुझे फजलुर्रहमान (FAZLUR RAHMAN ) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## सूचना

मैं जैनब खातून ( ZAINAB KHATOON ) पत्नी फजलुर्रहमान (FAZLUR RAHMAN) मोहल्ला ब्राह्मणी टोला फतेहपुर पोस्ट फतेहपुर बाराबंकी की हूं मैने अपना नाम जैनब खातून (JAINAB KHATOON ) से बदलकर जैनब खातून ( ZAINAB KHATOON ) रख लिया है अब भविष्य मे मुझे जैनब खातून (ZAINAB KHA-TOON ) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश MOHAMMAD NAFIS S/o MOHAMMAD HANEEF (मोहम्मद नफीस) पुत्र मोहम्मद हनीफ हो गया है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग सभी दस्तावेज़ो में NAFEES AHMAD S/o MO-HAMMAD HANEEF (नफीस अहमद) पुत्र मोहम्मद हनीफ है। भविष्य मे मुझे NAFEES AH-MAD S/o MOHAMMAD HANEEF (नफीस अहमद) पुत्र मोहम्मद हनीफ के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**निवासी- ग्राम चमोरौली, पोस्ट आलियाबाद, बाराबंकी उत्तर प्रदेश 225401**

## सात वर्षीय बच्चे ने अयोध्या से काशी तक की पैदल यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** दो वर्ष के लिए नगर से भारत भ्रमण को निकले एक युवक के 7 वर्षीय पुत्र ने अयोध्या से काशी तक की पैदल यात्रा कर पिता के पद चिन्हों पर चलने की हिम्मत दिखाई। काशी से लौटकर घर आने पर उस बच्चे का मोहल्ले वासियों परिवारी जनों ने उसके हिम्मत साहस और दृढ़ संकल्प को सलाम करते हुए उसका स्वागत किया। नगर के मोहल्ला मुरली मनोहर निवासी भानु महाजन इस समय पैदल भारत भ्रमण कर रहे हैं उन्हें भारत भ्रमण करते हुए अभी तक 640 दिन हो चुके हैं वह इस भ्रमण मे राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय आये थे।इसी भव्य प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उनके पारिवारिक लोग भी शामिल होने के लिये गये थे। परिवारी जनो के साथ भानु महाजन के सात वर्षीय पुत्र अभि महाजन भी गया था। अयोध्या पहुंचकर उसने भी अपनै पिता के साथ पैदल चलने की ज़िद की सभी ने उसे समझाया लेकिन बाल हट के आगे सभी को झुकना पड़ा। 7 वर्षीय बेटे ने भी अपने पिता के साथ अयोध्या से काशी की यात्रा पैदल शुरू कर दी। उसने इस यात्रा को पिता के साथ पूरी की। यात्रा पूरी होने पर बच्चे ने दो मई को घर वापसी की।



## मतदाता निर्भीक होकर मताधिकार करें : जिला निर्वाचन अधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु कृषि उत्पादन मंडी समिति से पार्टी रवानगी के दौरान विधानसभावार बने कार्मिक पंडाल का निरीक्षण कर मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुये कहा कि पीठासीन, मतदान अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक संपन्न कराएं, मतदान केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन आयोग ने समस्त अधिकार प्रदत्त किए हैं उक्त सीमा में पीठासीन अधिकारी का आदेश सर्वमान्य होगा, सभी मतदान कार्मिक निर्भीक होकर मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाकर निष्पक्ष रहकर

**● जिला प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था के किए हैं मुकम्मल इंतजाम**

शान्तिपूर्ण ढंग से मतादन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में अपना योगदान दें, मतदान प्रक्रिया को सुचारू एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में सबसे अहम भूमिका मतदान कार्मिकों को निभानी है, आप सब निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ कर अपने-अपने बूथ पर स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान कराना सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु जनपद की विधानसभा 107-मैनपुरी, 108-भोगांव, 109-किशनी एवं 110-करहल में स्थापित कुल 1646 मतदेय स्थलों पर निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु मतदान कार्मिक रवाना हो चुके हैं।

## पल्लवी खरवार को किया गया सम्मानित

**भलुअनी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** श्रीकृष्ण शिक्षण संस्थान इंटरमीडिएट कालेज भलुअनी में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रदेश में छठा एवं जिले में प्रथम स्थान लाने पर पल्लवी खरवार को स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। जिले में तीसरा स्थान लाने पर निवेदिता सिंह, छठा स्थान लाने पर पल्लवी वर्मा और दसवां स्थान लाने पर संजू यादव व साचिका आनंद को सायकिल और मेडल देकर सम्मान किया गया। विधायक दीपक कुमार मिश्र शाका ने कहा कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व जिले के टॉपर छात्रों को पुरस्कृत करने से अन्य मेधावी छात्रों के अंदर बेहतर करने की ललक पैदा होती है। शिक्षा के संसाधनों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रतिभावान छात्र जिस क्षेत्र में जायेंगे वह गौरव स्थापित करेंगे। विधायक ने कहा कि श्री कृष्ण शिक्षण संस्थान ने ऐसी शिक्षा की शुरुआत की है, जिससे ग्रामीण अंचल में गरीब परिवार के बच्चे भी डाक्टर और इंजीनियर बन सकेंगे विधायक ने कहा कि प्रदेश में एक नही दस छात्र अगर यूपी बोर्ड की परीक्षा में स्थान लाते है तो उन्हें स्कूटी दी जाएगी। समारोह की अध्यक्षता कर रहे डा. दिनेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती हैं। मन से जो मेहनत करता है वह सफल जरूर होता है। बच्चों को चाहिए कि इन मेधावी छात्रों से सीख लें और अपना भी नाम रोशन करें। ई कुवंर विजय सिंह ने कहा कि टापर छात्राओं से यहीं कहूंगा कि आप भी बेहतर करें। क्योंकि मंजिल उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती हैं। विधायक ने शिक्षा में योगदान देने वाले पूर्व प्रधानाचार्य गणेश प्रसाद मिश्र, गोविंद तिवारी, गोमती प्रसाद ओझा, रामनगीना यादव, अनिरुद्ध सिंह, रामस्वरूप गुप्त को सम्मान पत्र और.स्मृति चिन्ह देकर संमानित किया।



## प्रसूता की मौत पर पर परिजनों ने काटा हंगामा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उपचार के दौरान प्रसूता की मौत पर परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रसूता की मौत पर परिजनों ने डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा काटा। मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने मृतका के परिजनों के साथ मारपीट की घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची। पड़ोसी जनपद कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम उधरनपुर निवासी विश्राम की पत्नी संगीता के प्रसब पीड़ा हुई तो परिजनों ने उसे जेएस ग्रुप के मेडिकल कॉलेज नाला बघार पर उपचार के लिए संगीता को भर्ती कराया। उपचार के दौरान संगीता की मौत हो गई, प्रसूता की मौत पर परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा कर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अरोप लगाया है कि जेएस ग्रुप मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने उनके साथ मारपीट भी की है। मृतका के पति ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाना कादरीगेट में तहरीर दी है। डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। मौके पर पहुची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझा कर मामले को शांत कराया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-2**

*(For political party to publish in website, newspapers, TV)*

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

**Name of Political Party :** Bharatiya Janata Party

***Name of Election :** Loksabha General Election - 2024

**Name of State/UT :** Uttar Pradesh

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1 | 42-Kannauj | Subrat Pathak | CJM, Kannauj, Crime No.- 364/2023 & Pending | 147, 148, 332, 353, 504, 506, 427, 225 IPC & 7 CLA Act, Rioting with deadly weapon, criminial intimidation, hurting public servent, mischief etc. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Counsil by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# नव्य अयोध्या के नायकों को देख रामनगरी ने लगाई अगाध प्रेम की डुबकी

## अयोध्या के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में पीएम मोदी-सीएम योगी ने किया रोड शो

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में हजारों करोड़ की सौगात देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रोड शो किया था। इसके बाद 22 जनवरी को श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे। 5 मई 2024 को एक बार फिर नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के सारथी योगी आदित्यनाथ संग सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए रोड शो करने पहुंचे। अंतर बस इतना था कि तब अयोध्या को करोड़ों की सौगात मिली थी और इस बार मोदी-योगी ने अयोध्या से फिर रिकॉर्डतोड़ जीत की आस लगाई। तब पीएम मोदी का रोड शो लता चौक से



रेलवे स्टेशन तक गया था। इस बार रोड शो राम मंदिर की तरफ से लता चौक पहुंचा। दो किमी. के इस रोड में लगभग एक घंटे से अधिक का समय लग गया। नव्य अयोध्या के नायकों को देख रामनगरी ने उनके स्वागत में अगाध प्रेम की डुबकी लगाई।

**सुग्रीव चौक से लता चौक तक निकला रोड शो**

रथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अयोध्या सांसद-प्रत्याशी लल्लू सिंह सवार रहे। रोड शो सुग्रीव चौक से लता चौक (लगभग दो किमी.) तक निकला। सुग्रीव किला से प्रारंभ रोड शो राम मंदिर के मुख्य द्वार, रामपथ होते हुए लता चौक पहुंचा। दो किमी. की दूरी तय करने में लगभग एक घंटे से अधिक समय लग गया। इस दौरान पूरी अयोध्या जगमगाती रही। रोड शो में शामिल आंखें मानो बोल रही थीं कि अयोध्या में सिर्फ भगवान, भगवा और भाजपा रहेगी। इन लोगों ने विश्वास दिलाया कि जो राम को लाए हैं, हम उनको ही लाएंगे। पूरे रास्ते लोग मोदी-योगी के समर्थन में नारे लगा रहे थे तो यह दोनों नेता हाथ जोड़ अभिवादन भी कर रहे थे और कमल का फूल दिखाकर वोट की अपील भी। लता चौक पहुंचने के बाद मोदी-योगी ने कुछ दूर पैदल चल कर भी आमजन की हौसलाअफजाई की।

**रामनगरी के दिलोदिमाग पर फिर छाई मोदी-योगी की जोड़ी**

महज छह महीने के भीतर नरेंद्र मोदी तीसरी बार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनगिनत बार रामनगरी पहुंचे। बारम्बार योगी आदित्यनाथ हनुमानगढ़ी और रामलला सरकार के चरणों में श्रद्धा निवेदित करते हैं। 500 वर्ष बाद भारत को यह सौभाग्य मिला कि राघव अपनी अयोध्या में विराजमान हुए। अवध में होली खेली तो आंगन में जन्मोत्सव भी मनाया। पूरा देश यह अवसर उपलब्ध कराने का सारथी मोदी-योगी को मानता है। आज जब फिर अयोध्यावासियों ने इनका दीदार किया तो दिल से कह उठे, मोदी-योगी जी को जयश्रीराम। रविवार को जब मोदी-योगी की जोड़ी दिखी तो फिर रामनगरी के दिलोदिमाग पर छा गई। रोड शो के रास्ते में कहीं शंख की पुरजोर ध्वनि गूंज रही थी तो कहीं महिलाएं मोदी की आरती उतार रही थीं। कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से अवध की संस्कृति की झलक भी दिखाई।

**सरयू सरिता करे पुकार, मोदी जी बारम्बार**

रोड शो में रथ के आगे-आगे भगवा व भाजपा के रंग में रंगी महिलाएं चल रही थीं। वहीं सड़क के दोनों तरफ हुजूम उमड़ा था। यह हुजूम सिर्फ अयोध्या या आसपास के क्षेत्रों का नहीं था, बल्कि यहां दर्शन करने आए दूसरे राज्यों व जनपदों के लोग भी मोदी-योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। रास्ते में लिखे शब्द सरयू सरिता करे पुकार, मोदी जी बारम्बार अयोध्यावासियों के प्रेम को दर्शा रहे थे। भीड़ इतनी जबर्दस्त थी कि तिल तक रखने की जगह नहीं थी। वहीं बच्चे-बुजुर्ग से लेकर महिला-युवा तक दोनों जननेताओं की छवि मोबाइल में कैद करने को बेताब दिखे।

**अयोध्या ने बता दिया कमल पर आई हैं विकास की लक्ष्मी**

अयोध्या एक मात्र ऐसा जनपद है, जहां लगभग 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक के काम एक साथ चल रहे हैं। यहां विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बना तो महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात भी मिली यानी कमल पर बैठकर विकास रूपी लक्ष्मी यहां पहले ही आ चुकी हैं। यह तेजी से पूरे अयोध्या में फैल रही हैं। रोड शो के दौरान जगमगाती इमारतें, आसपास के क्षेत्र भी इस बात की गवाही दे रहे थे।

# नाम वापसी के चुनाव चिन्ह का आवंटन




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने प्रेक्षक आरआर दामोर की उपस्थिति में नामांकन कक्ष में नाम वापसी के समयोपरांत प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने सभी संबन्धित को चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक आदर्श आचार संहिता के अनुपालन का निर्देश दिया। प्रेक्षक आरआर दामोर ने प्रत्याशियों प्रतिनिधियों को चुनाव सम्बन्धी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग निर्वाचन आयोग के निर्देशो का पालन करें।

## बाइकों में आमने सामने टक्कर, तीन घायल

**कुर्सी बाराबंकी।** घुघटेर कोतवाली क्षेत्र के गढ़िया जमुआ मार्ग पर सोमवार को दोपहर के समय दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार गढ़िया गांव निवासी मोहित पांडे उर्फ भोलू, लखनऊ जनपद के भवानीपुर निवासी राम सिंह, रिंकू रावत गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर भेजा। डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## मोदी सरकार में देश की सांस्कृतिक विरासत को मिला सम्मान : लल्लू सिंह

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने बीकापुर विधान सभा के रानी बाजार मंडल के एक दर्जन गांवों में चौपाल लगाई। उन्होनें फिरोजपुर उपरहार, फतेहपुर सरैया, सिंहपुर, घाटमपुर, भीखनपुर, हूसेपुर, गोपालपुर, बिछिया, सरियावां, मोइद्दीनपुर, रानीबाजार, कोटसराय में चौपाल के माध्यम से जनता से संवाद किया। चौपाल में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा सांसद लल्लू सिंह का स्वागत किया।चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार के दो कार्यकाल में हर गांव को सड़कें मिली। गरीबों को बिजली कनेक्शन मिला। बिचौलियों का राज समाप्त हुआ। सरकार की कार्यवाही से भ्रष्टाचारियों के मन में भय है। पिछले दस सालों में भारत ने महान लोकतांत्रिक परम्पराओं के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया है। नरेन्द्र मोदी ऐसे पीएम हैं जो सर्वाधिक बार अयोध्या आएं। यह उनके अयोध्या के प्रति उनकी आस्था को प्रर्दशित करता है।

## गैंगेस्टर के मुकदमे का वांछित 25 हजार ईनामिया गिरफ्तार

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धारा 3(1) यूपी गैगेंस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 25 हजार रूपया का ईनामिया एवं शातिर अपराधी नबाव पुत्र याकूब निवासी ग्राम सम्भलहेड़ा थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर को थाना क्षेत्र स्थित रामगंज स्कूल के पास हाईवे के पास से गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव प्रशिक्षु उप निरीक्षक अमित कुमार तथा कांस्टेबल राजकुमार यादव एवं रविशंकर शामिल रहे।

# जनपद के विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।इस क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अन्तर्गत जनपद के विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता अभियान के अंतर्गत सुभाष इंटर कॉलेज सरैया के प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों और को शपथ ग्रहण कराई गई तथा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

इसी क्रम में विमला देवी वर्मा श्यामलाल राज आर्य कन्या इंटर कॉलेज



कंधारी बाजार अयोध्या के विद्यालय में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्वेशा और अंतिमा, द्वितीय अनन्या व तृतीय स्थान मधु ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम प्रज्ञा शर्मा द्वितीय शीतल तृतीय स्थान श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। विमला देवी बालिका इंटर कॉलेज, तेंदुआ माफी, बीकापुर अयोध्या में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बीकापुर अयोध्या में मतदाता जागरूकता (स्वीप) के अंतर्गत पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। हिंदू इंटर कॉलेज रुदौली में छात्र-छात्राओं द्वारा संकल्प पत्र के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल रुदौली में मतदाता जागरूकता पर स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महन्त लालदास इण्टर कॉलेज, देवगाँव, अयोध्या में स्वीप के अन्तर्गत आयोजित स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। श्री राम बल्लभा भगवत विद्यापीठ इंटर कॉलेज देवरी अयोध्या व जनता इंटर कालेज हरदोइया अयोध्या, राम चरण इण्टर कालेज घटौली अयोध्या, द्वापर विद्यापीठ इंटर कालेज मया अयोध्या में स्वीप के अन्तर्गत स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी नितीश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सहित जिला प्रशासन ने जनपद अयोध्या के मतदाताओं से आवाहन किया है कि 54-फैजाबाद लोकसभा हेतु आगामी 20 मई 2024 व 55-अम्बेडकरनगर लोकसभा हेतु 25 मई 2024 को आयोजित होने वाले चुनाव के पर्व को शांतिपूर्ण व अधिक से अधिक मतदान कर भव्य बनायें तथा देश का गौरव बढ़ायें।

# बाइक रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मतदाता जागरूकता के 05वें नवाचार के अन्तर्गत तहसील परिसर हैदरगढ़ से 800 बाइक रैली को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह, डीसी एनआरएलएम वीके मोहन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार




देव पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ हर्षित चौहान द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में शामिल बाइक सवार अध्यापक, अध्यापिकायें, ग्राम्य विकास कार्मिक व लेखपाल हाथों में 20 मई को आना है, वोट डाल कर जाना है स्लोगन लिखी तख्तियां लिये हुए नारे लगाए गए और बाइक व स्कूटी पर भी यह स्लोगन लिखी पम्पलेट भी चस्पा किए गए। बाइक रैली तहसील परिसर से होकर हैदरगढ़ मुख्य चौराहे से लिल्हौरा वार्ड होते हुए ग्राम सतरही, घरकुंड्या, ग्राम दत्तौली चन्दा चौराहे से दाहिने तरफ दतौलीचन्दा बाबा टीकाराम धाम सम्पर्क मार्ग पर ग्राम रानीपुर, सीटूमऊ, बाबा टीकाराम धाम बेहटा होते हुए ताला रुकुनुद्दीनपुर, मोहम्मदपुर, जोंधी से ग्राम कमेला तिराहा से सुबेहा मार्ग पर ग्राम सराय चन्देल मजरे खानपुर मार्ग पर चलते हुए रैली मतदेय स्थलों गांवों कस्बों एवं तिराहों पर रूक रही थी जहां पर वाहन से उतरकर मतदाताओं को आगामी 20 मई को मतदेय स्थल पर आकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जगह जगह पर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे रैली का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मोहम्मदपुर ग्राम के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा रैली पर फूलों की वर्षा की गयी। रैली निर्धारित मार्ग से होते हुए 20 किमी दूरी तय करते हुए कस्बा नगर पंचायत सुबेहा के अधिशासी अधिकारी सुबेहा के कार्यालय परिसर के पास वाहन पार्किंग कर सभा में परिवर्तित हो गयी। जहां पर नगर पंचायत सुबेहा के सम्मानित मतदाता पहले से उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता सभा को सम्बोधित करते हुए राहुल शुक्ल ने बताया कि हम लोगों ने 25 जनवरी से अब तक 05 नवाचारों के द्वारा प्रत्येक मतदेय स्थल एवं प्रत्येक परिवार के 286252 मतदाताओं को जागरूक किया है।

# मोदी सरकार लोकसभा में अपना रिपोर्ट देने से डर रही है: पूर्व मंत्री गोप

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लोकसभा का यह चुनाव देश के संविधान आम आदमी के हक अधिकार वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव हैं, मौजूदा सरकार ने महंगाई बेरोजगारी बढ़ाकर देशवासियों को खून के आंसू रुलाने वाली इस भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है इस बार जनता ने मन बना लिया है कि इनको इनके किए की सजा देकर दिल्ली की सत्ता से विदा कर देना है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा रामनगर के ग्राम कैरातीनपुवा,औरेला, चौखंडी, भैसुरिया, बनोक, दरवेशपुर आदि ग्राम सभाओं में आयोजित ग्राम चौपाल संवाद मे उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। गोप ने आगे कहा कि मोदी सरकार पिछले 10 वर्ष से दिल्ली की सत्ता पर राज करने के



बाद भी अपना रिपोर्ट कार्ड लोकसभा चुनाव में देने से डर रही है क्योंकि इनके पास बताने के लिए कुछ है। दो दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार होने के बावजूद भी इन लोगों ने किसानों नौजवानों छात्र-छात्राओं महिलाओं को मजबूत करने के लिए कोई काम नहीं किया,अगर इन्होंने कुछ किया है तो विपक्ष को समाप्त करने देश की संपत्ति को निजी हाथों में सौंपने नौजवानों को बेरोजगार करने का ही काम किया है इसलिए आप सबसे मेरा निवेदन अनुरोध है की इस चुनाव मे मतदान करने से पहले आप अपने और अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान रखते हुए ही कोई निर्णय करें अगर यह सरकार फिर से सत्ता में आई तृ हम लोगों के पास जो है वह भी नहीं बचेगा इसलिए आप सब इस बार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से जीता कर संसद में भेजने के साथ-साथ अपने भविष्य देश की एकता भाईचारे को मजबूत करने के लिए अपना मत इंडिया गठबंधन को देकर देश संविधान को मजबूत करने का काम करें जब संविधान और देश मजबूत होगा तभी हम सब की समस्याएं समाप्त होगी अगर इस बार निर्णय लेने में हम सबसे गलती से भी गलती हो गई तो इससे अधिक परेशानियों का सामना करना होगा।

## फोटो6- बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव

**अयोध्या।** लोकसभा के 24 मंडलों में भारतीय जनता पार्टी ने वृहद जनसम्पर्क अभियान चलाने की योजना बनाई है। हर पदाधिकारी 5 दिन 5 बूथ अभियान चलाया जाएगा। जिसमें हर पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता को 5 दिन के लिए 5 बूथ की जिम्मेदारी दी जाएगी। हर बूथ पर वह एक दिन उपस्थित रह कर वह बूथ समिति, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुखों, बूथ पर निवास करने वाले वरिष्ठ नेताओं के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं तथा विकास की चर्चा करेगा। अभियान की जिम्मेदारियां तय करने के लिए सभी मंडलों में मंगलवार तथा बुधवार को बैठक आयोजित की गई हैं।मंगलवार को महानगर के पूरा बाजार मंडल में बैठक आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ लोगों को 5 दिन-5 बूथ सम्पर्क अभियान की जिम्मेदारी दे दी गई है।

# नामांकन कक्ष में पांच से अधिक लोगों का नही होगा प्रवेश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर उन्हे सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों को अवगत कराया कि निर्वाचन की अधिसूचना आगामी 7 मई को जारी होगी। नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 14 मई, जबकि नाम निर्देशन की जांच 15 मई को किया जाएगा और नाम वापसी 17 मई तक किया जा सकता है। मतदान 1 जून और मतगणना 04 जून को संपन्न होगी। निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्ण होने की तिथि 6 जून है। जिलाधिकारी ने बताया कि लोक अवकाश के दिन नामांकन नही होगा। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक किया जा सकेगा। नामांकन संबंधी सभी प्रक्रियाएं जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में संपन्न होंगी। नामांकन कक्ष में एक समय में एक साथ प्रत्याशी सहित अधिकतम 05 लोग प्रवेश कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने नामांकन की पूरी प्रक्रिया और आवश्यक निर्देशों से राजनीतिक दलों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग से आगे सिर्फ तीन वाहनों को प्रवेश मिलेगा। जबकि साहूजी महराज गोल चक्कर पर वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# दिन के उजाले में धारदार हथियार से वार कर घर को लूट लिए बदमाश

**महराजगंज।** स्थानीय सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के अंतर्गत नगर के शास्त्रीय मोहल्ले में सोमवार सुबह 8 बजे के करीब बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर घर को लूट लिया। जिसमें कई लाखों का जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गए। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं इस घटना को सुनकर नगर के लोग दहशत में आ गए। घटना क्रम के अनुसार नगर के शास्त्री नगर वार्ड नंबर 19 नगर पालिका परिषद महराजगंज में राजेश मिश्रा के घर में सुबह 8 बजे दिनदहाड़े दो बदमाश गमछे से मुह बांधकर घर मे घुस गए व धारदार हथियार की नोक पर घर में रह रही अकेली महिला के जेवरात छीन लिए। साथ ही घर के अलमारी , बक्शा समेत घर की तिजोरियों को भी बदमाशो ने खंगाला। वही महिला



संगीता मिश्रा पत्नी राजेश मिश्रा के बीच बचाव करने पर बदमाशो ने उक्त महिला को धारदार हथियार से घायल कर दिया जिससे महिला के हाथ मे गंभीर चोटें आई। इसके बाद बदमाशो ने घायल महिला को बाथरूम में बन्द कर फरार हो गए। घर व बाथरूम की दीवारों पर कई जगह खून के छींटे थे तथा उक्त पीड़ित की साड़ी भी खून से सनी हुई थी। जानकारी होने पर एसपी सोमेंद्र मीणा ने भी घटनास्थल का जायजा लिया व घायल संगीता मिश्रा से बदमाशों के बारे में जानकारी ली व जल्द ही घटना का सफल अनावरण करने का आश्वासन दिया। वही दिन दहाड़े धारदार हथियार की नोक पर हुए लूट की घटना से पूरे नगर पालिका परिषद में डर का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कहा कि घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन कर दिया गया है जल्दी ही आरोपी पुलिस के कब्जे में होंगे।

# निर्धारित मानकों के अनुसार की जाय व्यवस्था : जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोक सभा चुनाव को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी



अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने निरीक्षण किया। उन्होने नामांकन कक्ष, नामांकन हेतु निर्धारित मार्ग, बैरिकेडिंग आदि को देखा। जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों के साथ आने वाले वाहनों और लोगों की संख्या के बारे में आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने सीसीटीवी और नामांकन प्रक्रिया के वीडियोग्राफी के संदर्भ में भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन के दौरान निर्धारित मानकों के अनुसार सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। प्रत्याशियों के साथ आने वाले न्यूनतम 100 मीटर पहले ही रोकने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक को पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान अनावश्यक वाहनों को प्रवेश न दें। दोनो अधिकारियों ने सिंचाई डाक बंगला और पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन का भी अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखकर आवश्यक निर्देश दिया।

# बूथ और पन्ना प्रमुख चुनाव के स्तंभः धर्मपाल सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सोमवार को बाराबंकी पहुँचे।अयोध्या हाईवे स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिले की चुनाव सन्चालन समिति एवं सभी विधानसभाओं की कोर कमेटी के साथ बैठक करके चुनावी माहौल की हकीकत परखी।

उन्होंने चुनाव जीतने का माइक्रो मैनेजमेंट समझाया। उन्होंने कहा कि पुराने परम्परागत तरीकों से चुनाव नहीं लड़ना है। चुनाव प्रचार को हाईटेक करने के तौर तरीके समझाए। सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग की चुनाव प्रचार में सर्वाधिक भूमिका को बिंदुवार समझाया। बूथ चलो बूथ जीतो अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी का पत्र व वोटर्स पर्ची घर घर पहुँचाने के निर्देश दिए। जनता और मतदाताओं से सम्पर्क बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने बूथ और पन्ना प्रमुखों को चुनाव का स्तम्भ बताया।जिले की सभी विधानसभाओं के प्रभारियों, संयोजकों एवं विस्तारकों से फीडबैक लिया। जरूरी हिदायते दी। कुशल दायित्व निर्वहन करने वाले कार्यकर्ताओं की पीठ भी थपथपाई। बताया कि माहौल पक्ष में है, मगर अति आत्मविश्वास से परहेज बरतने को कहा। मैराथन बैठक में उन्होंने पिछले चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथों पर 370 अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के टिप्स भी दिए। संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी। गाँवो में प्रत्येक वर्ग की चौपाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाया। समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना और समाधान भी किया।चुनाव से जुड़ी अन्य तैयारियों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, सांसद उपेंद्र रावत, लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा, संदीप




गुप्ता, शील रत्न मिहिर, गुरुशरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, आशुतोष अवस्थी, शुशील जायसवाल, रचना श्रीवास्तव, रामेश्वरी त्रिवेदी, अंजू चंद्रा राजेश वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, करुणेश वर्मा सहित संचालन समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक वांछित गिरफ्तार, 13 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 13 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 52 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्त रामआशीष पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा निवासी ग्राम राजेपर थाना महराजगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 52 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामसनेहीघाट पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

# महराजगंज में कई सपा नेताओं ने थामा बीजेपी का दामन

**महराजगंज।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एवम जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने माला पहना कर और भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। बताते चले कि समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यादव युथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव ऋषभ कुमार ओझा के नेतृत्व में सैकड़ो समाजवादियो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। सभी को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भाजपा का पटका पहनाया और जिलाध्यक्ष संजय पांडे ने माला पहना कर स्वागत किया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता कांग्रेस, सपा और बसपा



से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा को मजबूत करें।उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विकास का पर्याय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में गाँव गरीब किसान का उत्थान हो रहा वही संस्कृति और विरासत का सम्मान भी हो रहा है।

## मनाया गया वर्षीकोत्स्व

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टाण्डा में टाऊनशिप के बच्चों की कल्याणकारी संस्था बालभवन ने विविध कार्यक्रमों के साथ अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना के कार्यकारी निदेशक ए.के.चट्टोपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की सदस्यायें, परिवारजन तथा बच्चों के अभिभावकगण भी उपस्थित थे।इस अवसर पर बालभवन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें बालभवन के बच्चों ने श्री गणेश वन्दना के साथ-साथ सांस्कृतिक नृत्य का आयोजन हुआ। वहीं 'जल संरक्षण' एवं गंगा अवतरण थीम पर ड्रामा व नृत्य नाटिका की प्रस्तुती दी, जिसका सभी लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम के दौरान गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय ने बालभवन के क्रिया कलापों की भरपूर सराहना की तथा बालभवन द्वारा इस प्रकार के सृजनात्मक कार्यों से बच्चों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## बीरबहादुर बने विकलांग प्रकोष्ठ का ज़िलाध्यक्ष

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष प्रसाद श्रीवास्तव ने जनपद के कन्नूपुर पेठिया जलालपुर निवासी वीर बहादुर को विकलांग प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया जिला कांग्रेस कार्यालय पर वीर बहादुर का विकलांग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने स्वागत समारोह आयोजित कर बधाई दी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वीर बहादुर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व में जो उन्हें जिम्मेदारी दी है उसका वह पूरी निष्ठा से पार्टी हित में संगठन की मजबूती पर जोर देंगे पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा को अंबेडकर नगर लोकसभा विकलांग प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया स्वागत समारोह में विकलांग प्रकोष्ठ के श्री प्रकाश, राजकुमार बिंद्रेश वर्मा, सीमा, शिवकुमार गौड़, पीसीसी सदस्य गुलाम रसूल छोटू नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति सुनील गौड़ हाजी मोहम्मद सलीम विशाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या चला श्रद्धालुओं का जत्था

अवधनामा संवाददाता



- दो बसों में वार्ड संख्या 2, 12, 13 तेली मोहल्लों से श्रद्धालुगण अयोध्या धाम रवाना हुए
- तेरस के शुभ अवसर पर पूर्व सभासद तिलकराम बाबा के नेतृत्व में भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या श्रीराम लाला के दर्शन को रवाना

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद रोजाना भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को रामनगरी पहुंच रहे हैं। राम दर्शन को अयोध्याधाम के लिए सभी जिलों से स्पेशल ट्रेनें व बसें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में डुमरियागंज नगर के वार्ड संख्या 2, 12, 13 तेली मोहल्ले से दो बसें में श्रद्धालु श्रीराम के दर्शन को अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।

सोमवार को तेरस के शुभ अवसर पर पूर्व सभासद तिलकराम बाबा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम रवाना हुआ, दो बसों को खीरा मंडी से पूर्व सभासद तिलकराम बाबा ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं में काफी हर्षोल्लास का माहौल नजर आया, सभी जमकर जय श्री राम के नारे लगाते दिखे। पूर्व सभासद तिलकराम बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृष्ण पक्ष के तेरस(त्रयोदशी) के शुभ अवसर पर डुमरियगंज नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 2, 12, 13 तेली मोहल्ले से दो बसों में नगर क्षेत्र से करीब 250 दर्शनार्थियों को भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए अयोध्या धाम भेजा जा रहा है। दर्शनार्थियों से भरी दो बसों को डुमरियागंज खीरा मंडी से अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि तेरस स्नान पर्व का दिन है, मान्यता है कि जो लोग गंगा में स्नान करने नहीं जा पाते वह किसी भी पवित्र नदी में स्नान कर दान करते हैं, सरयू सभी तीर्थ स्थलों की संग्रह है। सभी तीर्थ सरयु में समाहित हैं, ऐसे में श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में दो बसों से राम की नगरी पहुंचकर मां सरयू में स्नान कर नागेश्वर नाथ मंदिर, श्री राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल एवं अयोध्या के प्रमुख मंदिरों में जाकर दर्शन पूजन करेंगे और फिर बसों में सवार होकर अपने अपने गंतव्य के लिए रवाना होंगे। इस दौरान हरिराम साहू, बेचू साहू, वंश बहादुर, जगन्नाथ, संतोष निषाद, फागू माली, पप्पू साहू आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी पार्टी के प्रत्याशी अमर सिंह चौधरी ने किया नामांकन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत छठवें चरण में सोमवार को भीम आर्मी पार्टी अमर सिंह चौधरी ने सादगी के साथ कार्यकर्ता सहित प्रस्तावकों व समर्थकों के साथ नामांकन किया। नामांकन के पश्चात कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि आने वाला दिन भीम आर्मी पार्टी का है। देश में दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के अधिकार के अधिकारों का हनन हो रहा है। लेकिन ये याद रखिएगा बाबा साहेब के अनुयायी जाग चुके हैं। भीम आर्मी पार्टी के प्रत्याशी चौधरी अमर सिंह ने कहा पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने जो जोश और उत्साह दिखाया वो इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है द्य और हमारी जीत होने के बाद शिक्षा, स्वस्थ,पर विशेष बल दिया जाएगा डुमरियागंज लोकसभा की जनता किसी के बहकावे में ना आये और साथ चलकर भीम आर्मी पार्टी को मजबूत करें। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भारती, रामधारी यादव , राजू , सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।

## जल शक्ति मंत्री ने बूथ अध्यक्षों मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता में भरा जोश

अवधनामा संवाददाता



- बूथ जीतने के लिए सभी को मेहनत करने की आवश्यकता है

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के सिसवा चौराहे पर स्थित संगम मैरेज हॉल में भाजपा के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में सोमवार को किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बूथ अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, कार्यकर्ता में जोश भरते हुए कहा कि केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जाता है तो मतदान करते समय भी बिना जाति-धर्म देखे भाजपा के पक्ष मतदान करना है। बूथ जीतने के लिए सभी को मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धारा 370 का हटना, राम मन्दिर का बनना आदि देश हित के कार्य बूथ अध्यक्षों के ही बदौलत संभव हुआ है। चुनावी समुद्र में पार पाने में बूथ अध्यक्ष की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि बूथ अध्यक्ष की बदौलत ही दो बार केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि अगर हम बूथ जीतेंगे तो हम देश जीतेंगे शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक मत प्राप्त होगा। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद जगदंबिका पाल, विधायक विनय वर्मा,जिला प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी रामकुमार कुंवर, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, लालजी त्रिपाठी, साधना चौधरी, रवि अग्रवाल, गंगा मिश्र, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, शिवशक्ति शर्मा, अजीत सिंह, अजय वरुण आदि लोग मौजूद रहे।

## इनफेंट इंडिया स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



अवधनामा संवाददाता

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** जनपद के नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा सरदार नगर में स्थित इनफैन्ट इंडिया इंटरनेशनल स्कूल मे आई सी एस ई और आई एस सी के परिणाम मे 100 प्रतिशत रहा। पिछले चार वर्षो से स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत है। प्रधानाचार्य अब्दुल कलाम खान ने बच्चों और कालेज स्टाफ को बधाई दी। इस अवसर पर पूरे स्कूल के छात्र छात्राओं को मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार करते हुए हर्षोउल्लास के साथ मनाया। परीक्षा मे 20 विद्यार्थी ने गणित में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। आई सी एस ई मे प्रथम स्थान अनन्या वर्मा (93.8 प्रतिशत), द्वितीय स्थान आदर्श उपाध्याय (90.6 प्रतिशत), तृतीय स्थान श्रेया सिंह (88 प्रतिशत) तथा आई एस सी में प्रथम स्थान सिंह शशांक शेखर (94 प्रतिशत), दूसरा स्थान अंशयादव (89.75 प्रतिशत), तीसरा स्थान आरो कुमार (87 प्रतिशत) ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अब्दुल कलाम खान ने कहा कि देश की सबसे प्रतिष्ठित बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदान करने वाले छात्रों ने विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है हम लोगों का प्रयास है कि छात्र प्रदेश एवं देश की मेरिट लिस्ट में भी स्थान प्राप्त करें।

## सीएचसी बसंतपुर का किया एनक्युएएस ऐसेसमेंट



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुपाराजा ब्लॉक बांसी अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर का एनक्युएएस ऐसेसमेंट किया गया। इस दौरान सीएचसीअधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र चौधरी के अनुसार राष्ट्रीय टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुपाराजा का निरीक्षण डॉ प्रदीप कुमार चौधरी और डॉ संजीव कुमार ने किया जिसमें टीम के सदस्यों ने वहाँ तैनात सीएचओ साधना और एएनएम दीपिका चौधरी का महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे परिवार नियोजन, मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, नवजात शिशु स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग एवं जैविक वेस्ट प्रबंधन पर साक्षात्कार कियाद्य इस दौरान मान बहादुर डी सी पी एम, डी पी एम राजेश शर्मा, बीपी एम ओम प्रकाश द्विवेदी, डॉ राजीव कुमार रंजन चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम प्रदीप जाटव, अनूप यादव, सीएचओ दर्शिका शुक्ला, अनुराधा, अभिलाषा और समस्त आशा और संगिनी उपस्थित रहीं।

## 25 मई को करें मतदान

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 61-बस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मतदान आगामी 25 मई को निर्धारित है। मतदान ड्यिूटी में लगे मतदान कार्मिक को पोस्टल बैलेट/ई.डी.सी. से मतदान की सुविधा प्रदान की जानी है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया कि मतदान ड्यिूटी पर तैनात इस जनपद के मतदान कार्मिक एवं अन्य जनपदों के मतदान कार्मिक जो इस जनपद में मतदाता है, को शिवहर्ष किसान डिग्री कालेज बस्ती में स्थापित मतदाता सुविधा केन्द्र में मतदान कार्मिको के द्वितीय प्रशिक्षण दिनॉक 14 मई से 20 मई तक प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक पोस्टल बैलेट/ई.डी.सी. से मतदान की सुविधा प्रदान की जायेंगी।

## संवैधानिक संस्थाओं, मीडिया को काबू कर देश में तांडव कर रही भाजपा : रामप्रसाद चौधरी

अवधनामा संवाददाता



- भारत को शक्तिशाली, आत्मनिर्भर बनाने के लिये इण्डिया गठबंधन को जितायें : रामप्रसाद चौधरी

**बस्ती।** देश की संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया को काबू कर भाजपा ने तांडव मचा रखा है। जनता द्वारा चुने गये सांसद विधायक बेवजह, बगैर सबूत जेल भेजे जा रहे हैं। जनता भाजपा की पूरी हकीकत जान जाये तो 40 पार नही होगा 400 पार तो मजाक लगता है। यह बातें इण्डिया अलायंस के लोकसभा प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी ने कही। वे सल्टौवा ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन व जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा जनता को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और 25 मई को एक ऐसा प्रत्याशी चुनकर देश की सबसे बड़ी संसद में भेजना होगा जो जवाबदेह हो और जनसमस्याओं को लेकर संवेदनशील हो। उन्होने कहा भाजपा किसानों, नौजवानो, महिलाओं, व्यापारियों, कर्मचारियों किसी की हितैषी नही है। अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार सब चरम पर है। 4 जून को इण्डिया गठबंधन को बहुमत मिला तो देश की जनता को फर्जी राष्ट्रवाद से छुटकारा मिलेगा और सरकार का हर कदम भारत को शक्तिशाजी और आत्मनिर्भर बनाने को उठेगा। रूधौली विधायक राजेन्द्र चौधरी ने कहा झूठ बोलकर मिली कामयाबी ज्यादा देर तक नही टिकती। जनता 10 साल से बहुत बर्दाश्त कर रही है। इस बार पूरे देश में नफरत की दुकान बंद होगी और लोगों को गर्व के साथ सामान्य जीवन जीने का हक मिलेगा। बस्ती सदर के विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा भाजपा जिन वसूलों को लेकर सत्ता में आई थी एक एक कर सभी नेस्तनाबूत हो चुके हैं। अब पार्टी सत्ता में बने रहने के लिये नीचता की हद तक जाने को तैयार है। खुशी इस बात की है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने भाजपा के सारे धागे खोल दिये हैं अब जनता समझ चुकी है भाजपा ने कितने झूठ बोले हैं और कितने अपराधियों और दुराचारियों को पार्टी में बुलाकर महिमामण्डित किया है।

## 33 हज यात्रियों को लगाया गया टीका, दिया प्रशिक्षण

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित मदरसा करामतिया में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी की मौजूदगी में 33 हज यात्रियों को टीका लगा। उन्हें यात्रा के बाबत जागरुक किया गया।हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को प्रशिक्षित कर उनका टीकाकरण किया जा रहा है।इसी क्रम में नगर स्थित मदरसा करामतिया में 33 हज यात्रियों को टीका लगाया गया। इसमें 19 पुरूष और 14 महिलाएं शामिल रहीं।टीका लगाने के साथ ही पोलियो की खुराक भी दी गई। 60 वर्ष से अधिक आयु वाले हज यात्रियों को इंफ्लुएंजा का टीका लगाया गया। प्रशिक्षण के दौरान हज कमेटी के मौलाना मोहम्मद रजी ने बताया कि हज यात्रा के दौरान पूरी सजगता बरतनी होगी।नियम कानून का अच्छे ढ़ंग से पालन करना होगा। यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल सम्बंधित को इसकी जानकारी दें। स्वयं कोई निर्णय न लें। उक्त अवसर पर अजय कुमार गौतम, गुलाब गौतम फर्मासिस्ट, बी एच डब्ल्यू मनीष कुमार, अज़हर एजाज, शरीफ अहमद वार्ड ब्वाय, मोहम्मद आसिफ आपरेटर, डा शशिबाला, स्टाफ नर्स आराधना गुप्ता, तमन्ना आज़मी,ए एन एम प्रियंका देवी, महिमा के अलावा मोहम्मद अबू तलहा, रूखसार अहमद, मास्टर इसरार अहमद, मोहम्मद सादात,कफील अहमद, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद अख्तर, मौलाना मोहम्मद नूर, मौलाना सलाहुद्दीन, मास्टर इसरार, मुफ्ती मोहम्मद शमीम, प्रबंधक मौलाना सिराजुद्दीन एवं मौलाना नजीबुल्लाह आदि मौजूद रहे।



## प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली मैदान का प्रेक्षक (सामान्य) नीमा अरोडा, प्रेक्षक (पुलिस) एस0 मल्लिखा, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने अवगत कराया गया कि पोलिंग पार्टियों के रवानगी हेतु धूप से बचने हेतु विधान सभावार टेन्ट लगाया जा रहा है पूरे परिसर पर सी.सी.टी.वी. की निगरानी में रखा जायेगा। गाड़ियों की पार्किंग हेतु स्थान निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात मतदान सम्पन्न होने के पश्चात ई0वी0एम0 रखने हेतु स्ट्रांग रूम, मतगणना हेतु अन्य सभी तैयारियों के दृष्टिगत प्रेक्षक (सामान्य) नीमा अरोडा, प्रेक्षक (पुलिस) एस0 मल्लिखा, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा मण्डी समिति, सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने मण्डी की खराब रोड के निर्माण हेतु अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग एवं सचिव मण्डी समिति को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बैरीकेटिंग एवं जाली लगाने हेतु निर्देश दिया गया तथा पूरे परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने हेतु निर्देश दिया। इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, अपर उपजिलाधिकारी प्रियंका चौधरी, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि, तथा अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नपं ईओ ने नवनियुक्त ब्रांड एंबेसडर को अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया स्वागत





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय के निर्देश पर नगर पंचायत डुमरियागंज में गौरी शंकर त्रिपाठी, प्रधानाचार्य को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। समाजसेवा व स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर पंचायत डुमरियागंज का स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। शनिवार को अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा नव नियुक्त ब्रांड एंबेसडर को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

गौरी शंकर त्रिपाठी, नव नियुक्त स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ने नगर पंचायत डुमरियागंज क्षेत्र वासियों से कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शहर को और अधिक स्वच्छ रखना है। सभी लोग कूड़ेदान का प्रयोग करें। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं। इससे शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में ऑल इंडिया रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचाना हम सब का कर्तव्य है। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा सभी सफाई नायक, सफाई कर्मचारियों और ड्राइवरों के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अच्छे प्रदर्शन के लिए एक आवश्यक बैठक किया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को डोर टू डोर कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन, जीवीपी एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 से संबंधित अन्य जानकारियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही सभी वार्डो में 100 प्रतिशत डोर टू डोर कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन और साफ सफाई के लिए कड़े निर्देश दिए गए व स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पंचायत डुमरियागंज को ऑल इंडिया में अच्छी रैंकिंग लाने के लिए संकल्प लिया गया। इस बैठक में गौरी शंकर त्रिपाठी प्रधानाचार्य सहित समस्त सफाई नायक, सफाई कर्मचारी, ड्राइवर, कार्यालय स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

# मुनि आगमन, ताड़का वध का मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बुढ़ियाटायर में चल रहे श्रीशत् चंडी महायज्ञ व रामलीला कार्यक्रम में चौथे दिन रविवार को मुनि आगमन, ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों का अभिनय मंचन देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। मंच का उद्घाटन रमाकांत त्रिपाठी के छोटे सुपुत्र देवास त्रिपाठी द्वारा किया गया।

महर्षि विश्वामित्र चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांगने उनके महल पहुंचे। महर्षि ने राजा दशरथ से कहा कि राजन ताड़का नाम की राक्षसी से पूरा समाज भयभीत है। वह जप तप यज्ञ इत्यादि नहीं करने देती है। इसलिए यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को लेने आया हूं। यह सुनते ही राजा दशरथ दुखी हो गए और कहा कि मुनिवर मेरे राम व लक्ष्मण बहुत कोमल व सुकुमार हैं, भला ताड़का जैसी राक्षसी का कैसे वध करेंगे? ऋषिवर मैं स्वयं आपके यज्ञ की रक्षा के लिए चलूंगा, लेकिन राम व लक्ष्मण को नहीं जाने दूंगा।

राजा दशरथ की बात सुन महर्षि विश्वामित्र क्रोधित हो गए और बोले कि मैं तुम्हारी अयोध्या नगरी को भस्म कर दूंगा। उसी समय वशिष्ठ मुनि आते हैं और विश्वामित्र को शांत कराते हुए राजा दशरथ को समझाते हैं कि राम लोक कल्याण के लिए अवतरित हुए हैं। इसलिए इनको महर्षि विश्वामित्र के साथ जाने दीजिए। राजा दशरथ राम व लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ विदा करते हैं।

भगवान राम रास्ते मे ही ताड़का नाम की राक्षसी का वध करते हैं। ताड़का का वध करते ही रामलीला प्रांगण जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। इस दौरान आशोक पाठक शास्त्री, रमाकांत तिवारी, शिव प्रसाद यादव, अरविंद तिवारी, सचिन तिवारी, गुड्डू, छोटे तिवारी, राजू पांण्डेय, अभिषेक, अमन, राजन आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश RAFEEQUDDIN (रफिकुद्दीन) हो गया है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग सभी दस्तावेज़ो में RAFIQUDDIN S/o Riyazuddin (रफिकुद्दीन) पुत्र रियाजुद्दीन है। भविष्य मे मुझे RAFIQUDDIN S/o Riyazuddin (रफिकुद्दीन) पुत्र रियाजुद्दीन के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**निवासी-117/102, जंबूर खाना, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226001**

**सूचना**

मैं मो. ऐखलाक पुत्र सिरताज अली निवासी ग्राम बिन्दौरा परसपुर पोस्ट मोहल्लाह्पुर बाराबंकी का हूं मैने अपना नाम एखलाक से बदलकर मो. ऐखलाक रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मो. ऐखलाक (MOHD AKHALAK) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## नारी शक्ति का अपमान

भाजपा सरकार केन्द्र और यूपी नारी शक्ति के पक्ष में बहुत असरदार तरीके से बोलते रहते है, अहम नारियों को बुलाकर सम्मान भी देते रहते है। नारियों के हित की कुछ स्कीमें भी चलायी जा रही है। लोक सभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत का नियम भी बना दिया है। पर जमीनी हकीकत नारियों के विपरीत है। पहले तो लोकसभा चुनाव में औरतों को लड़ाया जा रहा है पर 33 प्रतिशत आरक्षण की झलक कहीं नहीं दिखती है।

नारी शक्ति के अपमान का ताजा उदाहरण है यूपी से कुश्ती पूर्व कुश्ती फेडरशन के अध्यक्ष के बेटे करन सिंह को टिकट दिया जाना। आप सभी जानते है महिला पहलवानों ने पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ सेक्सुअल आरोप लगाये थे, प्रदर्शन भी किया था। पर उनके विरोध और प्रदर्शन के तहत बृजभूषण तो हट गये और जब फेडरेशन को दोबारा चुनाव हुआ तो बृजभूषन का खास आदमी फेडरेशन का अध्यक्ष बनाया गया। यानी फेडरेशन के हालात ज्यों के त्यों बने रहे है। बृजभूषण पर केस चल रहा है चीटी की चाल से पर पुत्र के टिकट का एलान होने से पहले ही चुनाव प्रचार जलूस बना कर खुद ही शुरू कर दिया। बृजभूषन का यूपी के चार पांच विधान सभा क्षेत्र पर होल्ड है। वह लगातार भाजपा के सांसद बने हुये थे। अब उत्तराधिकार पुत्र को थमा दिया गया है। मोदी और योगी के राज में इस तरह के नाइन्साफी की उम्मीद नहीं थी।

महिलाओं के खिलाफ प्रावीलेज्ड पुरूषों के सुरक्षा दिवार अभेद बनी हुई है। ताजा केस कर्नाटक का है जहां भाजपा का जेडीएस का गठबन्धन है। वहां पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पुत्र प्रज्जवल पर कब से महिलाये सेक्स शोषण का आरोप लगा रही है। पर प्रज्जवल जर्मनी भाग गये है। अगर चुनाव नजदीक न होता तो उनपर भी कोई कारवाई नहीं होती सिर्फ लीपा पोती होती रहती। बृजभूषन यूपी में 7 प्रतिशत वाले ठाकर समुदाय के है। ठाकुरो को वोट छिटकने न पाये इसलिये बृजभूषन के परिवार के अन्दर ही उनके बेटे को भाजपा ने टिकट दे दिया है।

जिन महिला पहलवानों ने बृजभूषन के खिलाफ प्रदर्शन किया था उनमें से कई ने मेडल जीते है कुश्ती में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है। 2016 की ब्रान्ज विजेता साक्षी मलिक पुलिस कन्ट्रोल से बाहर आने के लिये छटपटा रही थी। नये सांसद भवन में जब विरोध के लिये विनेश और फोगट जा रही थी। पुलिस ने रोक कर पकड़ लिया था। महिलायें को पार्टी सहयोग लाभ के लिये मिलता है बराबरी के स्तर पर सहयोग देने के लिये नही मिलता। बृजभूषन और प्रज्वल खन्ना पुरूष दिवाल का लाभ उठा रहे है जिसे बराबर का न्याय पाने के लिये अभी महिलाओं द्वारा इस दिवाल को तोड़ा जाना जरूरी है। पर जो कुछ अभी हो रहा है उससे नहीं लगता कि महिलाऐं इस दिवार को जल्दी तोड़ पायेगी। भाजपा से भारी उम्मीद थी पर बृजभूषन दृष्टान्त ने महिलाओं के उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। करन को टिकट देना उनका सीधा अपमान है। उधर कर्नाटक केस में प्रज्वल को हिरासत में ले लिया गया है। उन पर महिला के अपहरण का केस है। जिसे अगवा कर अपने निजी सहायक के फार्म पर बन्धक बना कर रक्खे थे। इस समय पुलिस कस्टडी में है।

## इंटरपोल महासभा लियोन, फ्रांस में भारत का आगाज



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर आंधी से तेज गति से बढ़ती हुई सूचना प्रौद्योगिकी से जितनी अधिक सहूलियतों से लाभ मिल रहे हैं तो, हानियां भी कुछ काम नहीं हो रही है जिसको रेखांकित करना हम सबका काम है क्योंकि, हमारी जीवन शैली, राष्ट्र के लिए विकास और दुनियां हमारी मुट्ठी और उंगलियों पर आ गई है, तो उतनी ही हमारी मानवीय जिंदगी भी खतरे की ओर अग्रसर हो रही है, क्योंकि अब इस सूचनाप्रौद्योगिकी के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स को आतंकवाद और ऑनलाइन कट्टरपंथी के लिए भी उपयोग होने से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसी कुछ अनेक ऑनलाइन साइट्स आ गई है जो ऑनलाइन कट्टरपंथ को तेजी से बढ़ावा देकर अपने आतंकवाद के लिए नए रास्तों को बनाया जा रहा है, जो के ह्यूमन कार्य से कहीं बहुत अधिक सरल आसान व सुरक्षित भी उनके लिए है तो कई मेल क्लिप सूचनाओं कोडवर्ड में भी कार्य होता है जिसे हम गहराई से न लेकर मजाकिया व हंसीमजाक के लेहज में लेकर उसे लाइक व शेयर भी करते रहते हैं, परंतु अब समय आ गया है कि हम इस विषय पर गंभीरता से ध्यान दें क्योंकि, कट्टरपंथी आख्यानों को समझने का कठिन कार्य जनता पर आता है, जिन्हें जानकारी का विश्लेषण करना चाहिए और लाइक, शेयर के माध्यम से इसकी पहुंच को बनाए रखने से बचना चाहिएकभी-कभी बिना सोचे-समझे हम सामग्री साझा करते हैं क्योंकि हमें लगता है कि यह हास्यास्पद या बेतुका है, अनजाने में कथा का प्रचार करते हैं और इसे किसी अधिक कमजोर व्यक्ति तक पहुंचने की अनुमति देते हैं। आतंकवादी इंटरनेट का उपयोग कट्टरपंथी बनाने, भर्ती करने औरआतंकवादी हमलों को अंजाम देने में सुविधा प्रदान करने के लिए करते हैं। यूरोपीय आयोग ने इसे रोकने में मदद के लिए स्वैच्छिक और विधायी उपायों और पहलों की एक श्रृंखला सामने रखी है। अभी हाल ही में फ्रांस के लियोन शहर में संपन्न हुई इंटरपोल की महासभा का समापन हुआ जिसमें 136 देश के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो जो भारत में सीबीआई है ने भाग लिया जिसमें भारत ने अपने रुक वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंत महत्वपूर्ण चुनौती है का आकाश किया इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रौद्योगिकी युग में अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पुलिस और नीति निर्धारकों के साथ हम सबकी उंगलियों के नीचे है,इसलिए लाइक शेयर सोच समझकर करना है।

साथियों बात अगर हम फ्रांस के लियोन शहर में समाप्त हुई इंटरपोल महासभा की करें तो, महासभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच सांठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर बात की, कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा, आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। भारत में सीबीआई नोडल एजेंसीप्रत्येक देश में राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। इंटरपोल में सभी सदस्य देश एक प्लेटफॉर्म अपने देश में मौजूद बड़े अपराधियों की जानकारी एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। भारत में सीबीआई ऐसे मामलों में इंटरपोल के संपर्क में रहती है। सीबीआई ही इंटरपोल और अन्य जांच एजेंसियों के बीच नोडल एजेंसी का काम करती है। भारत से जब भी कोई अपराधी विदेश भाग जाता है या उसके विदेश भागने की आशंका होती है तो उसके खिलाफ लुकआउट या रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है। भारत ने आतंकवाद ऑनलाइन कट्टरपंथ और साइबर सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने के लिए इंटरपोल चैनलों के जरिए ठोस कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात पर जोर दिया और कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को 'नई सांस' दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की।

# कोरोना वैक्सीन पर राजनीति ठीक नहीं



रोहित माहेश्वरी

कोरोना महामारी से दुनिया भर में लाखों लोगों की मौत हुई। कोविड से बचाव के लिए कई देशों की सरकारों की तरफ से आनन फानन में लोगों के लिए वैक्सीन की व्यवस्था की गयी। दुनिया की कई कंपनियों ने कोविड वैक्सीन बनाया था। उन्हीं में से एक कंपनी एस्ट्राजेनेका थी। एस्ट्राजेनेका जिसने कोविशील्ड नामक कोरोना वैक्सीन का निर्माण किया था ने स्वीकार किया है कि उसके द्वारा बनाए गए वैक्सीन से लोगों को कुछ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि इससे खून के थक्के जमने की संभावना है। भारत में 1 अरब 70 करोड़ डोजेज कोविशील्ड के लगाए गए थे। लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है।

ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के बनाए टीके को भारत में 'कोविशील्ड' के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे 'दुर्लभ प्रभाव' भी माना है। कोविशील्ड वैक्सीन के प्रभाव और इसके जोखिमों को लेकर लंदन से आई खबर के बाद भारत में बवाल मच गया है। अब इस मामले पर सियासत भी तेज हो गई है। इस बीच कांग्रेस अधक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा प्रमुख अखिलेष यादव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। अखिलेश ने कहा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लेकर उसे परमिशन दी गई, मामले की हाई लेवल जांच होनी चाहिए। गौरतलब है कि कोरोना काल में भी वैक्सीन का लेकर खूब राजनीति हुई थी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही 'साइड इफेक्ट' का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें 'कोविशील्ड' टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें 'कोवैक्सीन' टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को 'नई सांस' दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी




कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की।

रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में 'टीटीएस सिंड्रोम' कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पडना, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुईं? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी 'अर्द्धसत्य' ही थे। मीडिया रिपोटर्स के अनुसार भारत में कोविड के टीके का करीब 2 अरब 21 करोड़ डोजेज लोगों को लगाए गए हैं। भारत में 93 प्रतिशत लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है। कोविड वैक्सीन को मॉनिटर करने वाली ऐप कोविन की डेटा के अनुसार एईएफआई के मामले 0.007 प्रतिशत हैं। इन डोजेज में 1 अरब 70 करोड़ डोजेज कॉविशील्ड के लगे हैं। वहीं, दुनिया में एस्ट्रेजनेका के 2 अरब 50 करोड़ से ज्यादा डोजेज लगाए गए हैं। लेकिन 2021 में ही यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी ने 222 लोगों में एस्ट्रेजनेका की वजह से ब्लड क्लोटिंग की बात कही थी। मसलन उस वक्त लाख में 1 को खतरा था। वो भी यूरोपीय देशों में। भारत की जानकारी में भी ब्लड क्लोटिंग की बात थी और नजर और निगरानी इस पर रखी गई, लेकिन फायदा का आंकड़ा बहुत बड़ा था और नुकसान नगण्य है।

यह भी तार्किक है कि कोई दवा अथवा वैक्सीन यदि असर करती है तो उसके साइड इफेक्ट भी निश्चित रूप से होते हैं। कुछ विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों के आरोपों के मूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही वैक्सीन राजनीति को भी बताते हैं। कुछ अमेरिकी विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिये हफ्ते में दो दिन सिर्फ एक बार खाना खाने की सलाह देते हैं, जिससे ब्लड क्लॉटिंग रोकने में मदद मिल सकती है। किसी भी टीके के 'रोल आउट' के बाद एईएफआई यानी आफ्टर इवेंट्स फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन को देखा जाता है। ठीक ऐसा ही भारत सरकार ने कोरोना के टीके लगने के दौरान लंबे वक्त तक मॉनिटरिंग की। पोर्टल बना। कमेटी बनी। समय समय पर इसको देखा गया। अब एस्ट्रेजनेका को लेकर आई खबर के बाद भारत के कोविशील्ड सवालों के घेरे में है, हालांकि जानकारों का मानना है कि इतना लंबा असर नहीं होता है। कोई दिक्कत आती है तो या तो टीके के तुरंत बाद दिखती है या फिर महीने से डेढ़ महीने में असर दिखना शुरू हो जाता है। असर दिखा भी पर एईएफआई का वो फीसद भारत में टीके के बाद 0.007 प्रतिषत है। लिहाजा अब डरने की बात नहीं है। जब दुनिया में कोरोना महामारी फैली थी, तब हाहाकार यही था कि किस तरह मनुष्य को बचाया जाए? लोग संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, सांस की निरंतरता टूटने, फेफड़ों के फेल हो जाने के कारण मर रहे थे। यदि किसी का संक्रमण सामने आया, तो यह निश्चित नहीं था कि वह जिंदा रहेगा या नहीं। भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद है, क्योंकि एक माह में औसतन 3000 संक्रमित मामले दर्ज किए जा रहे हैं। विश्व में कोरोना महामारी से करीब 70 लाख मौतें हुईं, लेकिन आज हम अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं। हमने टीकाकरण कराया है या हम संक्रमित हो चुके हैं। दोनों ही स्थितियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता हमारे भीतर पर्याप्त है। हमें घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि डॉक्टरों के निष्कर्ष हैं कि टीके के दुष्प्रभाव अधिकतम 6 महीने के दौरान सामने आ जाते हैं।

# हर कमी पर भारी मुफ्त अनाज



प्रेम शर्मा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। कर्नाटक महिला आयोग की चेयरपर्सन नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रज्वल रेवन्ना वीडियो मामले ने कर्नाटक की राजनीति में भूचाल ला दिया है।

देश में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए 191 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो चुका है। पहले 19 फिर 26 अप्रैल के बाद 7, 13, 20, 25 मई और अंतिम मतदान 1जून को होना है। मतदान शुरूआती दौर में पूर्व प्रधानमंत्री देवगोड़ा के परिवार के सैक्स स्कैंडल, कोविड वैक्सीन से हार्ट अटेक का मुद्दा और महिला पहलवानों के यौन शोषणा के आरोपी के पुत्र को भाजपा की टिकट मामले ने सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अगले पॉच चरणों के चुनाव के लिए कुछ न कुछ समस्या अवश्य खड़ी कर दी। बेरोजगारी, महंगाई, सहित अन्य मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी को घेर रहे विपक्ष ने इन तीन मामलों को लेकर भाजपा पर हमला बोल दिया है। बहरहाल जैसा कि हर चुनाव में होता है कि आमआदमी के मुद्दों से इतर राजनैतिक दलों द्वारा अपनी उपलब्धियों के साथ धुव्रीकरण की रणनीति के तहत वर्ग विशेष पर हमला करके, पुराने छायाचित्र, वीडियों को सोशल मीडिया मे चाय की तरह परोसने से वोटरों का ना चाहते हुए भी उसी के पक्ष में मतदान मजबूरी बन जाता है। सोशल मीडिया के माध्यम से इतने संवेदनशील, भयानक, रूहकंपा देने वाली घटनाएं आम आदमी में विष घोल देती है। इस सबके बावजूद विपक्ष की एकराय राजनीति से दूर होना, अलग अलग विचारधारा पर बहरहाल सत्तारूढ़ भाजपा का देश की आधी से अधिक आबादी को मुफ्त अनाज सभी समस्याओं और आरोप का मुकाबला कर रहा है। यही नही विशेषज्ञों की माने तो मतदान के लिए वास्तव में माध्यम वर्ग 50 प्रतिशत तो उच्च वर्ग 20 प्रतिशत तक ही उत्सुक होता है जबकि मुफत अनाज लेने वाले मतदान में 80 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी निभाते है। ऐसे में गर एक बार सभी समस्याओं, आरोपों पर मुफ्त अनाज भारी पड़ता दिखाई पड़ रहा है।

पहले चरण के मतदान के बाद ही पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का कुनबा सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिर गया। देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ उनकी मेड (घरेलू सहायिका) ने यौन शोषण की थ्\ दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। कर्नाटक महिला आयोग की चेयरपर्सन नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है।लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रज्वल रेवन्ना वीडियो मामले ने कर्नाटक की राजनीति में भूचाल ला दिया है। उनकी पार्टी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। सहयोगी दल बीजेपी और विपक्षी कांग्रेस के दवाब में ऐक्शन लिया।ऐन चुनावों के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद



खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गई जेडीएस की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि अगर अभी कर्नाटक में वोटिंग बाकी न होती और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी बीजेपी का भी दबाव न होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता ? मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून से थी। तब प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का रुख किया था। उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक विडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाए। कर्नाटक में ठश्रच् का श्रवै के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय ठश्रच् नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए। यह आम बात लगने लगी है- ताकतवर नेता, मजबूर महिलाएं और कमजोरों की अनदेखी करने वाला सिस्टम। हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं। कुछ ही समय पहले ऐसे ही आरोपों के साथ देश के जाने-माने और ओलिपिंक मेडल विनर पहलवान सड़क पर उतरे थे। उन्हें भी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा था। इस मामले में भी केन्द्र सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। इसके बावजूद काफी सोच समझ और कई सीटों पर आरोपी सांसद का दबदबा होने के कारण बृजभूषण शरण सिंह के सबसे छोटे बेटे करण भूषण सिंह को टिकट देकर भाजपा ने संदेश देने की कोशिश की कि यौन उत्पीड़न के आरोपी छह बार के सांसद को टिकट न देकर उसके परिवार के किसी सदस्य को टिकट दिया है। ऐसा इसलिए कि कैसरगंज और आस-पास के इलाकों में उसका प्रभाव कम न हो। इधर पहलवान साक्षी मलिक ने बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण को लोकसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से टिकट दिए जाने पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की बेटियां हार गई और बृजभूषण सिंह जीत गया। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए बृजभूषण शरण सिंह को अब तक गिरफ्तार न किए जाने को लेकर भी सवाल खड़े किए।

बहरहाल पहले चरण में 21 राज्यों व संघ शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर 66.17 प्रतिशत और दूसरे चरण में 13 राज्यों व संघ शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 66.71 प्रतिशत हुआ है। यह मतदान केन्द्र सरकार की भारी भरकम उपलब्धियों के बावजूद 2019 के मतदान से कम रहा।लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान होने के उपरांत यह और स्पष्ट है कि भाजपा के तमाम प्रत्याशी अपनी जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता और छवि पर अधिक आश्रित हैं। उनका अपना कामकाज संतोषजनक नहीं। इसके अलावा स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर उनकी ऐसी पकड़ भी नहीं, जिसके बलबूते वे भाजपा समर्थकों में उत्साह का संचार कर सकें। इस पर आश्चर्य नहीं कि इस बार चुनावों में वैसा उत्साह नहीं दिख रहा, जैसे पिछले आम चुनावों में दिखता था। हालांकि आयोग द्वारा पहले चरण के मतदान डेटा जब 11 दिनों बाद जारी किए तो विपक्ष को शक जताया कि चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है ? बहरहाल दो चरणों का मतदान संपन्न होने के बाद अब अगले चरण के मतदान के लिए कांग्रेस और बीजेपी राजनीतिक गुणा भाग में जुट गई है। भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियां फीडबैक ले रही हैं। फीडबैक के बाद पता चल पाएगा कि यहां न्याय की गारंटी कारगर हुई है या फिर मोदी की गारंटी पर लोगों ने तीसरी बार भी विश्वास किया है।दो चरणों का मतदान संपन्न होने के बाद अब अगले चरण के मतदान के लिए कांग्रेस और बीजेपी राजनीतिक गुणा भाग में जुट गई है। भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियां फीडबैक ले रही हैं। फीडबैक के बाद पता चल पाएगा कि यहां न्याय की गारंटी कारगर हुई है या फिर मोदी की गारंटी पर लोगों ने तीसरी बार भी विश्वास किया है।

# विद्रोही कामरेड अतुल अनजान हमारी यादों में

**मणेंद्र मिश्रा मशाल**

2019 में दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में 12-13 जुलाई को आयोजित समाजवादी समागम में उन्होंने राजनीति में विचार और जनाधार दोनों को बचाने के लिए समाजवादियों से आहवाहन किया था। इस उपलक्ष्य में विमोचित हुए समाजवादी विचार समग्र पुस्तक में प्रकाशित मेरे लेख समाजवादी सोच के प्रति नई पीढ़ी की चिंता को लेकर मंच से खूब सराहना किया।

कामरेड अतुल अनजान नहीं रहे। शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में कैंसर से जूझ रहे अतुल अनजान ने अंतिम सांस लिया। उनका पूरा जीवन ही सार्वजनिक था जिसमें निजी जैसा कुछ भी नहीं था। हमारी पीढ़ी के लिए वह राजनीति,संविधान,जन सरोकार, सामाजिक मुद्दों सहित देश दुनिया के विभिन्न मसले जिनका असर आम जनता पर पड़ सकता है उन सभी विषयों के लिए इनसाइक्लोपीडिया थे। वामपंथी राजनीति के वे बड़े चेहरे थे। लेफ्ट यूनिटी के लिए पूरी प्रतिबद्धता होने के बाद भी अतुल अनजान समाजवादी, कॉन्ग्रेसी सहित वे सभी समूह जिनका भरोसा आपसी सौहार्द एवं उपेक्षितों/किसानों के प्रति रहता था उनसे संवाद करने में नहीं हिचकते थे।

हम लोगों का उनसे परिचय आज के बीस वर्ष पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुआ था। प्रो बनवारी लाल शर्मा के संयोजन में आजादी बचाओ आंदोलन में सक्रिय रहते हुए हम लोगों ने उनके कई कार्यक्रम कराए जिनमें उन्हे करीब से सुनना हुआ था। उस समय सेज (स्र्थ्र स्पेशल इकनॉमिक जोन ) के खिलाफ अतुल अनजान का किसानों के समर्थन में दिए गए वक्तव्य की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा थी। जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। वामपंथी राजनीति को पसंद न करने वाले लोग भी उनका भाषण सुनने दूर दूर से आते थे।



दिल्ली स्थित मावलंकर हाल, कांस्टीट्यूशन क्लब, तीन मूर्ति लाइब्रेरी में शहीदे आजम भगत सिंह, सामयिक मुद्दों पर कामरेड ए बी वर्धन के साथ अतुल अनजान की उपस्थिति हर बार एक नया विमर्श पैदा कर देती थी। 2019 में दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में 12-13 जुलाई को आयोजित समाजवादी समागम में उन्होंने राजनीति में विचार और जनाधार दोनों को बचाने के लिए समाजवादियों से आहवाहन किया था। इस उपलक्ष्य में विमोचित हुए समाजवादी विचार समग्र पुस्तक में प्रकाशित मेरे लेख समाजवादी सोच के प्रति नई पीढ़ी की चिंता को लेकर मंच से खूब सराहना किया और आयोजन में मेरे वक्तव्य से प्रभावित होकर सचेत किया था कि समाजवादी विचारधारा को नवीन प्रयोगों से सक्रिय किए रहना।

लखनऊ विश्वविद्यालय के लोकप्रिय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अतुल अनजान आजीवन छात्र आंदोलन के जेपी मूवमेंट वाली पीढ़ी और नए छात्र/नौजवानों में एक समन्वयकारी भूमिका में रहते थे। 2018 में लखनऊ विश्वविद्यालय के आन्दोलनरत छात्रों के जेल जाने पर मीसा बंदी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी, सत्तर के दशक में मेरठ कॉलेज की छात्र राजनीति से निकले पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी की पहल पर प्रो रमेश दीक्षित (लखनऊ विश्वविद्यालय) एवं लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व पदाधिकारियों का सफल संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कराने का श्रेय अतुल को ही रहा। लखनऊ छात्रसंघ के इतिहास में यह अपने आप में अनूठी घटना थी जिसमें पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों में अतुल अनजान, सत्यदेव त्रिपाठी, अरविन्द सिंह गोप, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ राजपाल कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसका असर यह रहा कि जेल में बंद छात्रनेताओं की जल्द रिहाई हो गयी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लखनऊ विश्वविद्यालय में सरकारी धन का दुरुपयोग को लेकर प्रोटेस्ट करने वाले छात्र-छात्राओं की गिरफ्तारी और उत्पीड़न की निंदा की गई थी।

अतुल अनजान को अपने गृह जनपद मऊ से बेहद लगाव था। जहां उनके प्रयास से 31 दिसंबर 2015 को तत्कालीन समाजवादी सरकार में नेता जी मुलायम सिंह यादव एवं उस समय मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने जनपद के महान विभूति रहे पंडित अलगू राय शास्त्री और कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा की स्थापना मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया।

कामरेड अतुल अनजान की हजरतगंत काफी हाउस की बैठकी बेहद चर्चित थी। जिसमें लखनऊ के सिविल सोसायटी से जुड़े अनेक लोग शामिल होते थे। जिनमें नेता, पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रोफेसर शामिल रहते थे। उनके होने से अन्याय के खिलाफ किसी भी आंदोलन,धरना, प्रदर्शन में लोगों को एक मजबूत संबल मिलता था। सच कहने का उनमें गजब का साहस था। वे आजीवन सिद्धांत और ईमानदारी की राजनीति करते रहे। उनके निधन ने समाज में एक जनपक्षकार की रिक्तता पैदा कर दिया। यह शून्यता लंबे समय तक बनी रहेगी जिसकी भरपाई मुश्किल है। अतुल अनजान अपने अर्थपूर्ण लेखों, ओजस्वी भाषणों और विद्रोही तेवर के लिए हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। हाशिये की मुखर आवाज अतुल अनजान को अंतिम प्रणाम।

## मानव और मानवता के लिए समर्पित संस्था रेडक्रास

अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस हर साल आठ मई को मनाया जाता है। इसके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर यह दिन मनाया जाता है। हेनरी ड्यूमेंट के प्रयासों से 1864 में जेनेवा समझौते के जरिए अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस मूवमेंट की स्थापना हुई थी। हेनरी ड्यूमेंट को पहला नोबेल शांति पुरस्कार भी प्रदान किया गया। रेडक्रॉस एक स्वयंसेवी संस्था है। और देश के किसी भी भाग में प्राकृतिक या मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने और राहत पहुंचाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस तरह की संस्थाओं में जो स्वयंसेवक होते हैं, उनसे लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वर्तमान समय और परिस्थितियों में रेड क्रॉस की भूमिका केवल युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना और उचित उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं रह गया है। अब उसके दायित्व का दायरा और अधिक बढ़ गया है। विश्व में जब से कोरोना जैसी महामारी ने अपना पैर पसारा है तब से तो इस? संस्था की महत्वता और दायित्व दोनों में काफी इजाफा हो चुका है। और इसका कार्य बहुत आवश्यक और महत्वपूर्ण हो चुका है। पिछले कुछ सालों के दौरान आई प्राकृतिक आपदाएं, भयंकर बाढ़ और सुनामी लहरों के तांदव तथा कैटरीना तफान के दौरान दुनियाभर में हर साल आज का दिन अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है और जहां तक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी का सवाल है, इसकी स्थापना 1920 में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी अधिनियम के तहत की गई थी।

**सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# रामद्रोह व राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का करेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण



निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।

कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी द्वारा अममानित किये जाने को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है, कोई भी रामभक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नेत्री का अपमान किया गया

**■ योगी का इंडी गठबंधन पर निशाना**

है, ये दिखाता है कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के डीएनए में रामद्रोह है और जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है। भारत का कोई भी जागरूक नागरिक इन्हें वोट नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने आचरण से मजबूर हैं। सीएम योगी ने सभी रामभक्तों और नागरिक से अपील करते हुए कहा कि जाके प्रिय न राम-बदैही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥ उन्होंने कहा कि कोई कितना भी आपका स्नेही हो, अगर वह राम विरोधी आचरण कर रहा है, तो मान के चलिए कि वह राष्ट्र विरोधी आचरण कर रहा है। वह कितना भी प्रिय हो उसे त्याग देने में ही देश और रामभक्तों का हित है। सीएम योगी ने कहा कि देश की जनता जागरूक है और अपना निर्णय ले रही है।

**जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त**

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है। पीएम मोदी की कल अयोध्या में उपस्थिति देश ही नहीं पूरी दुनिया के रामभक्तों को अभिभूत कर रही थी। पूरी अयोध्या वहां उमड़ी थी। लाखों श्रद्धालु और रामभक्त मोदी जी के दर्शन को उत्सुक थे। मोदी जी का अयोध्या में अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

## वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान लखनऊ में

**लखनऊ।** भारत सरकार एवं उप्र सरकार के द्वारा समस्त सरकारी कार्यालयों में खरीद किये जाने हेतु 2017 से जेम पोर्टल लागू किया गया है। इतने वर्षों के बाद भी सरकारी कार्यालयों में जेम पोर्टल से किये जाने वाले खरीद में कुछ समस्याओं का अनुभव किया जा रहा है। कार्यालयों में की जाने वाली क्रय प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से सदस्य के रूप में सम्मिलित रहते है। वित्त विभाग के अधिकारियों के लिये वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, इन्दिरा नगर, लखनऊ में इन समस्याओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 7 मई को किया गया है। प्रातः 10:30 बजे से शुरू होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव वित्त, वित्त आयुक्त के द्वारा की जायेगी। संस्थान के निदेशक पूर्व देव उपाध्याय के द्वारा अवगत कराया गया है कि इस कार्यक्रम में वित्त विभाग के वित्त नियंत्रक अपर निदेशक एवं मुख्य, वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारियों को उपस्थित होने के लिये निर्देशित किया गया है।

## स्कॉलर्स के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आई.सी.एस.ई. तथा आई.एस.सी. 2024 के बोर्ड परीक्षा - परिणाम की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराकर एक बार फिर अपना परचम लहरा दिया और विद्यालय को गौरवान्वित किया।



स्कॉलर्स होम विद्यालय में कक्षा 10 व 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 98.40 फीसदी अंक प्राप्त करने वाली नियति सक्सेना कहती हैं कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं नियमित अभ्यास से ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। 96.20 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले आर्यमन राय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अध्यापकों की कुशल शिक्षण तकनीक को दिया है। इसी क्रम में यश्या श्रीवास्तव 95.20 फीसदी, शाश्वत शुक्ला 95.20 फीसदी, रुद्राक्ष यादव 94.40 फीसदी, शिवानी प्रजापति 93.20 फीसदी और तस्मिया आफरीन ने 92.40 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के प्रेरणा स्रोत बने।



कक्षा 12वीं की परीक्षा के नतीजे भी शानदार रहे। अर्जुन सिंह बैस ने 93 फीसदी प्रतिशत अंक प्राप्त किया। अनुष्का सिंह ने 91 फीसदी और अखंड प्रताप सिंह ने 90.25 फीसदी प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कॉलर्स होम विद्यालय एवं अपने माता-पिता का मान बढ़ाया।

विद्यालय की डायरेक्टर सरिता जायसवाल और प्रिंसिपल अनुपम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया एवं उनके अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।

## ऋषि के सदज्ञान से लोक कल्याण होता है : उमानंद



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'ग्राम सुधार पुस्तकालय, ग्राम-तेरवा दहिगवाँ, हरदोई उ.प्र.' में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 409वाँ ऋषि वांङ्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती मीरा देवी ने अपने पूज्य पिता स्व. थानेश्वर प्रसाद की स्मृति में भेंट किया साथ-साथ उपस्थित ग्रामवासियों, साहित्य प्रेमियों को भी एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि के सद्ज्ञान से लोक कल्याण होता है। डॉ. नीलम गुप्ता एवं श्रीमती सरोज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री अनिल भटनागर, देवेन्द्र सिंह, विजय, डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती मीरा देवी, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव, सर्वश्री शिवनंदन लाल, रामखेलावन, परमेश्वरदीन कनौजिया, राम कुमार कश्यप, जयप्रकाश एवं सहित क्षेत्रीय के साहित्य प्रेमी, ग्रामवासी उपस्थित थे।

## साइकिल पंचर हो गई, हाथी बूढ़ा हो गया...

### डिप्टी सीएम केशव बोले- चार जून को 400 पार जा रही भाजपा

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** बहराइच जिले के बलहा विधानसभा क्षेत्र के उर्रा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को बहराइच लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चार जून को भाजपा 400 पार जा रही है। साइकिल पंचर हो गया है। हाथी बूढ़ा हो चला है।

जिले के ग्राम पंचायत उर्रा के कारीकोट मैदान में आयोजित जनसभा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर दो बजे हेलीकाप्टर से उतरे। इसके बाद उनका भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, विधायक सरोज सोनकर, प्रत्याशी आनंद गौड़, पिंटू मौर्य और अभिषेक मौर्य ने स्वागत किया। इसके बाद भगवान बुद्ध की स्मृति चिन्ह दी गई। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उप



मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब जनता, किसान और व्यापारी भाजपा के साथ है। भाजपा ने सभी वर्ग को साथ लेकर काम किया है। ऐसे में भाजपा ने बहराइच सुरक्षित सीट से युवा और पढ़े लिखे डॉक्टर आनंद गौड़ को प्रत्याशी बनाया है। सभी लोग उन्हें भारी मतों से सांसद बनाएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास किया है और फिर विकास ही करेगी। भाजपा की ही सरकार जनता बनवाएगी। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम के द्वारा दिए गए बयान के बारे में कहा कि कांग्रेस की सरकार फिलहाल आने वाली नहीं है। अगर आ भी गई तो वह राम मंदिर और धारा 370 पर कुछ नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले से ही चाहती है कि राम मंदिर के स्थान संग्रहालय बने लेकिन यह सनातन समाज की एकजुटता का संदेश है कि अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। सभा के बाद उन्होंने भीड़ का अभिवादन किया और जनता से मिलते हुए लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए।

इस दौरान सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, ब्लॉक प्रमुख सौरभ वर्मा, अरुणेंद्र सिंह अंकित, हरिश्चंद्र गुप्ता, योगेश प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## डा. पीआर मिश्रा की स्मृति में शुरु होगी आर्थोपैडिक सर्जन फैलोशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के जाने माने चिकित्सक स्व. डा.पीआर मिश्रा की स्मृति में आर्थोपिडक सर्जन फैलोशिप शुरु की जाएगी। इसकी घोषणा डा. पीआर मिश्रा को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित हुए चिकित्सकों ने की।

बलरामपुर चिकित्सालय के वरिष्ठ आथोपैडिक सर्जन रहे डा. पीआर मिश्रा का गत दिनों हृदयाघात से निधन हो गया। वे नजर बाग में निजी प्रेक्टिस करते थे। डा मिश्रा को श्रद्धांजलि देने के लिए भारी संख्या में चिकित्सक,अधिकारी, समाजसेवी, पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। गोमतीनगर स्थित सीएमएस सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लखनऊ आर्थोपैडिक चिकित्सक एसोसिएशन ने घोषणा की डा.पीआर मिश्रा मैमोरियल आर्थोपैडिक फैलोशिप शुरु की जाएगी। प्रतिवर्ष दो चिकित्सकों

**■ श्रद्धांजलि सभा में चिकित्सकों, समाजसेवियों ने याद किया डा मिश्रा का योगदान**

को 10 लाख रूपये की फैलोशिप प्रदान की जाएगी। जानकारी डा.मिश्रा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सहयोगी चिकित्सक डा जमाल ने दी। इसके साथ ही उनकी स्मृति में बलरामपुर चिकित्सालय में विज्ञान सभागार का नामकरण डा पीआर मिश्रा के नाम पर करने का सुझाव भी रखा गया।

समृति सभा में डा मिश्रा के परिवार, मित्रगण, सहयोगी चिकित्सक भारी संख्या में उपस्थित थे। सभा में उनके पंसद के भजनों का गायन हुआ तत्पश्चात आगन्तुकों ने डा मिश्रा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद उनके जीवन के अनुभवों को साझा किया। डा.पीआर मिश्रा की सेवा भावना, आम जन के प्रति उनके लगाव, मरीजो के प्रति समर्पण की भावना की सभी ने प्रशंसा की।


## शिया कालेज ने शुरू किया मतदाता जागरूकता पखवाड़ा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दिनांक 20 मई को होने जा रहे लखनऊ में आम चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिये शिया पी0जी0 कालेज, लखनऊ में 'वोट हमारा अधिकारी नही नहीं कर्त्तव्य भी है', के नारे के साथ मतदाता जागरूकता पखवाड़ा शुरू किया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये शिया पी0 जी0 कालेज के मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रदीप शर्मा ने बताया कि लखनऊ में होने वाले चुनाव के लिये पहली बार वोट डालने जा रहे छात्र/छात्राओं तथा आम जनता को जागरूक करने के लिये यह अभियान शुरू किया गया है, जिसके अन्तर्गत सोशल मीडिया कैम्पेन, सेल्फी कान्टेस्ट, जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने आगे बताया कि शिया पी0 जी0 कालेज तथा शिया इण्टर कालेज में भाग संख्या 87 से 104 तक 18

**■ वोट हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है**



बूथ हैं जिनमें 21600 वोटर पंजीकृत हैं। इसके लिये इस अभियान को विशेष रूप से केन्द्रित किया गया है, कि इन बूथ पर वोट देने वाले मोहल्लों में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणोत्तर कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं की टोलियाँ घर-घर जाकर लोगों से वोट की अपील करेंगी, जिसके लिये एनएसएस और एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी को विशेष रूप से जिम्मेदारी आवंटित की गयी है इसके अलावा महाविद्यालय ने अपनी कालेज की वेबसाइट, फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम, व्हाट्सअप, टेलीग्राम, ट्विटर आदि पर मतदाता जागरूकता के लिये पोस्टर, जिंगल्स, रील्स, आडियो क्लिप का अभियान चलाया जायेगा।

महाविद्यालय के 3000 से ज्यादा ऐसे छात्र/छात्रायें जो पहली बार वोट देने जायेंगे उनको प्रेरित करने के लिये एक विशेष अभियान चलाने का फैसला लिया है। महाविद्यालय में ऐसे छात्र/छात्राओं का डेटाबेस बनाकर विभिन्न पोस्टर आदि भेजने के साथ-साथ एक गूगल फार्म भी बनाया गया है। जो छात्र/छात्रायें इस गूगल फार्म को भरकर उसमें अपनी स्याही वाली उंगली की फोटो लगाकर भेजेंगे उनको कालेज प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान करेगा। कालेज ने यह भी कह दिया है कि ऐसे सभी छात्र/छात्राओं की फोटो कालेज की वेबसाइट और सोशल मीडिया पर अपलोड की जायेगी। महाविद्यालय में 11 मई को एक विशेष जागरूकता रैली भी आयोजित की जायेगी।

## टीएमयू में जल्द ही खुलेगा कार्ल जाइस का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज़ ने कार्ल जाइस और मिबिज साइबर फॉरेंसिक के बीच एमओयू साइन हुए हैं। टीएमयू की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, जबकि कार्ल जाइस की ओर से विशेषज्ञ सुश्री इवांगेलिन राजाथी ने टीएमयू कैंपस में हस्ताक्षर किए। इसके तहत यूनिवर्सिटी कैंपस में कार्ल जाइस का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलेगा। इस मौके पर डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, कार्ल जाइस की प्रतिनिधि श्री कुशल मेहरा, प्रो. रूचि कांत, श्री राकेश यादव आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एमओयू में कार्ल जाइस की ओर से अतिथि व्याख्यान, इंटस्ट्रीयल विजिट, कैंपस ड्राइव/सलेक्शन, नेत्र चिकित्सा विवरण इकाई की स्थापना, ई-लर्निंग कार्यक्रम- पाठशाला बाय जाइस आदि को लेकर सहमति बनी है। कार्ल जाइस की ओर से विशेषज्ञ सुश्री इवांगेलिन राजाथी ने अतिथि व्याख्यान भी दिया। सुश्री राजाथी ने ऑप्थैलमिक लेंस के अपडेशन पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान ऑप्टोमेट्री के छात्र-छात्राओं ने अतिथि से सवाल भी किए।

## सत्ता की तानाशाही रोकेगी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने पडरौना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता की तानाशाही रोकेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से एकजुट होकर चुनाव लडने का आह्वान किया।

पडरौना नगर के रामकोला रोड स्थित एक होटल सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की बारीकियां समझाई। उन्होंने एक प्रशिक्षक की तरह एक-एक कार्यकर्ता को जनता के बीच पहुंच कर उनसे अपने पक्ष में मतदान करने का टिप्स बताया। उन्होंने अपनी पार्टी की नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी का उद्देश्य



**■ पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले पूर्व अध्यक्ष दिलीप चौधरी**

जनता की भलाई करना है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों का संविधान बचाने व उसकी रक्षा करने का है। उन्होंने भाजपा सरकार पर तानाशाही अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि इनके सारे कानून मनमानी और जन विरोधी हैं। सम्मेलन को अशोक मौर्य, दिनेश चौधरी, जनार्दन कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, कन्हैया शर्मा, रियाजुद्दीन खां, बेचू खान ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा व संचालन आरके मौर्य ने किया। इस दौरान हंसराज कुशवाहा, राम मिलन निगम, नरेंद्र भारती, दूधनाथ भारती, हीरालाल गौतम, शम्भू रावत, मो. आलम, शहाबुद्दीन, शैलेश पासवान, आर्यन बाबू, अभय प्रताप मौर्य, संजय कुशवाहा, डॉ. प्रह्लाद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## दर्जनों घरों में उतरा विद्युत करंट, एक की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के कसया थाना क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही से एक युवक की मौत हो गई। जिसके चलते घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं। विभागीय जिम्मेदार इस घटना में ग्रामीणों के लापरवाही को साबित करने में लगे है।

पुरा मामला कसया क्षेत्र के रतन पट्टी मुड़ेरा का है जहां ग्रामीणों ने बताया की रविवार की शाम अचानक पुरे गांव में लगे घरों में विद्युत उपकरण जलने लगा ग्रामीण अभी कुछ समझते तभी सभी उपकरण धू-धू कर जल उठा वही गांव का ही चालिस वर्षीय युवक घर का एनसीबी बंद करने गया तभी अचानक तार में दौड़ रही हाई बोल्टेज करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण युवक को लेकर सामूदायिक स्वास्थ केन्द्र कसया ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत्य घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग से बार बार शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर को जेई द्वारा नहीं बदला जा रहा जिसके चलते सैकड़ों घरों में विद्युत उपकरण जलकर खाक हो गया। वही एक युवक की मौत हो गई वहीं अपने इस लापरवाही से विभाग पल्ला झाड़ रहा हैं। वहीं ग्रामीणों की मांग हैं की लापरवाही करने वाले विद्युत कर्मचारीयों पर कार्रवाई की जाय जिससे आगे इस तरह की घटना



**■ हजारों के जले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को ठहराया जिम्मेदार**

की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही घरों में जले विधुत उपकरणों की हुई क्षतिपूर्ति ग्रामीणों को दी जाय। अब देखने वाली बात होगी कि उच्च अधिकारी इस पुरे मामले पर किस तरह की कार्रवाई कर रहें। इसी तरह विद्युत विभाग की लापरवाही से लोग मौत के काल के काल में समाते रहते हैं। जिन लोगों के घरों में विद्युत उपकरण जले हैं विनोद मनोज सिंह, संजय सिंह, अरुण सिंह, रामकिशन सिंह, त्रिलोकी, सुदर्शन, गणेश सिंह, राजेश सिंह, विवेक सिंह, पतिराज शर्मा, सकीना, अभिमन्यु, ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव, अशोक सिंह, प्रभु सिंह, उदय मानसिंह सहित दो दर्जन से अधिक घरों में विद्युत उपकरण जल के खाक हो गए हैं। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता राघवेंद्र सिंह ने मीडिया को बताया कि कटिया लगाते समय करंट से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। एहतियात के तौर पर एक घंटे के लिए आपूर्ति बाधित की गई थी।

## टीएमयू एजुकेशन की फेयरवेल में जूनियर्स का जीता दिल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन के बीए-बीएड की फेयरवेल पार्टी- सियाओ बेला में बीए के अभिषेक मिस्टर फेयरवेल और आस्था सिंह को मिस फेयरवेल बीए, जबकि नितिन शिवम मिस्टर फेयरवेल और सृष्टि जयसवाल को मिस फेयरवेल बीए-बीएड चुनी गई। छात्रा भावना प्रकाश को बेस्ट एंटरटेनर और अदिति पाठक को बेस्ट ड्रेस सेंस का खिताब दिया गया। फेयरवेल पार्टी- सियाओ बेला की थीम वेन्टेज रही। इससे पहले डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, डॉ. कल्पना जैन, डॉ. विनोद कुमार जैन, डॉ. अशोक कुमार लखेरा, एआर श्री दीपक मलिक आदि



ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके फेयरवेल पार्टी का शुभारम्भ किया। डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि विदाई समारोह में भावी शिक्षक छात्रों को शुभाशीष देते हुए कहा कि एक सफल शिक्षक के रूप में आप अपने अंदर ज्ञान, अभिव्यक्ति के श्रेष्ठतम गुण, कर्मठता से युक्त व्यक्तित्व को विकसित कर समाज में अपना और यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करें।

फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा ने कहा, हमारी शिक्षा की संपूर्णता हमारे व्यक्तित्व की पूर्णता पर निर्भर करती है। व्यक्तित्व की श्रेष्ठता उच्च कर्मों के चयन और हर परिस्थिति में उनकी पूर्णता और लक्ष्य प्राप्ति से संभव होती है। अतः आप सभी अपने जीवन में उच्च लक्ष्य की प्राप्ति करें । फेयरवेल पार्टी में जूनियर्स की ओर से प्राचीन स्मृतियों के गुलदस्ते सीनियर्स के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

## एच के जायसवाल सभा प्रयाग ने नीरज त्रिपाठी को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** डॉक्टर के पी जायसवाल इंटर कॉलेज प्रांगण मुट्ठीगंज में जयसवाल समाज द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत, 52वीं लोकसभा इलाहाबाद के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय द्वारा बताया गया 52वीं लोकसभा इलाहाबाद प्रत्याशी पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय केसरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जायसवाल समाज के अध्यक्ष पदुम जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, वर्तमान सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी एवं मनोज जायसवाल लोकसभा प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत के साथ हुआ।

# रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिये करो या मरो का मुकाबला, नजरें मैकगुर्क और पंत पर

आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिये शायद काफी नहीं हों। केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं। ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाये। अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिये दोहरी चुनौती होगी।



वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास आस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं।

दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और उपयोगी गेंदबाज है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है लेकिन दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी रेट नौ से नीचे रहा है। खलील अहमद, मुकेश कुमार , लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया काफी महंगे साबित हुए हैं। पिछली बार दोनों टीमें मार्च में जयपुर भिड़ी थी जिसमें दिल्ली को पराजय का सामना करना पड़ा था।

**टीमें :**

***राजस्थान रॉयल्स:*** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

***दिल्ली कैपिटल्स:*** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# एक हार और मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 से बाहर, प्लेऑफ की राह है मुश्किल

आज मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2024 का 55वां मैच खेला जाएगा। ये मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। जहां हार्दिक पंड्या की ब्रिगेड अपने होम ग्राउंड में हैदराबाद को हराकर सम्मान बचाने के साथ प्लेऑफ की दौड़ में भी बने रहना चाहेगी। आईपीएल के 17वें सीजन में मुंबई इंडियंस 11 में से 8 मैच हार चुकी है, अपने घरेलू मैदान पर उसने अभी तक 5 मैच खेले हैं जिसमें से उसे महज 2 में जीत नसीब हुई है।

फिलहाल, मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है। मुंबई इंडियंस आधिकारिक रूप से टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुई है लेकिन अगर आज वो हैदराबाद के हाथों हारती है तो वह पूरी तरह से बाहर हो सकती है।

मुंबई इंडियंस के खाते में फिलहाल 6 अंक है, टीम के तीन




मैच और बाकी हैं। अगर मुंबई बचे सभी मैच जीत जाती है तो वह अधिकतम 12 अंकों तक ही पहुंच पाएगी। ऐसे में उन्हें टॉप-2 में विराजमान राजस्थान रॉयल्स और केकेआर को छोड़कर अन्य सभी टीमों को 12 अंकों तक रुकने की कामना करनी होगी। ये बेहद कठिन है, लेकिन मुंबई के पास दूसरा कोई मौका नहीं है।

वहीं मुंबई के बचे तीन मुकाबलों में से एक हार उन्हें टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा सकती है। एमआई एक मैच हारते ही अधिकतम 10 अंकों तक ही पहुंच पाएगी। टूर्नामेंट में फिलहाल 5 टीमें ऐसी है जिनके खाते में 10 से ज्यादा अंक है, ऐसे में उनका प्लेऑफ में पहुंचने का सपना हर हार के साथ खत्म हो जाएगा।

# धर्मशाला में भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का अनावरण किया गया

भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

धूमल ने कहा, इंग्लैंड में लार्ड्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं



होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।

टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए का आभार जताया। हाइब्रिड सतह को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण घटक 'यूनिवर्सल मशीन' है जिसे 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था और इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में समान पिचें बनाने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीसी ने टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है और योजना है कि इस साल से इनका इस्तेमाल चार दिवसीय काउंटी चैंपियनशिप में किया जाएगा।

## यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति

डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी। ज्योति ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा ,'' टीम में अच्छा तालमेल हैं। हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते हैं। सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं। विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिये बहुत अच्छा होगा।'' भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच खेलेगी और 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम से खेलेगी। इसके बाद 24 मई को बेल्जियम में मेजबान से खेलना है। इसके बाद जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा और 27 मई को जर्मनी में खेलना है। इसके बाद 29 मई को ब्रेडा में आरेंजी रूड से आखिरी मैच खेलना है।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए पाकिस्तान टीम तय नहीं लेकिन कप्तान कर रहे बड़े दावे, कहा हम वर्ल्ड कप जीतने जा रहे हैं

टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम का ऐलान अभी होना बाकी है लेकिन टीम के कप्तान बाबर आजम खान जीत को लेकर बड़े-बड़े दावे करने लगे हैं। पाकिस्तान की टीम इन दिनों इंग्लैंड और आयरलैंड के दौरे पर हैं, जहां सोमवार को पाक कप्तान बाबर आजम ने इन सीरीज पर बात करनी थी, लेकिन वे इन सीरीज की बजाय बहुत आगे निकल गए और टी20 वर्ल्ड कप के लिए दावे करने लगे।

बाबर आजम ने कहा कि हमें यकीन है कि पाकिस्तान वर्ल्ड कप जीतने जा रहा है। म 2021 और 2022 में फिनिश लाइन क्रॉस नहीं कर पाए थे, लेकिन पूरा भरोसा है कि इस बार देश को गर्व करने का मौका देंगे। पाकिस्तान की टीम 2022 में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में उपविजेता रहा था। साल 2021 में उसे सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

फिलहाल, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 10 मई से आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है। आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलने के बाद पाकिस्तानी टीम इंग्लैंड पहुंचेगी। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 22 मई से 30 मई के बीच 4 टी20 मैच खेले जाएंगे। इंग्लैंड और




आयरलैंड दौरे पर गई पाकिस्तान टीम में मोहम्मद हारिस को शामिल नहीं किया गया है। कप्तान बाबर आजम ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि, मैं मानता हूं कि टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद हारिस को ज्यादा मौके नहीं मिले हैं। हारिस की टॉप ऑर्डर में जगह बनती है जहां मेरे अलावा मोहम्मद रिजवान, सईम, फखर जमां भी हैं। इसी कारण उन्हें कम मौके मिले। पीएसएल में उन्हें मौके मिले तो वे आसका फायदा नहीं उठा पाए।

# कंगना रनौत ने खुद की तुलना बिग बी से की अमिताभ बच्चन के बाद अगर किसी को इतना प्यार मिला है वो मैं हूं, लोगों करने लगे ट्रोल

अभिनेत्री कंगना रनौत वर्तमान में लोकसभा चुनाव के प्रचार में डूबी हुई हैं, क्योंकि वह हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। उनके सार्वजनिक भाषण काफी ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान एक संबोधन, जहां उन्होंने खुद की तुलना बॉलीवुड आइकन अमिताभ बच्चन से की, ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बिंदु बन गया है।

उन्होंने रैली के दौरान कहा- पूरा देश हैरान है...चाहे मैं राजस्थान जाऊं, पश्चिम बंगाल जाऊं, दिल्ली जाऊं या मणिपुर जाऊं, ऐसा लगता है कि वहां कितना प्यार और सम्मान है। मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि अमिताभ बच्चन के बाद, अगर किसी को इंडस्ट्री में इतना प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह मैं हूं। उनके भाषण का वीडियो तब से वायरल हो गया है, जिस पर नेटिज़न्स की विभिन्न प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, जिसमें कई लोगों ने बॉक्स ऑफिस पर उनकी हालिया विफलताओं के बावजूद, बॉलीवुड के



सबसे प्रतिष्ठित आइकन में से एक के साथ उनकी तुलना के बारे में व्यंग्यात्मक टिप्पणियां की हैं।

कंगना की आखिरी हिट फिल्म 2015 में आई थी और उसके बाद उन्होंने बैक टू बैक 15 फ्लॉप फिल्में दीं। यहां वह अपनी तुलना अमिताभ बच्चन से कर रही हैं। एक सत्यापित पैरोडी अकाउंट ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वीडियो साझा करते हुए चुटकी ली। एक अन्य ट्विटर यूजर ने टिप्पणी की, उनके भाषणों के आधार पर, कंगना रनौत देश की पहली अभिनेत्री हो सकती हैं, जिन्हें चुनावी उम्मीदवार के रूप में उनकी भूमिका के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। जहां एक उपयोगकर्ता ने इसे आत्म-जुनून का चरम स्तर करार दिया, वहीं दूसरे ने इसे वर्ष का सबसे अच्छा मजाक बताया।

कांग्रेस का समर्थन करने वाले एक सत्यापित एक्स अकाउंट ने नोट किया यह आत्म-जुनून का अगला स्तर है। एक के बाद एक फ्लॉप फिल्में देने के बाद कंगना रनौत ने अपनी तुलना अमिताभ बच्चन से की। इससे पहले किसी ने भी अमित जी का इस तरह अपमान नहीं किया था।

इस बीच, एक अन्य ट्विटर उपयोगकर्ता ने कंगना की 2022 की एक्शन फिल्म धाकड़ के निराशाजनक बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर रिपोर्टिंग करने वाले एक पुराने समाचार लेख के शीर्षक वाली एक तस्वीर साझा करके प्रतिक्रिया व्यक्त की, जो एक बड़ी फ्लॉप साबित हुई थी। शीर्षक में लिखा है, धाकड़ बॉक्स ऑफिस कलेक्शनः कंगना रनौत की फिल्म ने 20 टिकट बेचे और 8वें दिन 4420 रुपये की कमाई की।

मंडी लोकसभा क्षेत्र में मौजूदा आम चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के दौरान 1 जून को मतदान होना है। 2019 में, भाजपा के राम स्वरूप शर्मा ने सीट पर जीत हासिल की, लेकिन 2021 में उनके निधन के बाद यह खाली हो गई। उसी वर्ष बाद में हुए उपचुनाव में, कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने सीट पर दोबारा कब्जा कर लिया।

# मुन्ना भाई सीरीज खत्म होनी चाहिए..., संजय दत्त स्टारर फिल्म की तीसरी किस्त पर अरशद वारसी ने तोड़ी चुप्पी

2003 में रिलीज़ हुई मुन्ना भाई एमबीबीएस और 2008 में रिलीज़ हुए लगे रहो मुन्ना भाई ने बॉक्स ऑफिस पर जादू चलाया। आज भी लोग इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। इन दोनों फिल्मों की कहानी के साथ-साथ लोगों को संजय दत्त और अरशद वारसी की एक्टिंग भी पसंद आई। कई लोग आज भी अरशद वारसी को सर्किट और संजय दत्त को मुन्ना भाई (मुरली प्रसाद शर्मा का टाइटल नाम) कहकर बुलाते हैं। अब फैंस इस फ्रेंचाइजी फिल्म की तीसरी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में जब अरशद वारसी से इस बारे में पूछा गया तो एक्टर ने क्या जवाब दिया आइए जानते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब अरशद से बातचीत में पूछा गया कि क्या मुन्ना भाई फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म बन रही है। एक्टर ने कहा, विधु विनोद चोपड़ा इसे बनाना चाहते हैं। राजकुमार हिरानी भी इसे बनाना चाहते हैं, और संजय



भाई भी इसे बनाना चाहते हैं और मैं भी इसे बनाऊंगा। लेकिन फिल्म अभी नहीं बन रही है।

राजू के पास सीक्वल के लिए तीन बेहतरीन स्क्रिप्ट हैं। कुछ चीजें यहां-वहां गायब हैं. मुझे नहीं लगता कि ऐसा हो रहा है। अब काफी समय बीत चुका है. मैंने राजू से कहा कि जो शुरू होता है उसका अंत भी होता है। ऐसा लगता है कि हमने मुन्ना भाई फिल्म फ्रेंचाइजी को इंटरवल पर छोड़ दिया। हर कोई अधीर है क्योंकि यह अभी ख़त्म नहीं हुआ है। अरशद ने कहा, मुन्ना भाई सीरीज खत्म होनी चाहिए।

आपको बता दें कि हाल ही में अरशद वारसी झलक दिखला जा के 11वें सीजन में जज के तौर पर नजर आए थे। वहीं अब वह अपनी आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और सौरभ शुक्ला भी हैं। संभवतः तीसरे भाग में अरशद और अक्षय असली जॉली बनने के लिए लड़ रहे होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरशद वारसी ने 29 अप्रैल को अजमेर (राजस्थान) में फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। वहीं, अक्षय ने 2 मई से अजमेर में शूटिंग शुरू की थी।

# मुझे लगा कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं..., शाहरुख खान इस महीने से अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग कर सकते हैं शुरू

2023 में एक सफल वर्ष का आनंद लेने के बाद, शाहरुख खान वर्तमान में अपनी आईपीएल टीम, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का समर्थन करने में व्यस्त हैं। उनके प्रशंसक उन्हें बड़े पर्दे पर वापस देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन, अभिनेता ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। हालांकि, शुक्रवार को स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में शाहरुख ने खुलासा किया कि वह जून में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा मुझे लगा कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फ़िल्में कर चूका हूँ, इन सभी के लिए बहुत अधिक शारीरिक श्रम की आवश्यकता होती है। मैंने केकेआर टीम से कहा कि इस बार मुख्य मैचों को देखूंगा। सौभाग्य से, मेरी शूटिंग अब अगस्त में है, या जुलाई... हम जून में योजना बना रहे हैं, तो जून से शुरू होगी। इसलिए, मैं सभी घरेलू मैचों में आना पसंद करूंगा क्योंकि कोलकाता आना मुझे अपने घर आने जैसा लगता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए यहां रहना महत्वपूर्ण है, इसलिए मैं अपने काम के अनुसार कार्यक्रम नहीं बनाता, लेकिन मैं सभी मैचों के लिए यहां रहने की पूरी कोशिश करता हूं।

जनवरी 2023 में सिद्धार्थ आनंद की फिल्म पठान के साथ शाहरुख ने सिल्वर स्क्रीन पर वापसी की। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई



रिकॉर्ड तोड़े और भारतीय फिल्म उद्योग में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक की सूची में अपना नाम दर्ज कराने में कामयाब रही।

जीरो और जब हैरी मेट सेजल जैसी फिल्मों की श्रृंखला के बाद चार साल के विश्राम के बाद यह फिल्म शाहरुख की पहली हिट फिल्म थी। पठान के बाद किंग खान सितंबर में जवान के साथ सिनेमाघरों में लौटे।

फिल्म में शाहरुख एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आए। फिल्म ने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया। विश्वव्यापी बॉक्स ऑफिस पर. कहने की जरूरत नहीं है कि शानदार प्रदर्शन करने वाले शाहरुख यहीं नहीं रुके। दिसंबर में उनकी डनकी आई, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस भी किया। फिल्म में तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी भी थे और इसका निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था।

# प्रियंका चोपड़ा ने करीना कपूर के लिए प्यारा संदेश पोस्ट किया, यूनिसेफ परिवार में बेबो का किया स्वागत

बॉलीवुड स्टार करीना कपूर को यूनिसेफ इंडिया के नेशनल एंबेसडर के रूप में नामित किया गया है। बेबो पहली बार 2014 में एक सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में संगठन में शामिल हुईं। अपने हालिया नियुक्ति समारोह में, भावुक दिख रही करीना ने मंच पर अपना भाषण दिया। यूनिसेफ की ग्लोबल गुडविल एंबेसडर और करीना की बॉलीवुड सहयोगी प्रियंका चोपड़ा ने अब इस पर प्रतिक्रिया दी है। इवेंट से करीना की एक तस्वीर साझा करते हुए, प्रियंका ने लिखा, परिवार में आपका स्वागत है @kareenkapoor खान, बहुत योग्य। करीना ने भी पोस्ट को दोबारा शेयर किया और लिखा, धन्यवाद पीसीजे, जल्द ही फिर मिलेंगे।

प्रियंका 2006 से यूनिसेफ के साथ जुड़ी हुई हैं और उन्हें साल 2010 और 2016 में बाल अधिकारों के लिए राष्ट्रीय और वैश्विक यूनिसेफ गुडविल एंबेसडर नामित किया गया था। प्रियंका पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों सहित कई




मुद्दों की वकालत करती हैं। प्रियंका खासतौर पर लैंगिक समानता और नारीवाद को लेकर काफी वोकल हैं।

4 मई को एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, करीना ने यूनिसेफ इंडिया के नेशनल एंबेसडर के रूप में अपनी नई भूमिका के लिए आभार और उत्साह व्यक्त किया और बच्चों के अधिकारों की वकालत जारी रखने और सभी बच्चों के लिए समानता सुनिश्चित करने का वादा किया। करीना ने यूनिसेफ इंडिया के साथ अपनी दस साल की यात्रा के बारे में भी बात की और कहा कि यह समृद्ध रही है। उन्होंने लिखा, मेरे लिए एक भावनात्मक दिन। मैं यूनिसेफ भारत का राष्ट्रीय राजदूत नियुक्त होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। पिछले 10 वर्षों में @kareenkapoor के साथ काम करना वास्तव में समृद्ध और ज्ञानवर्धक रहा है। हमने जो काम किया है उस पर मुझे गर्व है और मैं बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने तथा सभी बच्चों के लिए समान भविष्य के लिए आवाज बनने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहा हूं।

करीना ने भारत में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए समर्पित मेहनती टीम को धन्यवाद देते हुए अपनी पोस्ट समाप्त की। करीना ने इस मुद्दे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में भी लिखा। उन्होंने आगे कहा, पूरी टीम को विशेष धन्यवाद जो देश भर में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए अथक प्रयास कर रही है। मैं हर दिन प्रेरित होता हूं और हमारी निरंतर साझेदारी की आशा करता हूं। इस दुनिया की भावी पीढ़ी, बच्चों के अधिकारों जितनी महत्वपूर्ण कुछ चीजें नहीं हैं।

अब भारत के राष्ट्रीय राजदूत के रूप में यूनिसेफ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं कमजोर बच्चों और उनके अधिकारों के लिए अपनी आवाज और प्रभाव का उपयोग करने का प्रयास करूंगा, विशेष रूप से प्रारंभिक बचपन, शिक्षा और लैंगिक समानता के आसपास। क्योंकि हर बच्चा बचपन, उचित अवसर और भविष्य का हकदार है।÷

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार 07 मई 2024



# बिहार में सात मई को तीसरे चरण में पांच लोकसभा सीटों पर 54 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

**पटना (हि.स.)।** बिहार में तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य के झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होना है। इसके 48 घंटे पूर्व यानी रविवार की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण में कुल 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। इनमें 51 पुरुष और तीन महिला उम्मीदवार हैं। झंझारपुर में 10, सुपौल में 15, अररिया में 9, मधेपुरा में 8 और खगड़िया में 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण में पांच सीटों पर प्रदेश के 98 लाख 60 हजार 397 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 51 लाख 29 हजार 473 पुरुष तो 47 लाख 30 हजार 602 महिला मतदाता और 322 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के 2,716 मतदाता भी हैं। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 01 लाख 45 हजार 482 है। तीसरे चरण के मतदान में 11,818 बैलेट यूनिट, 11,818 कंट्रोल यूनिट और 12,861 वीवीपैट इस्तेमाल होंगे। प्रति बूथ 1001 मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था है। 32 बूथों का प्रबंधन महिलाएं संभालेंगी। इस चरण में कुल 45 मॉडल बूथ भी बनाए गए हैं। कुल 5,039 बूथों से लाइव बेवकास्टिंग होगी। झंझारपुर सीट पर मुंकेश सहनी की वीआईपी के सुमन कुमार महासेठ मैदान में हैं। महागठबंधन में शामिल होने के बाद राजद ने ये सीट वीआईपी को दी है। दूसरी ओर जदयू से इस सीट पर रामप्रीत मंडल हैं। इस सीट पर महागठबंधन का खेल बिगाड़ने के लिए गुलाब यादव मैदान में आ गए हैं। वे कुछ दिनों से बागी हो गए हैं। इस चुनाव में वह वीआईपी से टिकट के दावेदार थे। टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। गुलाब यादव पहले विधायक रह चुके हैं। पिछले साल उनकी पत्नी ने राजद से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय एमएलसी चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की थी। गुलाब यादव की बेटी जिला परिषद की अध्यक्ष हैं। खगड़िया सीट महागठबंधन में सीपीएम के खाते में है। सीपीएम ने संजय कुमार कुशवाहा को मैदान में उतारा है जबकि राजग की तरफ से ये सीट एलजेपी (रामविलास) के हिस्से में है। चिराग पासवान ने यहां महबूब अली कैसर को चलता कर राजेश वर्मा को मैदान में उतारा है। महागठबंधन और राजग दोनों के उम्मीदवार नए हैं। राजेश वर्मा पर एनडीए की सीट बचाए रखने की चुनौती है तो संजय कुमार कुशवाहा पर महागठबंधन को जीत दिलाने की। नेपाल से सटे सीमांचल के अररिया लोकसभा सीट में 40 प्रतिशत से ज्यादा यादव और 32 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इसके बाद भी 2019 में महागठबंधन यहां चुनाव हार गई थी। भाजपा के प्रदीप सिंह यहां से 1.37 लाख मतों से विजयी हुए थे।

इस बार प्रदीप का राजद के शाहनवाज आलम से मुकाबला है। कोसी के आंचल में बसे सुपौल में इस बार 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। कोसी क्षेत्र की सुपौल लोकसभा सीट पर जदयू के लिए सीट बचाने की चुनौती है। क्योंकि, सामान्य सीट से राजद ने दलित समाज से आने वाले चंद्र हास को टिकट देकर मुकाबले को दलित बनाम अगड़ा करने की कोशिश की है। लालू यादव को उम्मीद है कि एमवाई के साथ यदि दलित वोटर जुड़ जाते हैं तो उनकी जीत की राह आसान होगी।

**महागठबंधन**

**खगड़िया सीट महागठबंधन में सीपीएम के खाते में है। सीपीएम ने संजय कुमार कुशवाहा को मैदान में उतारा है।**



# (अपडेट) झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर के निजी सचिव के नौकर के यहां मिले 25 करोड़

**रांची (झारखंड)(हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सोमवार को राज्य की राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है। छापेमारी में राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से अब तक 25 करोड़ रुपये मिले हैं। अभी नोटों की गिनती चल रही है। बैंकों के अधिकारी बरामद रुपये की गिनती कर रहे हैं। इस कार्य में कई मशीनें लगी हैं। कुल 12 बक्सों में नोटों के बंडल को अरगोड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में ले जाया गया है। इसके अलावा ईडी की छापेमारी में पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से पांच करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। मुन्ना सिंह मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के करीबी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि यह रुपये मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल के हैं। बताया जा रहा है कि ईडी की यह छापेमारी गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में हुई है। ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी, 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इधर, संजीव लाल के ठिकाने से 25 करोड़ रुपये बरामदगी मामले में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि टीवी में आप लोग जो देख रहे हैं, हम भी वही देख रहे हैं।

**छापेमारी**

**छापेमारी में राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से अब तक 25 करोड़ रुपये मिले हैं।**



## श्रीलंका और फिलीपींस के डेलीगेशन ने भोपाल में देखी लोकसभा चुनाव की सामग्री वितरण प्रक्रिया

**भोपाल(हि.स.)।** श्रीलंका और फिलीपींस का 11 सदस्यीय डेलीगेशन चार दिवसीय प्रवास पर भोपाल आया हुआ है। इस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भोपाल में मतदान सामग्री वितरण प्रक्रिया को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। यह दल आठ मई तक यहां रहेगा।

इनके साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि दल को कलेक्टर एवं मास्टर ट्रेनर ने संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ईवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, मतदान सामग्री वितरण, मॉनिटरिंग, सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। सदस्यों ने निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका कलेक्टर सिंह ने समाधान किया।प्रतिनिधिमंडल में फिलीपींस के कमीशन ऑन इलेक्शन्स की एसोसिएट कमिश्नर सोकोर्रो बी. इंटिंग, डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट लेसली एन सी. कॉनक्विला तथा श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स% के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप, कमीशन मेम्बर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नान्डो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवासुरेन्द्र हैं।

# कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रोफेशनल्स को डरा रही है भाजपा: सुप्रिया श्रीनेत का आरोप

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी उनकी पार्टी से जुड़े प्रोफेसनल्स को डरा-धमका रही है। दिल्ली पुलिस के माध्यम से सोशल मीडिया से जुड़े पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं पर फर्जी कानूनी कार्रवाई कर उन्हें परेशान किया जा रहा है।कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत पत्रकार वार्ता कर आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस विचारधारा से जुड़े प्रोफेशनल्स को कार्रवाई का डर दिखा रही है। कांग्रेस मुख्यालय में वार्ता के दौरान श्रीनेत ने कहा कि भाजपा घबरा गई है। वहीं कांग्रेस पार्टी अपने प्रोफेशनल्स अपने सोशल मीडिया से जुड़े कंटेट राइटर को बचाने के लिए न्याय संगत उपाय कर रही है। सुप्रिया श्रीनेत यह भी आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस से जुड़े वीडियो को एडिट कर सोशल मीडिया पर डाल रही है। पार्टी ने इसके खिलाफ दिल्ली पुलिस में 72 घंटे पहले शिकायत की थी लेकिन दिल्ली पुलिस ने अभी तक कार्रवाई नहीं की। आज सुबह पुलिस आयुक्त से मिलने पर हमें कार्रवाई का आश्वासन मिला है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सोशल मीडिया पर वैमनस्य फैलानेवाले वीडियो डाला जा रहे हैं। राहुल गांधी का वीडियो काट छांटकर सोशल मीडिया पर डाला जा रहा है। कर्नाटक में भी इस तरह की घटना हो रही है। दिल्ली में बड़े बड़े होर्डिंग अवैध तरीके से लगाए गए। चुनाव आयोग को निष्पक्षता से काम करना चाहिए। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि दो चरण का मतदान हो चुका है तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को है। उन्होंने कहा कि पिछले दो चरणों में कम मतदान की वजह धूप व गर्मी नहीं है बल्कि भाजपा के मतदाताओं में उत्साह नहीं होना है।



## गढ़चिरौली में विस्फोटकों से भरे 6 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट किए गए

**मुंबई हि.स.।** गढ़चिरौली जिले के टीपागढ़ इलाके में सी-60 के एक दस्ते और सीआरपीएफ की क्यूएटी की टीम ने सोमवार को मिट्टी की खदान में छिपाए गए विस्फोटकों को बरामद किया। बाद में टीम ने विस्फोटकों से भरे 6 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट करके बड़ा हादसा टाल दिया। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस की टीम कर रही है। पुलिस को टीपागढ़ इलाके में भारी मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखे जाने की जानकारी मिली थी। इस पर सी-60 की एक यूनिट और सीआरपीएफ की क्यूएटी टीम के साथ 2 बीडीडीएस टीमों को तैनात किया गया था। टीम के जवानों ने पहाड़ी पर छिपाए गए विस्फोटक, क्लेमोर माइंस और प्रेशर कुकर को ढूंढ निकाला। टीम को विस्फोटक और डेटोनेटर से भरे 6 प्रेशर कुकर, विस्फोटक और छर्रे से भरे 3 क्लेमोर पाइप भी मिले। इस दौरान टीम ने 9 आईईडी को नष्ट भी किया। टीमों को उसी स्थान पर एक प्लास्टिक बैग में बारूद, दवाइयां और कंबल भी मिले। बीडीडीएस टीम ने कुल 9 आईईडी और 3 क्लेमोर पाइप को नष्ट कर दिया गया।

## भाजपा ने दिल्ली के लिए जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची, अरविंदर सिंह लवली का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली मई (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की सभी सातों सीटों पर सोमवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें

Names of BJP Leaders who will campaign for BJP Candidates for Lok Sabha Election 2024 in the State of NCT OF DELHI (Schedule-6)

1. Shri Narendra Modi
2. Shri Jagat Prakash Nadda
3. Shri Rajnath Singh
4. Shri Amit Shah
5. Shri Nitin Gadkari
6. Shri Piyush Goyal
7. Shri Yogi Adityanath
8. Shri Hardeep Singh Puri
9. Smt Smriti Irani
10. Shri Arjun Ram Meghwal
11. Dr. Mohan Yadav
12. Shri Pushkar Singh Dhami
13. Shri Bhajan Lal Sharma
14. Shri Nayab Singh Saini
15. Shri Himanta Biswa Sarma
16. Shri Devendra Fadnavis
17. Shri Prem Chand Bairwa
18. Smt. Diya Kumari
19. Shri Samrat Choudhary
20. Shri Arun Singh
21. Shri Tarun Chugh
22. Shri Dushyant Kumar Gautam
23. Shri Om Prakash Dhankar
24. Dr. Alka Gurjar
25. Shri Manjinder Singh Sirsa
26. Shri Anil Baluni
27. Shri Virendra Sachdeva
28. Shri Manoj Tiwari
29. Smt. Hema Malini
30. Shri K. Annamalai
31. Shri Mukhtar Abbas Naqvi
32. Dr. Harsh Vardhan
33. Smt. Meenakshi Lekhi
34. Shri Vijay Goel
35. Shri Parvesh Verma
36. Shri Ramesh Bidhuri
37. Shri Gautam Gambhir
38. Shri Vijender Gupta
39. Shri Satish Upadhyay
40. Shri Arvinder Singh Lovely

हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली का नाम भी है। इस सूची में पार्टी के शीर्ष नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, पीयूष गोयल, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, सांसद हेमा मालिनी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम प्रमुख है।

## नेपाल से चल रही थी आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टेबाजी, 13 भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू,(हि.स.)।** नेपाल के सीमावर्ती शहर बुटवल से 13 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर भारत में चल रहे आईपीएल मैचों में सट्टेबाजी में शामिल होने का आरोप है। बुटवल पुलिस के डीएसपी विजयराज पंडित ने बताया कि बुटवल शहर के एक घर पर छापा मार कर इन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस को एक घर के फ्लैट में कुछ युवाओं की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर इलाका प्रहरी कार्यालय बुटवल और इलाका प्रहरी कार्यालय रामनगर ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर इन सबकी गिरफ्तारी की है। उन्होंने बताया कि बुटवल के कालिकानगर मोहल्ले में एक घर किराए पर लेकर यहीं से ऑनलाइन सट्टेबाजी का धंधा चलाया जा रहा था।

# विदेश मंत्री ने कहा- नेपाल कूटनीतिक माध्यम से भारत के साथ सीमा का समाधान करने के पक्ष में

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाली सौ के नोट पर भारतीय इलाकों वाला विवादित नक्शा छापने के मुद्दे पर विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा है कि नेपाल कूटनीतिक माध्यम के जरिए ही भारत से सीमा समस्या का समाधान करने के पक्ष में है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल के इस ताजा निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि इससे जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती है। जब विभिन्न कूटनीतिक चैनल में इस मुद्दे पर बातचीत चल रही है तो ऐसे में नेपाल का यह फैसला अप्रत्याशित है। भारतीय विदेश मंत्री के बयान के बाद आज नेपाली संसद की अन्तरराष्ट्रीय संबंध समिति ने नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से जवाब तलब किया था। सांसदों ने विदेश मंत्री श्रेष्ठ से पूछा कि आखिर जब भूमि विवाद पर कूटनीतिक वार्ता चल रही है तो ऐसे में नेपाल ने अपने नोट पर विवादित नक्शे को छापने का निर्णय क्यों लिया? सांसदों ने विदेश मंत्री से यह भी जानना चाहा कि क्या नेपाल के इस एकतरफा फैसले से कूटनीतिक वार्ता पर नकारात्मक असर पड़ेगा ? सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि नेपाल भी चाहता है कि दोनों देशों के बीच रहे सीमा समस्या पर कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही समाधान निकाला जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल ने अपनी तरफ से विभिन्न स्तर पर इन विषयों को उठाया है। उन्होंने सांसदों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नेपाल के सौ रुपये के नोट में अब तक पुराना नक्शा ही अंकित रहता था। चूंकि, नेपाल के संविधान ने जब नए नक्शे को अंगीकार करने का सर्वसम्मत से फैसला किया है तो ऐसे में नेपाल राष्ट्र बैंक की तरफ से आए प्रस्ताव को स्वीकार किया गया है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है और भारत को भी इसे सामान्य तरीके से लेना चाहिए।



# क्या चीन में फिर फैलने वाली है महामारी? अस्पतालों में आईसीयू बेड बढ़ाने की सिफारिश

**शंघाई।** चीन में कोरोना महामारी ने हाल ही में भारी तबाही मचाई थी। देश में इस महामारी के कारण हजारों लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, अब चीन ने महामारी से हुई मौतों से सबक लिया है। चीन की कई एजेंसियों ने सोमवार को देश में ICU बेडों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। एजेंसियों ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि देश में ICU बेडों की संख्या साल 2025 तक प्रति 100,000 लोगों पर 15 और साल 2027 तक 18 तक होनी चाहिए। चीन ने हाल ही के समय में सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के हिस्से के रूप में ICU बेडों की संख्या को कुछ हद तक बढ़ाया है। हालांकि, देश की जनसंख्या को देखते हुए चीन को इस मामले में आलोचना का सामना करना पड़ता है। कई आलोचकों का कहना है कि देश की स्वास्थ्य प्रणाली अभी भी कम संसाधनों वाली है। चीन की कई एजेंसियों ने सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी किया। अपनी सिफारिश में एजेंसियों ने कहा कि 2025 के अंत तक देश में प्रति 100,000 लोगों पर ICU बेडों की संख्या 15 और 2027 के अंत तक इसकी संख्या 18 होनी चाहिए।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग सहित कई एजेंसियों ने अपनी सिफारिश में अस्पताल के बिस्तरों की संख्या भी बढ़ाने पर जोर दिया। एजेंसी ने कहा कि साल 2025 तक आईसीयू में परिवर्तनीय क्षमता वाले बेडों की संख्या प्रति 100,000 लोगों पर 10 और 2027 तक 12 तक पहुंच जानी चाहिए। शंघाई के फुडन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के आंकड़ों को मुताबिक, चीन में साल 2021 में प्रति 100,000 लोगों पर सिर्फ 4.37 आईसीयू बेड थे, जबकि 2015 में अमेरिका में इसकी संख्या 34.2 थी।

**स्वास्थ्य**

**चीन ने हाल ही के समय में सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के हिस्से के रूप में ICU बेडों की संख्या को कुछ हद तक बढ़ाया है।**



## नेपाल के एक गांव में कोल्ड ड्रिंक्स पर प्रतिबंध, मेहमानों का स्वागत दूध, दही, लस्सी और छांछ से होगा

**पंचायत**

**स्थानीय किसानों और पशुपालकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह फैसला ग्राम पंचायत की बैठक में लिया गया है।**



**काठमांडू (हि.स.)।** भरतपुर जिले की गांव पालिका इच्छाकामना के प्रधान ने अपने गांव में कोल्ड ड्रिंक्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्थानीय किसानों और पशुपालकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह फैसला ग्राम पंचायत की बैठक में लिया गया है। इसके बदले में मेहमानों का स्वागत दूध, दही, लस्सी, छांछ और नींबू पानी से किया जाएगा। इच्छाकामना गांव के प्रधान दान बहादुर गुरूंग ने बताया कि इस ग्राम पंचायत के अधीन सभी सरकारी दफ्तरों में किसी भी मेहमान के आने पर या किसी भी प्रकार की बैठक में कोल्ड ड्रिंक्स परोसने पर रोक लगा दी गई है। इसके बदले में मेहमानों का स्वागत दूध, दही, लस्सी, छांछ और नींबू पानी से किया जाएगा। गुरूंग ने बताया कि इस फैसले से स्थानीय किसानों और पशुपालकों के स्थानीय उत्पादों का प्रयोग करने से किसानों को प्रोत्साहन के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी मिलेगा। ग्राम प्रधान गुरूंग इन दिनों अपने ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर में जाकर इस फैसले पर अमल करने का आग्रह करते नजर आते हैं। ग्राम प्रधान का मानना है कि सेहत के नजरिए से भी यह फायदेमंद ही है। गुरूंग को विश्वास है कि उनके द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को ना सिर्फ पूरे गांव का समर्थन मिलेगा, बल्कि आसपास के सरकारी दफ्तर भी इसका अनुसरण करेंगे।

## एफबीआई का पूर्व एजेंट कामरान फरीदी रिहा, अमेरिका से लौटना होगा पाकिस्तान

**लंदन,(हि.स.)** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के पूर्व हाई-प्रोफाइल एजेंट कामरान फरीदी को अदालत ने फ्लोरिडा जेल से लगभग चार साल बाद सशर्त रिहा कर दिया। कामरान को इस साल अगस्त से पहले पाकिस्तान लौटना होगा। पाकिस्तान के जिओ न्यूज की वेबसाइट पर इस पर विस्तार से चर्चा की गई है। जिओ न्यूज ने अदालत के आदेश पर आधारित रिपोर्ट में कहा है कि न्यूयॉर्क के दक्षिण जिले के जिला न्यायाधीश कैथी सीबेल ने फरीदी को 84 महीने की मूल सजा काटने से 72 महीने पहले रिहा करने का आदेश दिया। कामरान फरीदी कभी कराची का स्ट्रीट गैंगस्टर रहा है।अमेरिकी सरकार ने न केवल उसकी नागरिकता रद्द कर दी है, बल्कि संयुक्त अरब अमीरात और तुर्किये में उसके दो निवास परमिट भी रद्द किए जा चुके हैं। जेल से रिहा होने के बाद कामरान फ्लोरिडा में अपनी पत्नी केली के साथ रह रहा है। कामरान ने कहा है कि रिहाई पर अदालत ने कई शर्त लगाई हैं।उनमें प्रमुख है नागरिकता छोड़ना। यह नागरिकता 1990 के दशक की शुरुआत में एफबीआई के लिए काम करने के लिए सहमत होने के बाद मिली थी। फरीदी को 09 दिसंबर, 2022 को न्यूयॉर्क के वेस्टचेस्टर में तीन पूर्व एफबीआई सहयोगियों को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 16 अगस्त, 2018 को लंदन में कराची के व्यवसायी जाबिर मोतीवाला की गिरफ्तारी में फरीदी की भूमिका रही है। फरीदी ने एफबीआई एजेंट की भूमिका में पाकिस्तान सहित कई मुस्लिम देशों में आतंकवाद विरोधी अभियान से जुड़ा रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, 1995 से फरवरी 2020 तक एफबीआई के लिए काम करने वाले फरीदी का पतन 02 मार्च, 2020 को शुरू हुआ। अगले दिन उसे अपनी पत्नी केली के साथ मियामी से यूके में प्रवेश करने की कोशिश करते समय लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। उसने लंदन के लिए उड़ान भरने से पहले मोतीवाला के लंदन के वकीलों से बात की थी।

# चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं : रवि कुमार

**रांची (हि.स.)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा। हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिले में जिस वाहन को लेने के लिए चिह्नित किया गया है, उसे दूसरे जिले में चिह्नित नहीं किया जाएगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिले, इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सात मई को संध्या छह से आठ बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर स मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री पोस्ट करने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए हैशटैग लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

# आज का बूथ अध्यक्ष कल का जे.पी. नड्डाः कौशलेन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मछलीशहर लोकसभा 74 के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन विधानसभा वार हुआ, जफराबाद विधानसभा का सम्मेलन जे0बी0 ग्रीन रिसार्ट जलालपुर, मड़ियाहूं विधानसभा का सम्मेलन वैष्णवी मैरेज हॉल, मछलीशहर विधानसभा का सम्मेलन केवला शंकर दियावा महादेव विद्यालय, केराकत विधानसभा का सम्मेलन आर0 पी0एस0 महाविद्यालय उदय चन्द्रपुर केराकत में सम्पन्न हुआ ,जफराबाद विधनसभा के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन के मुख्य अतिथि नन्द गोपाल गुप्ता (नन्दी) रहें, और मडियाहूं व मछलीशहर विधानसभा के मुख्य अतिथि वाराणसी महानगर के पूर्व मेयर भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता कौशलेन्द्र सिंह पटेल जी रहें। केराकत विधानसभा के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन के मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार) उ0प्र0 सरकार जी रहे। विधानसभा के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन कार्यक्रम का संचालन विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र दूबे व मछलीशहर कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक राकेश शुक्ला ने किया। मडियाहूँ व मछलीशहर के बुथ अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कौशलेन्द्र सिंह ने कहा कि, आज का बूथ अध्यक्ष कल का जे0पी0 नड्डा हो सकता है। ये सिर्फ भारजीय जनता पार्टी में ही संम्भव है। इसी क्रम में जफराबाद विधानसभा के बूथ अध्यक्षो को सम्बोधित करते हुए उ0प्र0 सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने कहा कि, जो बूथ अध्यक्ष अपना बूथ सबसे बड़े अन्तर से जीतेगा उस बूथ अध्यक्ष को मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ से मिलवाने और उस बूथ अध्यक्ष को सम्मानित कराने का कार्य करूंगा। इसी क्रम में विधानसभा केराकत बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उ0 प्र0 सरकार के राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि, दूध अध्यक्ष के दम पर ही भारतीय जनता पार्टी कि सरकार का निर्माण हुआ है। बूथ अध्यक्ष हमारा सबसे अहम व्यक्ति है बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ होता है, इसी क्रम में मंचाशीन उ0प्र0 सरकार के पू0 मंत्री जगदीश सोनकर , पू0 विधायक सुषमा पटेल , पू0 विधायक डा0 लीना तिवारी , पू0 विधायक गुलाब सरोज ,एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू , जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, जिला संयोजक और विधनसभा प्रभारियों ने अपनी-अपनी बात बूथ अध्यक्षों के सामने रखी। इसके पश्चात जिला मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा ने मंच का सम्मान करते हुए एक नारा दिया जिसको सभी बूथ अध्यक्षों ने दोहराया 04 जून 400 के पार फिर एक बार बी0पी0 सरोज एवम मोदी सरकार। आये हुए सभी बूथ अध्यक्षों का आभार व्यक्त किया।

# अंकुश अग्रहरि के नाबाद 64 रन से शाहगंज तहसील की टीम ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि लोकतंत्र के महापर्व पर जनपद जौनपुर में 25 मई 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान होना है। जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने व युवा मतदाताओं को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में ''वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित ''एकलव्य स्टेडियम'' में टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन के दूसरे चक्र का पहला मुकाबला तहसील शाहगंज व सदर ए के मध्य खेला गया जिसमें अंकुश अग्रहरि के आतिशी बल्लेबाजी से शाहगंज की तहसील की टीम ने जौनपुर सदर ए को 02 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर जौनपुर सदर ए ने बैटिंग करने का निर्णय लिया। जौनपुर सदर ए की टीम 20 ओवर में 08 विकेट पर 115 रन बनाया। शाहगंज की टीम दूसरी पारी में बैटिंग की। अंकुश अग्रहरि के ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के कारण शाहगंज की टीम विजेता हुई। अंकुश ने 54 बाल पर 08 चौकों की मदद से 64 रन बनाया। वहीं सदर ए की टीम से यश साहू ने 28 बाल पर 02 चौका व छक्के की मदद से 34 रन तथा रोहित शर्मा ने 37 बाल पर 02 चौकों की मदद से 31 रन बनाया। बालिंग में विजय प्रकाश विश्वकर्मा ने सदर ए के लिए अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 04 ओवर में मात्र 9 रन दिये और 03 विकेट भी झटके, सदर टीम के रोहित यादव ने भी अच्छे बालिंग का प्रदर्शन किया। इन्होंने 04 ओवर में 01 मेडन, 18 रन व 03 विकेट भी हासिल किया। वहीं शाहगंज की ओर से राजन तिवारी ने 04 ओवर में 13 रन देते हुए 01 विकेट लिया। 07 मई 2024 को दूसरे राउण्ड का दूसरा मैच मछलीशहर और बदलापुर के मध्य खेला जायेगा। मछलीशहर व बदलापुर के मध्य होने वाले मैच की विजेता टीम 10 मई 2024 को प्रथम सत्र शाहगंज से पहले सेमीफाइनल में मुकाबला करेगी।

# सांसद श्याम सिंह यादव ने बसपा से किया नामांकन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जौनपुर के सांसद श्याम सिंह यादव ने सोमवार को 73-जौनपुर संसदीय क्षेत्र हेतु 2 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री यादव ने बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित नामांकन स्थल पर पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ 4 प्रस्तावक भी मौजूद रहे। वहीं श्री यादव ने बताया कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने मुझे देर रात को दूरभाष के माध्यम से कहा कि पार्टी के सिम्बल पर आपको चुनाव लड़ना है। बता दें कि इसके पहले पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी ने बसपा की उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया था। चर्चाओं की मानें तो धनंजय सिंह ने चुनाव न लड़ने की बात सोशल मीडिया के माध्यम से कहते हुये चुनाव से पीछे हट गये हैं।

## पुलिस प्रेक्षक लक्ष्मण निमवर्गी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मा0 सामान्य प्रेक्षक डॉ0 विजयचन्द्रकान्त राठौर (लोकसभा क्षेत्र 69-आजमगढ़), मा0 पुलिस प्रेक्षक लक्ष्मण निमवर्गी ने निर्वाचन कार्यालय में बनाये गये ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने फायर एक्स्टींग्यूसर के एक्सपायरी डेट का भी अवलोकन किया। इसी के साथ ही उन्होने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल विश्वकर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री चिराग जैन उपस्थित रहे।

# भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी उसके कार्यकर्ताः दिलीप

- विपक्ष की जमानत जब्त करने के लिए ताकत झोके कार्यकर्ताः दिलीप पटेल
- मै सांसद नहीं आपकी मददगार बनने आया हूं कृपाशंकर सिंह




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का बूथ सम्मेलन जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्ष ता मे सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल रहे। मुख्य अतिथि दिलीप पटेल ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को टिप्स देते हुए बूथ जीतों चुनाव जीतों का मंत्र दिया। उन्होंने कहा बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ और भाग्य विधाता हैं। वह बूथ पर पार्टी का परचम फहराता है। उन्होंने कहा लोकसभा जौनपुर मे तीन लाख वोट तो भाजपा परिवार के हैं अगर तीन लाख लोग एक- दो वोट जोड़ें तो सात से आठ लाख वोट हो जाएंगे उन्होंने कहा विपक्ष की जमानत जब्त करानें के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक दें हम भारत को विकसित व विश्वगुरु बनाने के लिए काम कर रहे हैं। आप सभी कार्यकर्ता हमारी पूंजी हैं और आपके दम पर ही हम हर बूथ दोगुने अंतर से जीतने जा रहे हैं। मोदी जी ने धारा 370 हटाई, अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण करवा कर हमको 500 साल की गुलामी से मुक्त करवाया। लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने बुथ अध्यक्ष को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं सांसद नहीं आपकी मददगार बनने आया हूं लोकतंत्र की असली मालिक जनता होती हैं। सांसद आपका सेवक होता हैं मैंने हमेशा सेवा की राजनीति की हैं मेरा मिशन आपकी जिंदगी को बेहतर व खुशहाल बनाना है। हर बूथ पर कम से कम 425 वोट और 65 प्रतिशत वोटिंग के लिए काम करना है। 20 दिन चुनाव में बचें हैं प्रधान बीडीसी पूर्व बीडीसी व पूर्व प्रधान से लगातार संपर्क में रहें। इसलिए जनता के बीच लगातार जाकर सम्पर्क साधकर नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कामों की जानकारी पहुंचाएं।

# नगदी समेत बीस लाख का सामान उठा ले गये चोर

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** पवांरा थाना क्षेत्र के सजई कला गांव में रविवार की रात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर लगभग बीस लाख के जेवरात व दो लाख नगदी उठा ले गये। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह उठने पर हुई तो पैरों तले जमीन खिसक गई। सजई कला गांव में अरूण तिवारी का माकान है वह मुम्बई में रहते हैं। घर में परिवार के लोग रहते हैं। रविवार की शाम 6 बजे बहू की तबीयत खराब हो गई तो आनन फानन में मछली शहर ले गये। हालत बेहतर न देख परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। बहू के अस्पताल में भर्ती होने के बाद परिजन अस्पताल में ही रुक गये। घर में अरूण तिवारी की मां रामपति देवी व पुत्री निधि तिवारी थे। करीब 12 बजे दोनों लोग खाना पीना खाकर बरामदे में सो गये। रात को चोरों ने छत की सीढ़ी के सहारे आंगन में उतरे और ताला लगे कमरों का ताला तोड़कर घर में रखी दो आलमारी उठा ले गये। आलमारी में करीब 20 लाख के गहने व दो लाख नगदी रखें हुए थे। सुबह निधि की आंख खुली तो कमरों का सामान अस्त-व्यस्त था कमरे में रखी आलमारियां गायब थी। पुलिस को परिजनों ने सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन शुरू कर दी। दोनों आलमारियां घर से पांच सौ मीटर दूर एक खेत में पड़ी मिली जिसमें से सारे गहने गायब थे। रोहित तिवारी के पुत्र शुभम तिवारी ने थाने में चोरी की लिखित सूचना दे दी है। शुभम तिवारी के मुताबिक घर में रखे बीस लाख के जेवरात व दो लाख नगदी चोर उठा ले गये है। इस बाबत पवांरा थानाध्यक्ष राज नारायण चौरसिया का कहना है कि चोरी की जानकारी संज्ञान में है।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की राह आसान करेगा गंगा पथ

- गंगा किनारे 12 किमी लंबे पथ का 95 करोड़ से हो रहा है निर्माण
- महाकुंभ में शहर को जाम की समस्या से बचाएगा गंगा पथ

### इन क्षेत्रों में हो रहा है गंगा पथ का निर्माण

प्रयागराज। गंगा किनारे रसूलाबाद घाट से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप महावीर पुरी तक का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। गंगा के दोनों किनारे पर इन सड़कों का निर्माण हो रहा है।

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए योगी सरकार कई नए कदम उठा रही है। इसी के तहत गंगा तट पर 95 करोड़ से गंगा पथ का निर्माण किया जा रहा है। इससे यहां आने वाले 41 करोड़ से अधिक पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दिनेश तिवारी ने बताया कि राजधानी लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर प्रयागराज में भी गंगा किनारे लगभग 12 किलोमीटर गंगा पथ का निर्माण कराया जा रहा है। यह महाकुंभ-2025 से पहले बनकर तैयार हो जाएगा। इससे कुंभ क्षेत्र में भीड़ को व्यवस्थित करने में यह काफी मददगार साबित होगा। सिंचाई विभाग की तरफ से इसका निर्माण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए गंगा नदी के दोनों किनारों पर सात खंडों में रिवर फ्रंट की तर्ज पर सड़क बनाई जा रही है। गंगा पथ आम सड़कों से बिलकुल अलग होगी। इसका निर्माण इंटर लाकिंग, बोल्डर क्रेट से किया जा रहा है, जिसमें स्लोप पिचिंग का कार्य भी होगा। इस सड़क को आदर्श सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके किनारे बेंच लगाई जाएगी। कई जगह जगह पर सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण होगा।

## पूर्व विधायक के पुत्र के निधन पर कांग्रेसजनों का शोक

**प्रयागराज।** शहर के प्रमुख कांग्रेसजनों की एक शोक सभा यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में अपराह्न कैम्प कार्यालय हिम्मतगंज में हुई। बैठक में पूर्व विधायक हाजी मुज़्तबा सिद्दीकी के बड़े बेटे अब्दुल्ला की असमय मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कहा गया कि 36 वर्ष की कम उम्र में डिग्री कालेज और अन्य शिक्षण संस्थानों का कुशल संचालन करने वाले अब्दुल्ला नेक दिल होने के साथ खुश मिज़ाज इंसान थे। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव फुज़ैल हाशमी, पीसीसी सदस्य हरिकेश त्रिपाठी, अरशद अली, अजय श्रीवास्तव,परवेज़ सिद्दीकी, विनय पांडेय, सरताज़ मोहम्मद, विनय पांडेय, मो. ज़ावेद, अरूण चौरसिया, केशव पासी, जाहिद नेता, संजय सिंह , मो. फरहान आदि थे।

# श्यामलाल पाल बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

- जिले की प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहिउद्दीन पुर के निवासी है श्यामलाल पाल
- प्रदेश अध्यक्ष बनने पर लगातार दी जा रही बधाई



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्याम लाल पाल को प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया है। श्री पाल नरेश उत्तम पटेल की जगह नये प्रदेश अध्यक्ष बनाये गए हैं। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जिले के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहिउद्दीन पुर गाँव के मूल निवासी हैं। इनके पिता स्व. जवाहिर लाल पाल किसान थे। 12 अक्टूबर 1960मे जन्मे श्यामलाल ने इंटर तक की पढ़ाई जनसेवा इंटर कालेज से पूरी की।स्नातक की पढ़ाई इलाहाबाद विश्व विद्यालय से करने के बाद सम्पूर्णनंद विश्व विद्यालय से बी एड और एम एड की डिग्री हासिल की। श्यामलाल पाल ने जिस विद्यालय मे शिक्षा ग्रहण की थी बाद मे उसी जनसेवा इंटर कालेज मोहिउद्दीन पुर मे प्रधानाचार्य पद से साल भर पहले सेवानिवृत हुए हैं।सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार श्यामलाल पाल की शिक्षण कार्य के साथ ही राजनीति मे गहरी रूचि थी। उन्होंने वर्ष 1996 मे और वर्ष 2007 मे विधानसभा प्रताप पुर से अपना दल के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था।

वर्ष 2007 मे ही इलाहाबाद जिले के तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष कमल सिंह यादव के प्रयास से उन्होंने सपा के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव से मुलाक़ात की और सदस्यता ग्रहण करने के बाद आज तक समाजवादी पार्टी मे सेवा देते रहे हैं ।2007 नेताजी के आशीर्वाद से तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव ने उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी मे सचिव पद सौंपा।2021मे प्रदेश के महासचिव और वर्ष 2023 मे प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए पार्टी का कार्य करते रहे। श्याम लाल पाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर आज सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन मे एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई एवं शुभकामनायें दी गई। बधाई देने वालों मे जिलाध्यक्ष अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन,पप्पूलाल निषाद, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव, अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, हाजी परवेज अहमद, सत्यवीर मुन्ना, बासुदेव यादव, कमल सिंह यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, पंधारी यादव,रामानंद भारतीय,नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ मौर्य, उज्जवल रमण सिंह,राम सुमेर पाल, रविंद्र यादव, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी,राम अवध पाल, संतलाल वर्मा,सुरेश यादव, राम प्रताप पाल, संजय मौर्य, राम प्रताप यादव, संजीव यादव, सुरेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, पंडित सुमन शर्मा, पुन्ना पासी, राजेश यादव, मंजू यादव, प्रतिमा रावत, सत्य भामा मिश्रा, नवीन यादव, आसुतोष तिवारी, मुलायम यादव, शकील अहमद, राम दुलार यादव, जीतलाल यादव, अमर सिंह, बच्चा यादव, श्याम सूरत सरोज, हरिश्चन्द्र यादव, आदि ने बधाई दी है।

# मजलिस ए तरहीम में छलके आँसू

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बख्शी बाज़ार स्थित इमामबाड़ा नाज़िर हुसैन में अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार की ओर से ज़ाकिर ए अहलेबैत मरहूम ज़ायर हुसैन के ईसाल ए सवाब को मजलिस ए तरहीम का आयोजन किया गया। शायर ए अहलेबैत, सफ़ीरे हुसैनियत, मीर ए मनक़बत, बहलोल ए हिन्द, आफताब ए निज़ामत नजीब इलाहाबादी के संचालन में सैय्यद हैदर मेंहदी व अलमदार क़ाज़मी ने सोज़ व सलाम सुना कर खेराजे अक़ीदत पेश की तो मौलाना आमिरुर रिज़वी साहब क़िब्ला ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा ज़ायर हुसैन वह अज़ीम शख्सियत थे। जो शहर की हर छोटी बड़ी मजलिसों में ज़िक्र ए अहलेबैत में अपने आप को मसरुफ़ किए रहते थे। चाहे मजलिस पढ़नी हो या मर्सियाख्वानी या नौहा हर जगह ज़ायर हुसैन मसरुफ़ ए शोहदाए कर्बला रहते थे।

मजलिस में मौलाना अफ़ज़ल अब्बास, ज़ाकिर ए अहलेबैत रज़ा अब्बास जैदी, रिज़वान जव्वादी, फरीद रज़ा, ज़ुलक़रनैन आब्दी, मक़सूद रिज़वी, ताज रिज़वी, काज़िम अब्बास, अहमद जावेद, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, हसनैन अख्तर, हुसैन रज़ा, रिज़वान अली अख्तर, अरशद नक़वी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी आदि शामिल रहे।

## माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटों ने पास की परीक्षा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे अहजम अहमद और अबान अहमद ने इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा पास कर ली है। सोमवार को घोषित किए गए सीआईएससीई के रिजल्ट में दोनों को 70 फीसदी से ऊपर अंक मिले हैं। अतीक के दोनों बेटे सेंट जोसेफ कॉलेज में पढ़ते हैं। पिछले साल पिता की हत्या के चलते दोनों परीक्षा नहीं दे सके थे। इस साल दोनों ने ऑफलाइन तरीके से परीक्षा देकर सफलता हासिल की। अहजम अहमद इंटर और अबान अहमद हाईस्कूल में था। दोनों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि दोनों कभी स्कूल तो नहीं आए लेकिन हर प्रोजेक्ट को समय पर सम्मिट करते थे। दोनों ने मेहनत करते हुए परीक्षा पास की है।

# चलाया गया मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल 93 बटालियन प्रयागराज एवं प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आज मुडेरा मंडी प्रयागराज के गेट नंबर 2 पर जिसमे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट अनिल शुक्ला एवं असिस्टेंट कमांडेंट अजय कुमार के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूवात किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के प्रबंधक फरहान आलम ने किया साथ ही सीआरपीएफ एवं स्थानीय लोगो ने तख्तियां लेके नारे भी लगाए, जिसमे वोट हमारा है अधिकार करे नही इसको बेकार जैसे स्लोगन लिखे हुए थे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवम दुआ, ज़ाकिर अली खान, प्रतीक तिवारी, हिमांशु, मनोज एवं समस्त सीआरपीएफ की टीम मौजूद रही।

# बेटियों को शिक्षा दिलाना हमारा लक्ष्यः युद्धवीर

- दुर्बल अभावग्रस्त वर्ग की कन्याओं के लिए सावित्री बाई छात्रावास का उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन सेवा भारती प्रयागराज विभाग के द्वारा आज समाज के दुर्बल अभावग्रस्त वर्ग की कन्याओं के लिए सावित्री बाई छात्रावास का उद्घाटन क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर द्वारा लोक नाथ चौक स्थित भवन में किया गय।

उक्त अवसर पर युद्धवीर ने कहा कि जिन बालिकाओं को यह पता नहीं था कि वो कभी स्कूल जा पाएंगी या नहीं उन बालिकाओं ने अवसर मिलने पर अपनी प्रतिभा से हम सबको अचंभित किया है और सम्पूर्ण विश्व में अपना और राष्ट्र का नाम रोशन किया है। बेटियों को शिक्षा दिलाना हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत अध्यक्ष सेवा भारती प्रयागराज के द्वारा की गयी। कार्यक्रम में डॉ नीरज अग्रवाल वात्सल्य, संरक्षक प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक प्रो डॉ एस.पी. सिंह एवम मनोज जायसवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत सेवा प्रमुख सत्य विजय सिंह, विभाग सेवा प्रमुख वीर कृष्ण, सेवा भारती के उपाध्यक्ष संदीप चौधरी, महामंत्री पवन श्रीवास्तव, मंत्री डॉ संतोष सिंह पटेल, कंचन, भाग सेवा प्रमुख सत्येंद्र, संजय राय, एनएमओ से डॉ कमलाकर सिंह, सभासद, सुनीता चोपड़ा सहित अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग मंत्री डॉ संतोष पटेल ने किया।


# जल शक्ति और बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बूथ अध्यक्षों संग की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिले के बूढ़नपुर स्थित वृंदावन मैरिज हॉल में आज उत्तर प्रदेश के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बूथ अध्यक्षों संग बैठक की। इस बैठक में स्वतंत्र देव सिंह ने बूथ अध्यक्षों को घर-घर जाकर वोट मांगने का निर्देश दिया। स्वतंत्र देव सिंह भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर के पक्ष में मतदान की अपील भी किए। लालगंज सीट से वर्तमान सांसद संगीता आजाद को लेकर उन्होंने कहा कि जिस तरह से संगीता आजाद आज भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती के साथ खड़ी है कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी को और मजबूती प्रदान कर रहीं हैं। आज के समय में जहां लोग टिकट के लिए लाइनों में खड़े रहते हैं और टिकट न मिलने पर पार्टी से बगावत करते हैं वहीं वर्तमान सांसद संगीता आजाद ने नीलम सोनकर को अपने से बेहतर और मजबूत प्रत्याशी बताया और उनको अपना समर्थन दिया यह काबिले तारीफ है। विपक्ष की सरकारों पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष की सरकारों में बहन बेटियों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया था। आज भाजपा की सरकार में हर जगह खुशहाली है। बहन बेटियां सुरक्षित हैं। हर जगह कानून का राज है। भाजपा जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे भारत में भाजपा सरकार बनने जा रही है। हम चाहते हैं की लालगंज की भी इसमें उपस्थिति हो। भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बूथ अध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्कर मिश्रा, जिला मंत्री रेखा गिरी, कौड़िया मंडल अध्यक्ष आशुतोष चौबे, मंडल अध्यक्ष कोयलसा प्रिंस सिंह मोंटी, अरविंद कुमार, भाजपा नेता रामशंकर वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिये हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 सामान्य प्रेक्षक डॉ0 पी0 शंकर, मा0 सामान्य प्रेक्षक श्री विजय चन्द्रकान्त राठौर, मा0 पुलिस प्रेक्षक लक्ष्मण निमवर्गी, मा0 व्यय प्रेक्षक दिनेश मीणा, चेतन, टी0 नेडू मारन एवंयोगेश चिट्टे की उपस्थिति में सभी नोडल अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर के साथ बैठक की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मा0 प्रेक्षकगण को अवगत कराया कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का निर्वाचन 6वें चरण के अंतर्गत दिनांक 25 मई 2024 को प्रस्तावित है, जिसके लिए जनपद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना लागू की गई तथा नाम निर्देशन पत्र 06 मई तक जमा किए गए। उन्होंने मा0 प्रेक्षकगण को अवगत कराया कि 07 मई को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 09 मई को प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी लेने के अंतिम तिथि निर्धारित है। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान एवं 04 जून को मतगणना की जाएगी। उन्होंने मा0 प्रेक्षकगण को अवगत कराया कि जनपद में दो लोकसभा क्षेत्र- 68-लालगंज (अनु0जाति) एवं 69-आजमगढ़ के लिए 10 सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त है। उन्होंने अवगत कराया की लोकसभा 68-लालगंज में 1193 पोलिंग सेंटर, 1886 पोलिंग स्टेशन तथा लोक सभा 69-आजमगढ़ के अंतर्गत 1143 पोलिंग सेंटर तथा 1915 पोलिंग स्टेशन, इस प्रकार जनपद में कुल 2336 पोलिंग स्टेशन तथा 3801 पोलिंग स्टेशन है। उन्होंने मा0 प्रेक्षकगण को अवगत कराया की 23 जनवरी 2024 की अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जनपद में पुरुष मतदाता 1942903, महिला मतदाता 1750305 एवं अन्य (तृतीय लिंग) 67 हैं। इस प्रकार जनपद में कुल 3693275 मतदाता पंजीकृत हैं। युवा मतदाता (18-19 आयु वर्ग) 49763, दिव्यांग 34779 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक उम्र के 72977 मतदाता हैं। उन्होंने मा0 प्रेक्षकगण को अवगत कराया की लोकसभा 68-लालगंज (अनु0 जाति) में 72744 फॉर्म-6, 10254 फॉर्म 8, कुल 82998 फॉर्म भरे गए, जिसमें से 82998 एपिक कार्ड डाउनलोड कर प्रिंट के लिए भेजे गए एवं 74678 एपिक कार्ड प्रिन्ट किए गए, जिसके सापेक्ष प्रतिशत एपिक कार्ड वितरित किया गया। इसी प्रकार लोकसभा 69-आजमगढ़ में 80294 फॉर्म 6, 10926 फॉर्म 8, कुल 91220 फॉर्म भरे गए, जिसमें से 91220 एपिक कार्ड डाउनलोड कर प्रिंट के लिए भेजे गए, जिसके सापेक्ष 82579 एपिक कार्ड प्राप्त हुए, तथा प्राप्ति एपिक कार्ड के सापेक्ष शत प्रतिशत एपिक कार्ड वितरित किया गया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मा0 प्रेक्षकगण को आश्वस्त किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

# इसुजु मोटर्स इंडिया उस सेगमेंट में अपने समृद्ध लाइफस्टाइल पिक अप मॉडल प्रस्तुत करता है

**गोरखपुर।** गतिशील और उत्साही भारतीय ग्राहकों को जीवनशैली की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक स्टाइलिश उत्पाद श्रृंखला प्रदान करने की अपनी खोज में ,इसुजु ने अपने समृद्ध व्यक्तिगत यात्री पिक अप भारत के लिए पेश किए थे , जो मेड इन इंडिया हैं। आज का लॉन्च लाइफस्टाइल पिक अप सेगमेंट में एक ट्रेंड स्थापित करने की इसुजु की प्रतिबद्धता को उजागर करता है , जिसने भारत में अग्रणी भूमिका निभाई है।



नवीनतम वी-क्रॉस 4 × 4 टॉप वेरिएंट बाहरी हिस्से में कई खूबसूरत लेकिन उत्तम दर्जे के तत्वों के साथ स्टाइल को बढ़ाता है। यह कालातीत अपील गहरे भूरे रंग में तैयार स्टाइलिंग तत्वों के साथ हासिल की गई है। ये सूक्ष्म रूप से दृश्य गतिशीलता और एक अलग सड़क उपस्थिति को जोड़ते हैं जो अब वाहन प्रदर्शित करते हैं , जिससे वे अधिक आक्रामक और स्पोर्टी बन जाते हैं।

इसुजु यात्री पिकअप लाइन - अप रेंज में अब सक्रिय सुरक्षा प्रणालियों का पूरा सुइट है , जो उन प्रतिकूल परिस्थितियों में अधिक सटीक नियंत्रण और सुगमता प्रदान करता है जो उनकी मांग करते हैं।

निष्क्रिय सुरक्षा प्रणाली को बढ़ाने के लिए, सभी यात्री पिक अप मॉडल अब रियर सीट ऑक्यूपेंट डिटेक्शन सेंसर के साथ आते हैं और मानक के रूप में 3 रियर सीट ऑक्यूपेंट में से प्रत्येक के लिए 3 पॉइंट सीट बेल्ट है। इसके अतिरिक्त , डैशबोर्ड इंस्ट्रूमेंटेशन क्लस्टर में एक आइकन के रूप में पीछे की सीट पर बैठने वालों के लिए सीट बेल्ट चेतावनी संकेतक है।

यह ड्राइवर को यह सुनिश्चित करने के लिए चेतावनी देता है कि हर कोई अपनी सीट बेल्ट पहने , जिससे सभी के लिए यात्रा सुरक्षित हो जाए। ग्राहकों को विशेष रूप से पीछे की सीट पर बैठने वालों को खुशी प्रदान करते हुए , एक अन्य मुख्य आकर्षण सभी यात्री पिक - अप मॉडलों में पीछे की सीट पर बैठने वालों के लिए बेहतर आराम है। बैठने की डिज़ाइन में बदलाव के साथ , पीछे की सीटें अब अधिक आरामदायक बैठने की मुद्रा प्रदान करते हुए उच्च स्तर का झुकाव प्रदान करती हैं।

# भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान; स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार सुश्री प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई, 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ एक संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक की। जेटीसी की सह-अध्यक्षता घाना गणराज्य के व्यापार और उद्योग उप मंत्री माननीय माइकल ओकेरे-बाफी और वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने की।

# आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड का राइट्स इश्यू 8 मई को खुलेगा

**लखनऊ।** सोने के आभूषणों के प्रमुख निर्माताओं और हॉलसेलर्स में से एक आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड का 48.75 करोड़ रूपये का राइट्स इश्यू 8 मई को खुलेगा। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं, नए क्षेत्रों में प्रवेश और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए किया जाएगा। कंपनी का राइट इश्यू 5.85 रूपये प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया जाता है जो 3 मई, 2024 को बंद शेयर मूल्य पर 57.45 प्रतिशत की छूट दिखाता है। राइट्स इश्यू 27 मई को बंद होगा। कंपनी एक रूपये के अंकित मूल्य के 8,33,28,666 फुल्ली पेइड इक्विटी शेयर रु. 5.85 प्रति इक्विटी शेयर (रु. 4.85 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर जारी करेगी, जिसका कुल मूल्य रु. 48.75 करोड़ होगा। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:3 पर तय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 रूपये के 3 इक्विटी शेयरों के लिए 1 रूपये के अंकित मूल्य का 1 इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 21 मई 2024 है।



आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि, कंपनी ने हाल के दिनों में उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने, विभिन्न बाजारों के लिए नई प्रोडक्ट लाइनें और कलेक्शन लॉन्च करने पर ध्यान देने के साथ महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल की है। हमारा लंबे समय के लिए फोकस टीम डेवलपमेंट में निवेश करना और भारत की सबसे बड़ी बीटुबी प्रदर्शनियों में भाग लेना जारी रहेगा। इश्यू से होने वाली आय कंपनी की बैलेंस शीट को और मजबूत करेगी और इसकी विस्तार योजनाओं और रणनीतिक विकास पहलों को वित्त पोषित करने में मदद करेगी। कंपनी के बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने 10 अप्रैल, 2024 को पात्र इक्विटी शेयरधारकों को रु. 48.75 करोड़ से अधिक की राशि के लिए राइट्स इश्यू के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी। राइट्स इश्यू के बाद, कंपनी के कुल बकाया शेयर बढ़कर 33,33,14,666 इक्विटी शेयर हो जाने चाहिए, जो राइट्स इश्यू से पहले 24,99,86,000 इक्विटी शेयर थे।

## एनर्जी मिशन मशीनरीज की पब्लिक इश्यू से 41.15 करोड़ जुटाने की योजना

# कम्पनी का आईपीओ नौ मई को खुलेगा

**लखनऊ।** शीट मेटल मशीनरी की विविध रेंज के डिजाइन और निर्माण में अहमदाबाद स्थित अग्रणी कंपनी एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 9 मई को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 13 मई को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा, जिसमें गुजरात के साणंद में मौजूदा मेन्युफेक्चरिंग यूनिट में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क, नए प्लान्ट और मशीनरी, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करना शामिल है। हेम सिक्योरिटीज




लिमिटेड इस इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर है। आईपीओ में पब्लिक इश्यू के लिए रु. 131 से रु. 138 प्रति इक्विटी शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है। रु. 41.15 करोड़ की इश्यू आय में से कंपनी की योजना रु. 6.86 करोड़ का उपयोग गुजरात के अहमदाबाद जिले के साणंद में स्थित मौजूदा विनिर्माण इकाई में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क के लिए, रु. 7.43 करोड़ नए प्लान्ट और मशीनरी की स्थापना के लिए, रु. 15 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरते के लिए करने की है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 1000 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1.38 लाख के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक कोटा नेट ऑफर के 35 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है, एचएनआई क्वोटा ऑफर के 15 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है और क्यूआईबी हिस्सा नेट ऑफर के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा गया है। मार्केट मेकर का हिस्सा 1.50 लाख इक्विटी शेयर रखा गया है। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) सीएनसी, एनसी और कन्वेन्शनल मेटल फोर्मिंग मशीनों का डिजाइन और निर्माण करती है जो औद्योगिक क्षेत्र की मेटल फेब्रिकेशन सॉल्युशन्स की आवश्यकता को पूरा करती हैं। कंपनी की मेटल फोर्मिंग मशीनों की श्रृंखला में प्रेस ब्रेक मशीन, शियरिंग मशीन, प्लेट रोलिंग मशीन, आयरनवर्कर मशीन, हाइड्रोलिक प्रेस और बसबार बेंडिंग, कटिंग और पंचिंग मशीनें शामिल हैं। कंपनी की मशीनें विभिन्न उद्योगों में उपयोग की जाती हैं, जिनमें ऑटोमोटिव, स्टील, प्री-इंजीनियर्ड इमारतें, फर्नीचर, एचवीएसी, कृषि उपकरण, सड़क निर्माण उपकरण, लिफ्ट, फूड प्रोसेसिंग मशीनरी, मेटल वर्किंग वर्कशोप्स आदि शामिल हैं।

# इंडियन बैंक का मार्च तिमाही में मुनाफा 55 फीसदी बढ़कर 2,247 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली (हि.स.)।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में मुनाफा 55 फीसदी बढ़कर 2,247 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में बैंक को 1,447 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इंडियन बैंक के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 16,887 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 14,238 करोड़ रुपये थी। बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) नौ फीसदी बढ़कर 6,015 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 5,508 करोड़ रुपये थी।

बैंक को पूरे वित्त वर्ष 2023-24 का शुद्ध लाभ पिछले 53 फीसदी बढ़कर 8,063 करोड़ रुपये हो गया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 5,282 करोड़ रुपये था। इसके अलावा बैंक का कुल आय भी बढ़कर 63,482 करोड़ रुपये हो गई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 52,085 करोड़ रुपये रही थी।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के छात्रों ने लहराया परचम

**लखनऊ।** आज आई.सी.एस.ई. व आई.एस.सी. वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम जारी किये गये। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के छात्र-छात्राओं ने पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपनी प्रतिभा एवं सफलता का परचम लहराया।

आई.एस.सी. में लखनऊ पब्लिक कॉलेज, सहारा स्टेट्स, जानकीपुरम की सृष्टि स्वरुप 97.25% और ए-ब्लाक, राजाजीपुरम के हर्ष चक्रवर्ती 97.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं आई.सी.एस.ई. में एलपीसी, सहारा स्टेट्स के अमरेन्द्र ने 99.40% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा चंदा 99.20त्र व अंश वर्मा ने 99.00% एवं ए-ब्लाक, राजाजीपुरम शाखा के इकरा आलम ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थापक महाप्रबंधक डॉ एस.पी. सिंह ने सभी बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्याओं को हार्दिक बधाई दी तथा बच्चों को यह संदेश दिया कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। बेहतर पढ़ाई से ही जीवन बेहतर हो सकता है, इसलिए बच्चों को पूरे लगन और परिश्रम से अपने पाठ्यक्रम को अच्छे ढंग से तैयार करना चाहिए। जीवन का हर कदम परीक्षाओं से भरा होता है। बेहतर शिक्षा ही हमें सफलता दिला सकती है।

## एक्सालियॉन एक्टिव की शक्ति से लैस एफिकॉन कीटनाशक किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है

**नई दिल्ली।** छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40% तक भारी नुकसान पहुँचता है। अब भारतीय किसान आज लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन, की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं। एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है।


अनूठी क्रियाविधि रखने वाला एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से कीटनाशकों की एक नई श्रेणी (समूह 36-पायरिडाजाइन) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है जिससे, यह एक श्रेष्ठतर कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन का साधन बन जाता है।

पहली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया में एफिकॉन कीटनाशक लॉन्च किया गया था। भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है जहाँ इतनी जल्दी यह नई केमिस्ट्री उपलब्ध होने जा रही है जिससे किसानों को मुश्किल चुनौती पेश करने वाले रस चूसने वाले कीटों पर काबू पाने में मदद मिलेगी।

एशिया पैसिफिक स्ट्रेटजी के अनुरूप, बीएएसएफ खास तौर से स्थानीय बाजार की जरूरतों के लिए समाधान विकसित कर रहा है। बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस, एशिया पैसिफिक की सीनियर वाईस प्रेसिडेन्ट सिमोन बर्ग ने कहा बीएएसएफ में, हम जो कुछ भी करते हैं वह कृषिकार्य के प्रति लगाव के चलते करते हैं। हम किसानों की जरूरतों को समझने के लिए किसानों की आवाज़ सुनकर काम करने के प्रति समर्पित हैं, जिससे कि फसलों को कीटों से बचाने और उत्पादकता बढ़ाने की मुश्किल चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में उनकी मदद करने के लिए हम अपनी विशेषज्ञता का प्रयोग कर, धरती पर सबसे बड़े काम में सहायता प्रदान कर सकें।

एफिकॉन कीटनाशक की एक महत्वपूर्ण खूबी इसकी अनूठी क्रियाविधि है। यह चेपा, फुदका और सफेद मक्खियों जैसे कीटों के जीवनकाल की कई अवस्थाओं पर अत्यधिक असरदार है। प्रयोग किए जाने पर, एफिकॉन से तुरंत कीटों द्वारा भक्षण कर पौधों को चोट पहुँचाना रूक जाता है। यह अपने प्रणालीगत गुणों के कारण लंबे समय तक चलने वाला अवशिष्ट नियंत्रण प्रदान करता है।

# जस्टिस एसके मिश्रा बने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सेवानिवृत्त जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही वे जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष बन गए हैं।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजधानी नई दिल्ली में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी के अध्यक्ष के रूप में सत्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मिश्रा झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा का चयन देश के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खोज-सह-चयन समिति ने किया है।

जीएसटीएटी का गठन केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत अपीलीय प्राधिकरण के रूप में किया गया है। इसमें एक प्रधान पीठ और कई राज्य पीठें शामिल हैं। जीएसटी परिषद की मंजूरी के अनुरूप सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रधान पीठ और देशभर में विभिन्न स्थानों पर 31 राज्य पीठों को अधिसूचित किया है।

गौरतलब है कि यह अपीलीय न्यायाधिकरण जीएसटी विवादों का त्वरित, निष्पक्ष, विवेकपूर्ण और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा उच्च न्यायालयों पर बोझ कम करने में भी मदद मिलेगी।

# जागरुकता से कार्रवाई तक: इस अस्थमा जागरुकता माह के अवसर पर विशेषज्ञों ने अस्थमा की केयर में सशक्तिकरण के महत्व पर बल दिया

**लखनऊ।** उच्च मृत्यु दर और जीवन की कम गुणवत्ता जैसी गंभीर जन स्वास्थ्य की चुनौतियों के बीच, प्रभावी अस्थमा प्रबंधन का महत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इस साल विश्व अस्थमा दिवस की थीम ''अस्थमा एजुकेशन एम्पॉवर्स' है, जो अस्थमा के प्रबंधन और मरीजों को बेहतर परिणाम देने में ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देती है। भारत अस्थमा के प्रसार और इसके कारण डिसएबिलिटी-एडजस्टेड लाईफ ईयर्स (डेलीज़) के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर है। साथ ही, अस्थमा के कारण दुनिया में होने वाली 42 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं, इसलिए इस साल की थीम इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दे रही है।

अस्थमा के प्रभावी नियंत्रण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ जागरुकता, और एक ऐसे परिवेश का सहयोग आवश्यक है, जिसमें देखभाल के विभिन्न पहलू शामिल हों। अस्थमा के सफर में बीमारी से लेकर इसकी थेरेपी, जागरुकता, निदान, जाँच और काउंसलिंग तथा इलाज का पालन करने तक हर चरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। सिप्ला के बेरोक जिंदगी और टफीज़ जैसे जन जागरुकता अभियानों और मरीज के सहयोग के प्रयासों जैसे कंपनी के ब्रीदफ्री अभियान के बीच तालमेल से मरीजों के लिए सहयोग का एक नेटवर्क स्थापित होता है। ब्रीदफ्री में फिज़िकल और डिजिटल तत्व शामिल हैं, जिनमें एक एआई-इनेबल्ड डिवाईस ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म भी है। इस नेटवर्क से न केवल मरीजों को सहायता मिलती है, बल्कि उनके परिवारों को भी राहत मिलती है।




शिक्षा द्वारा सशक्त कार्रवाई के महत्व के बारे में डॉ. बी.पी. सिंह, श्वसन, क्रिटिकल केयर एवं विशेषज्ञ नींद चिकित्सा, लखनऊ ने कहा, ''अस्थमा एक लंबी चलने वाली/क्रोनिक बीमारी है, जो साँस की नली संकरी हो जाने, ट्रिगर्स (डस्ट माईट्स, धुएँ, ठंडी हवा आदि) के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाने और हवा के मार्ग में परिवर्तन होने के कारण उत्पन्न होती है। यह एक लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय पर इसके निदान और मेडिकल हस्तक्षेप द्वारा इसे नियंत्रित किया जा सकता है। हालाँकि कई गलत भ्रांतियों, खासकर इन्हेलेशन थेरेपी को लेकर फैली अफवाहों के कारण मरीज डॉक्टर की मदद लेने से कतराते हैं। हालात ये हैं कि भारत में केवल 23 प्रतिशत मरीज ही अपनी बीमारी को सही नाम से पुकारते हैं, जबकि अन्य लोग इसे खाँसी और जुकाम आदि नामों से पुकारते हैं। इसलिए हम जागरुकता बढ़ाकर न केवल मरीजों को बल्कि पूरे समुदाय को समय पर निदान और इसके प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं, ताकि अस्थमा के मरीजों को स्वास्थ्य के बेहतर परिणाम मिल सकें।''

# आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के इक्विटी शेयरों का आईपीओ 8 मई, 2024 को खुलेगा



**नई दिल्ली।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (कंपनी) ने बुधवार, 8 मई, 2024 को अपने इक्विटी शेयरों की इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग (ऑफर) खोलने का प्रस्ताव करती है। 10 रुपए प्रत्येक की फैस वैल्यू के साथ प्राइस बैंड 300 रुपए से 315 रुपए प्रति इक्विटी शेयर (इक्विटी शेयर) तय किया गया है। बोली/प्रस्ताव बुधवार, 8 मई, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 10 मई, 2024 को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 7 मई, 2024 होगी; न्यूनतम 47 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 47 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग में 10,000 मिलियन रुपए तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और बीसीपी टॉपको वीआईआई पीटीई लिमिटेड (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा ऑफर फॉर सेल में 20,000 मिलियन रुपए तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। (बिक्री के लिए प्रस्ताव और फ्रैश इश्यू के साथ, ऑफर)। आरएचपी के माध्यम से जारी किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई बीएसई के साथ, स्टॉक एक्सचेंज) जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, नामित स्टॉक एक्सचेंज एनएसई होगा। ब्लैकस्टोन के प्राइवेट इक्विटी एशिया के हेड अमित दीक्षित ने कहा, ÷आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए यह लिस्टिंग एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि हम क्या करते हैं, हम भारत का निर्माण करने वाले व्यवसायों का निर्माण करते हैं।

# फोनपे ने अक्षय तृतीया 2024 के अवसर पर निश्चित कैशबैक ऑफर को पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख फिनटेक प्लेटफॉर्म फोनपे ने इस वर्ष अक्षय तृतीया के शुभ और पावन अवसर के लिए आज एक लाजवाब ऑफ़र की घोषणा की है। 10 मई 2024 को, यूज़र फोनपे ऐप पर न्यूनतम 1000 रुपए के ऑर्डर मूल्य पर 2000 रुपए तक का निश्चित कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। यह ख़ास ऑफ़र, जो विशेष रूप से फोनपे पर उपलब्ध होगा, केवल 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड की एक बार की खरीद पर ही लागू है। इसके लिए यूज़र कई पेमेंट माध्यम जैसे यूपीआई, यूपीआई लाइट, क्रेडिट और डेबिट कार्ड, वॉलेट और गिफ्ट कार्ड के जरिए पेमेंट कर सकते हैं।इस त्योहार की खुशियों को बढ़ाने के लिए, फोनपे ने 12 मई तक कैरेटलेन स्टोर्स पर डिजिटल गोल्ड रिडीम करने के लिए एक खास ऑफ़र दिया है। फोनपे, कैरेटलेन, सेफगोल्ड और स्स्स्क्षष्ट-क्क्क्से उच्चतम शुद्धता वाला सोना ऑफ़र करता है, जो डिजिटल गोल्ड व्यवस्था में कुछ अग्रणी और भरोसेमंद नाम हैं। फोनपे पर पार्टनर के ज़रिए ऑफ़र किए गए 99.99त्र शुद्धता प्रमाणित 24क्च डिजिटल सोना खरीद सकते हैं।ग्राहक 24*7 अपने घर बैठे आराम से डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं। जब भी ग्राहक अपना स्टोर किया हुआ सोना बेचेंगे, उसके 48 घंटे के अंदर पैसा उनके बैंक खाते में आ जाता है।डिजिटल रूप से खरीदे गए सर्टिफाइड 24क्च गोल्ड पर शून्य मेकिंग शुल्क होता है और इसे फ्री * बैंक-ग्रेड गोल्ड लॉकर में स्टोर किया जाता है।ग्राहक अपनी पसंद से किसी भी रकम से डिजिटल गोल्ड में निवेश कर सकते हैं।एक बार की खरीदारी के अलावा, फोनपे प्रत्येक भारतीय को एसआईपी के माध्यम से भी डिजिटल गोल्ड में निवेश करने की सुविधा देता है और ग्राहकों को व्यवस्थित रूप से लंबे समय तक निवेश करने में मदद करता है।

# एसरी इंडिया ने 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारत मेंजियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने आज घोषणा की कि उसने 10 लाख यूज़र्स का आंकड़ा हासिल कर लिया है। यह शानदार उपलब्धि इस देश में विविध उद्योगों में फैले व्यापक ग्राहक आधार के विश्वास एवं वफादारी काप्रमाण है।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्रकुमार ने कहा, ÷इस ऐतिहासिक उपलब्धि के जश्न के मौके पर मैं हमारे उन सभी यूज़र्स का हृदय से आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने एसरी इंडिया को भारत में एसरी टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाले 10 लाख यूज़र्स का कीर्तिमान हासिल करने में मदद की है। यह बढ़ा हुआ यूज़र आधार इस तथ्य का प्रमाण है कि भारत सरकार के संगठन और उद्योग अपने अपने क्षेत्रों में जबरदस्त परिणाम हासिल करने के लिए जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज़ की संभावनाओं का व्यापक स्तर पर दोहन कर रहे हैं। वर्ष 2021 और 2022 में भारत सरकार द्वारा घोषित अनुकूल नीतियों के साथ जागरूकता बढ़ने से सरकार, अकादमिक संस्थानों और निजी क्षेत्र में यूज़र्स महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करने और ऐसे ऐप्लीकेशंस तैयार करने जिनका उपयोग संगठनों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा सामूहिक रूप से किया जा सके, जीआईएस को अपना रहे हैं। हमारा लक्ष्य जियोस्पैटियल समुदाय के साथ निरंतर काम करना और यूज़र्स को प्रभावी जीआईएस कार्य प्रवाह के जरिए महत्तम लागत में उनके कार्य में समय की बचत करने में मदद करना है। इन बचतों का भारत की आर्थिक वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी।÷

वर्ष 2021 में जियोस्पैटियल डेटा गाइडलाइन्स से उत्साहित एसरी इंडिया एक भारतीय इकाई के तौर पर अब आर्कजीआईएस लिविंग एटलस के भारतीय संस्करण के जरिए जियोस्पैटियल डेटा की 900 से अधिक परतों की पेशकश करती है। डेटा की ये परतें कंपनी के सभी यूज़र्स के लिए इंडो आर्कजीआईएस के जरिए उपलब्ध हैं। इंडो आर्कजीआईएस विभिन्न भारत केंद्रित चुनौतियों को हल करने के लिए 200 से अधिक सॉल्यूशंस भी उपलब्ध कराता है। इस देश में इन उत्पादों के बढ़ते उपयोग से यूज़र्स की संख्या 10 लाख पहुंची है।

एसरी इंडिया के यूज़र्स में केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकार के वन एवं जल संसाधन विभागों समेत विभिन्न विभाग, करीब 200 नगर निगम, स्मार्ट सिटीज़ और अन्य नगरीय स्थानीय निकाय, राष्ट्रीय मैपिंग एजेंसियां, अग्रणी विनिर्माण एवं दूरसंचार कंपनियां, जनोपयोगी सेवाएं देने वाले संस्थान और 800 से अधिक कॉलेज एवं विश्वविद्यालय इसके 6500 से अधिक संगठन आधार वाले ग्राहकों में शामिल हैं। यह कंपनी आने वाले वर्षों में अपने ग्राहकों में और कई विश्वसनीय नामों को जोड़ने की तैयारी में है।

# अंतिम व सातवें चरण का नामांकन आज

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव के सातवें वह अंतिम चरण में संपन्न होने वाले मतदान के लिए जिले में आज

**कलेक्ट्रेट में बने नामांकन कक्ष का डीएम ने किया निरीक्षण**

मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। नामांकन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी ने नामांकन कक्ष व अन्य तैयारियों का जायजा लिया तथा अवशयक दिशा निर्देश दिया। बता दें कि नामांकन प्रक्रिया 14 मई तक चलेगा।

नामांकन प्रक्रिया के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट से मुख्य मार्ग रविंद्र नगर चौक तक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के साथ बैरिकेटिंग, शांति सुरक्षा के दृष्टिगत किए गए कड़े इंतजाम का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ में


कलेक्ट्रेट में बने नामांकन कक्ष का जायजा लेते डीएम

मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बैरिकेटिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 100 मीटर में लगने वाली समस्त बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग से जुड़ी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। नामांकन कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी, कैमरा, घड़ी तथा अन्य व्यवस्थाओं से संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा की नामांकन के दृष्टिगत तैयारियों में कोई कमी न रहे, इसका सभी लोग विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया की मुख्य मार्ग से लेकर कलेक्ट्रेट गेट तक लगाए गए ड्यूटी में सीओ और थानाध्यक्ष पूरी तत्परता से ड्यूटी करें। सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। निर्वाचन आयोग के


चुनाव प्रेक्षक का स्वागत करते डीएम व एसपी

दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनील कुमार यादव, जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नामांकन के दौरान पार्किंग व रूट डायवर्जन :** नामांकन के दौरान पार्किंग व्यवस्था एवं रुट डायवर्जन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। नामांकन के दौरान कसया से कस्बा पडरौना जाने वाले बड़े वाहनों के लिए नो एंटी प्वाइंट रविन्द्र नगर चौराहे की जगह सरस्वती चौक रहेगा। कोई भी बड़ा वाहन सरस्वती चौक से पडरौना की तरफ नही जायेगा। नामांकन के दौरान पडरौना से कसया की तरफ जाने वाले बड़े वाहनों का आवागमन छावनी और रविन्द्र नगर के रास्ते पर प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहन बड़ी नहर होते हुए मिश्रौली, रामकोला कसया होते हुए बैरिया के रास्ते अपने गंतव्य को जायेंगे। पार्किंग एम में राजनीतिक दलों/प्रत्याशियों के काफिलों के वाहनों की पार्किंग बुद्धा पार्क में की जायेगी। पार्किंग दो में नामांकन में लगे कर्मियों के वाहनों की पार्किंग विकास भवन के परिसर में की जायेगी।

### चुनाव प्रेक्षक का डीएम व एसपी ने किया स्वागत

सातवें चरण में संपन्न होने वाले चुनाव को सकुशल कराने के लिए सोमवार को चुनाव प्रेक्षक के पहुंचने पर डीएम व एसपी ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। चुनाव प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल का जनपद कुशीनगर आगमन पर जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा पथिक निवास कसया पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

## मार्ग ईआरपी लिमिटेड के नये कार्यालय का हुआ उद्घाटन




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारत - मार्ग ईआरपी लिमिटेड ने आज अपने नए कार्यालय का उद्घाटन किया है, जो कि देवरिया की विकास को संजोय और समृद्धि में योगदान करने का संकल्प करते हुए है। मार्ग ईआरपी लिमिटेड के नए कार्यालय का उद्घाटन समारोह देवरिया के प्रमुख नागरिकों, व्यापारिक समुदाय के सदस्यों, और सरकारी अधिकारियों के साथ आयोजित किया गया। मार्ग ईआरपी लिमिटेड की स्थापना 30 वर्ष पहले हुई थी, और डिजिटलीकरण का यात्रा ने कई मील के पथ पार किए हैं, जिसमें 27+ व्यापार सेगमेंट्स के 1 मिलियन से अधिक व्यवसायों को 28+ देशों में शामिल किया गया है। मार्ग ईआरपी लिमिटेड ने अपने आप को भारत के प्रमुख इन्वेंटरी और लेखा सॉफ्टवेयर प्रदाता के रूप में स्थापित किया है, डिजिटल भुगतान और वितरण के साथ। देवरिया के नए कार्यालय का उद्घाटन, मार्ग ईआरपी लिमिटेड के जोनल मैनेजर शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, देवरिया में हमारे नए कार्यालय का उद्घाटन करके हम अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रकट कर रहे हैं कि हम विकास और प्रगति में सकारात्मक योगदान करेंगे। देवरिया में हमारा कार्यालय एक नई उत्साह और संतुष्टि का केंद्र होगा, जो हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए तैयार है। मार्ग ईआरपी लिमिटेड के नए कार्यालय का उद्घाटन देवरिया में व्यवसायिक वातावरण को मजबूत करेगा और स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल तकनीकों के माध्यम से अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

## आमिना खान ने पूरा किया माता-पिता से किया वादा

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** बेटा बनकर बेटियां पूरा कर रही हैं अपने माता पिता के अरमान। एक तरफ पिता असलम खान इल्म की शमां रौशन कर रहे हैं तो दूसरी ओर माता रेशमा आलमी एक ग्रहणी हैं जिनकी परवरिश का फल है की बेटियां लगातार समाज में अपने खानदान का नाम रौशन कर रही हैं। आईसीएसई बोर्ड का रिज़ल्ट घोषित होने कर बाद शहर के तमाम छात्र व छात्राओं में नतीजे आने से कहीं खुशी तो कहीं सन्तोष तो कहीं दुख से भरे खट्टे मीठे लम्हे देखने को मिल रहे हैं।



हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने यहां बाज़ी मारी। गोरखपुर महानगर के जाफरा बाजार, बिंदटोला निवासिनी कार्मल गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा आमिना खान ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता का सर गर्व से ऊंचा कर दिया। घर में पढ़ने पढ़ाने और महिलाओं को सम्मान के साथ आगे बढ़ने का भरपूर अवसर प्राप्त है। आमिना की बड़ी बहन असना खान दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी में व्यस्त है। पिता असलम खान पेशे से शिक्षक है, जिनकी तीन बेटियों में असना सबसे बड़ी है जबकि आमिना घर की सबसे छोटी बेटी है। कोई बेटा न होने के बाद भी माता पिता इस बात से खुश हैं कि उनकी बेटियां बेटा बनकर उनका नाम रोशन कर रही हैं। यही वजह है कि समय के साथ चलते हुए बेटियों को पढ़ाने में दोनों ने कोई कोरकसर नही छोड़ी। अपनी सफलता का श्रेय माता पिता को देते हुए आमिना खान भारत के प्रमुख संस्थान से आईआईटी करके देश की सेवा को अपना लक्ष्य बताया। किसी तरह की कोचिंग के सवाल पर इस बेटी ने बताया कि घर पर ही पढ़ाई किया जिसमें पिता असलम खान की मुख्य भूमिका रही। बहरहाल आमिना की सफलता को देखकर यह कहना गलत न होगा कि बेटियां बेटों से किसी भी तरह कमतर नही।

### जांच के उपरांत 13 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र पाए गए सही

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का मतदान जनपद अमेठी में 20 मई 2024 को होना है जिसको लेकर नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से 06 मई 2024 को पूर्ण हुई है। इस दौरान नामांकन अवधि 26 अप्रैल से 3 मई 2024 के मध्य कुल 31 अभ्यर्थियों द्वारा 42 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिनकी सवींक्षा 4 मई 2024 को संपन्न हुई सवींक्षा के उपरांत 31 अभ्यर्थियों में से 13 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जांच के उपरांत सही पाए गए तथा 18 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों में कमियां पाए जाने के कारण निरस्त किए गए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने 20 मई को मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अमेठी में कुल 898 मतदान केंद्र है तथा 1492 बूथ है सभी बूथों पर पीने का पानी छांव के लिए शेड प्रकाश रैम्प फर्नीचर आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई हैं गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी बीएलओ को ओआरएस के पैकेट दिए जाएंगे।

## आज पूरी दुनिया में भारत का बज रहा है डंकाः विजयलक्ष्मी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** बेल्थरा के आदित्य मैरेज हाल में भाजपा के सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के समर्थन में अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में अनुसूचित मोर्चा के लोगो एवम पूरे लोकसभा क्षेत्र के अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि आपके एक वोट की ताकत से आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।



केंद्र की मोदी सरकार एवम प्रदेश में योगी सरकार सबके साथ, सबके विश्वास और सबके प्रयास से हर क्षेत्र में सबका विकास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ सबका विकास दृष्टिकोण ने प्रत्येक भारतीय, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सशक्त बनाया है। देश में आज सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति समुदाय भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं। भाजपा सभी को एक साथ लेकर आगे बढ़ रही है और विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों वर्गों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर संघर्ष किया लेकिन उन्होंने हताश व निराश होने के बजाय उम्मीदों की प्रेरणा दी और अपनी आंतरिक बुराइयों को ख़त्म कर सबको साथ लेकर सशक्त और समृद्ध भारत का सपना दिया जिसे पूरा करने के लिए भाजपा सरकार प्रयास कर रही है मोदी जी ने अनुसूचित जाति एवम जनजाति वर्गों के आर्थिक उत्थान के लिए मुद्रा और स्टैंड अप योजना द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध किया। भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ कार्य किया है। इन 10 वर्षों में पहले जो वंचित थे उन्हें वरीयता दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार दलितों, शोषितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें संवैधानिक अधिकार के साथ साथ सामाजिक न्याय और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसूचित जाति के विकास के लिए, उनकी पढ़ाई के लिए, उनको मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार ने विशेष योजनाओं पर काम किया है।

### आईएएस ऑफिसर बनना चाहती है अल्फिया सिद्दीकी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली थाना क्षेत्र के छोटे काजीपुर के रहने वाले शमशीर अहमद उर्फ शेरू की पुत्री अल्फिया सिद्दीकी ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक पाकर माता-पिता और स्कूल का मान बढ़ाया है बचपन से ही पढ़ने लिखने में होनहार अल्फिया सिद्दीकी ने अपनी बेसिक शिक्षा सिविल लाइन स्थित कॉमर्स गर्ल्स कॉलेज से की। अल्फिया को अच्छे खाने और पढ़ाई का शौक है। आज आईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम आया तो छात्र व छात्रों के साथ उनके परिजनों की भी सांसे अटकी हुई थी कि बच्चे का कितना पर्सेंट आएगा हालांकि अल्फिया सिद्दीकी ने 85 प्रतिशत अंक पत्र पाकर मां-बाप और स्कूल का मान बढ़ाया है। मीडिया से बात करते हुए अल्फिया ने कहा कि वह यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करेगी और आईएएस अफसर बनकर वह देश की सेवा करना चाहती है अल्फिया का कहना है कि समाज में दबे कुचले लोगों की वह मदद करेगी जिनकी आवाज को शायद अनसुना कर दिया जाता है। पिता शमशीर अहमद उर्स शेरू कॉन्ट्रेक्टर है और माता उजमा सिद्दीकी हाउसवाइफ है अल्फिया को माता-पिता दोनों का पढ़ाई में भरपूर सहयोग मिलता है यही वजह है कि अल्फिया ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक हासिल किया है और आगे वह की तैयारी में लगी हुई है।



### सरकार की योजनाओं से आत्मनिर्भर हुई महिलाएं



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड पाली के ग्राम सभा देवापार डुगडूईया में सदर सांसद रवि किशन शुक्ला की पत्नी प्रीति शुक्ला ने घर-घर संपर्क किया और सरकार द्वारा महिलाओ के लिए चलाई जा रही योजनाओ के बारे मे बताया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में लोगों से बीजेपी के लिए समर्थन मांगा। प्रीति शुक्ला ने कहा कि इस सरकार मे महिलाओ के उत्थान के लिए कई योजनाए चला रही है। परिवार की मुखिया के तौर पर आवास, राशन, उज्वला, पेंशन सहित विभिन्न योजनाओ के द्वारा महिलाओ को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। आप के सहयोग से सरकार बनी तो महिलाओ को और भी सशक्त वह आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जाएगा। देश की आधी आबादी के प्रति केंद्र सरकार हमेशा विशेष ध्यान दिया है। सभा को महिला मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अमिता गुप्ता और अन्य भाजपा नेत्रीयों ने अपने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंचला शुक्ला व कार्यक्रम का अध्यक्षता रंजना सिंह ने किया। उक्त अवसर पर महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री अर्चना सिंह, अनुपमा दीक्षित, नगर पंचायत अध्यक्ष सहजनवा संजू सिंह, लोकसभा प्रभारी नीतू सिंह, सुनैना सिंह, रुचिका मिश्रा, सुनीता देवी समेत कई महिलाएं मौजूद थी।

## डॉ. सतीश शुक्ला को मिला पत्रकारिता के क्षेत्र में 2024 का सार्क गौरव सम्मान




अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** धरा धाम के संस्थापक अध्यक्ष सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय जी की अध्यक्षता में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सहयोग तथा लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डा. सुबरना लाल बाजचर्या और नगर प्रमुख लुम्बिनी सजरुद्दीन खान, केन्द्रीय अधिकारी नवल किशोर यादव, डा.प्रेम प्रकाश, डा.नारायण यादव की उपस्थिति में सार्क समिट एवं गौरव पुरस्कार भगवान बुद्ध की भूमि नेपाल के लुम्बिनी में आयोजित किया गया जिसमें गोरखपुर से वरिष्ठ पत्रकार एवम भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ के गोरखपुर मण्डल अध्यक्ष डा सतीश चन्द्र शुक्ला द्वारा उनके द्वारा 36 वर्षो से किए जा रहे उत्कृष्ट ग्रामीण पत्रकारिता के लिए सार्क गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इसमें भारत नेपाल सहित एशिया के सैंकड़ों विभूतियों ने भाग लिया। सर्व धर्म सौहार्द, विश्व शान्ति, एकता अखंडता, संप्रभुता, सद्भावना, भाईचारा, नैतिकता, ईमानदारी, मानवता के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दे रहे चयनित महानुभावों को सार्क गौरव पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर सौहार्द शिरोमणि संत डॉ सौरभ पाण्डेय जी के जीवन वृत्त पर आधारित पुस्तक ÷सौरभ छंद सरोवर÷ का विमोचन भी हुआ जिसे देवरिया की सुप्रसिद्ध लेखिका सुनीता सिंह सरोवर ने कलम बद्ध किया है। डाक्टर सतीश चन्द्र शुक्ला को मिले इस सम्मान पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह सहित अनेक पदाधिकारियों सहित राम किशुन प्रजापति, गोविन्द यादव, शिव बिहारी तिवारी, डाक्टर संजय मिश्रा, अनिल पाण्डेय, डाक्टर शिव प्रसाद द्विवेदी, कमलेश तिवारी, अजय दुबे, अशोक कुमार, एच डी शर्मा, दिनेश कान्त मिश्रा जिला अध्यक्ष, पंचानन पाण्डेय तहसील प्रभारी, राम अशीष मिश्रा, संगठन के गोण्डा प्रभारी अविनाश श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अध्यक्ष मनविंदर भाटिया आदि ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

## डीएम ने स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत सेल्फी प्वाइंट एवं हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने सदर तहसील में जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए सेल्फी प्वाइंट एवं हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया तथा मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हम सबको शपथ लेना है कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में हम सब अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा आस-पास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने हस्ताक्षर बोर्ड पर 01 जून 2024 को अपना वोट जरूर दें लिखकर अधिक से अधिक मतदान करने का आवाहन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सेल्फी प्वाइंट स्थापित करने




**मतदाताओं को मतदान करने की दिलाई शपथ**

का उद्देश्य है कि मतदाताओं को मतदान हेतु अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। साथ ही चुनाव के महापर्व में सभी मतदाता सक्रिय भागीदारी दर्ज करें एवं उनमें मतदान का उत्साह पैदा हो। कार्यक्रम को लेकर जनता में खूब उत्साह देखने को मिला, लोगो ने सेल्फी पॉइंट पर अपनी फोटो खिंचवाई और सिग्नेचर पॉइंट पर अपने संदेश लिखे। इस अवसर पर मतदान के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया एवं लोगों ने यह प्रण लिया कि हम सभी वोट करने अवश्य जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व में प्रत्येक नागरिक को सहभागी बनना चाहिए। सभी त्यौहार साल में एक बार आते है लेकिन लोकतंत्र का त्यौहार पांच वर्षो में एक बार आता है जो देशभक्ति दिखाने का अद्वितीय अवसर है। इसलिए जागरूक बनाए, अपने अधिकार को जानिए और एक जून को अपने बूथ पर मतदान जरूर कीजिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नो योर कैंडिडेट एप उपलब्ध है जिस पर प्रत्याशियों की शैक्षिक योग्यता, अपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति का ब्योरा सहित अन्य विवरण उपलब्ध है।

### कांग्रेसियों की गाड़ियों में तोड़फोड़ का मामला दर्ज

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव की सुचिता प्रभावित करने का एक मामला प्रकाश में आया है। कांग्रेस कार्यालय के सामने खड़ी गाड़ियों में अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की पथराव के कारण तीन लोगों के घायल होने की भी खबर है।कांग्रेस नेताओं की तहरीर पर गौरीगंज थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा जनसंपर्क और क्षेत्र भ्रमण के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में बैठक कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं की गाड़ियां कार्यालय के सामने सड़क किनारे खड़ी थी।बताया जा रहा है लगभग आधा दर्जन लोग आए और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। घटना के बीच दो-तीन लोग चोटहिल भी हुए।एक कांग्रेस नेता के चालक सद्दाम की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना से आक्रोशित कांग्रेसियों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंची जहां पुलिस को विरोध का भी सामना करना पड़ा।

### चुनाव बहिष्कार कर रहे ग्रामवासियों से मिले एसडीएम



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत अकुआपार में लोगों द्वारा लोक सभा चुनाव 2024 का सामूहिक बहिष्कार करने की जानकारी प्राप्त होने के बाद सहजनवा एसडीएम कुंवर सचिन सिंह ने गांव में लोगों से मुलाकात की व चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना व निस्तारण करने का आश्वासन दिया। लोगों ने बताया कि गांव में जल जमाव, रोड की समस्या व सिवान में काफी खेतों के डूबने की समस्या हैं। सालों से किसानों के खेत डूब जाने की वजह से किसान परेशान है यहाँ के लोगो को बरसात में तो तहसील, थाना, हॉस्पिटल, स्कूल जाने के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती हैं। फिर भी यहां के जिम्मेदारों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इन समस्यायों का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है इस लिए लोगो ने रोड नहीं तो वोट नहीं देने का फैसला किया। कई बार जनप्रतिनिधियों से समस्याओं को अवगत कराया गया लेकिन सुनने और देखने कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं आया। चौपाल में एसडीएम कुंवर सचिन सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अरविंद चौधरी, लेखपाल दीपक गौड़, ग्राम प्रधान गणेश चौधरी, पंचायत सहायक संगम लाल गुप्त, जंगबहादुर सिंह, ओमप्रकाश चौधरी, सूर्यभान, अशोक सिंह, प्रसिद्ध नारायण मिश्र व अन्य ग्राम वासी मौजूद रहे।

### डीएम ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं एवं मतदान कार्मिकों को लोकतंत्र के उत्सव का अनुभव होना चाहिए। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय करमेल बनरही, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरवां, प्राथमिक विद्यालय कृतपुरा, प्राथमिक विद्यालय अम्मा उर्फ अमवां, प्राथमिक विद्यालय कोरवां, प्राथमिक विद्यालय टड़वा, प्राथमिक विद्यालय जमीरा, प्राथमिक विद्यालय मालपट्टी एवं प्राथमिक विद्यालय मठिया तिवारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने समस्त मतदान केंद्रों पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थल, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, प्रकाश व्यवस्था रैंप, फर्नीचर इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### मेहंदी रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को राजकीय हाई स्कूल अमेठी की छात्राओं द्वारा रंगोली मेहंदी तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर जन सामान्य से आगामी 20 मई को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर भी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दक्खिनवारा में ब्लॉक स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में जनपद में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को मतदाता की शपथ दिलाई गई। बच्चों ने अपने हाथों में मतदाता स्लोगन बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया।



## बीईओ के जांच में दो विद्यालय में मिले अवैध, सील, संचालकों में हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुही क्षेत्र में बगैर मान्यता के संचालित हो रहे अमान्य विद्यालयों की जांच से संचालकों में खलबली मच गई है। खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार ने सोमवार को चार विद्यालयों की जांच की। जांच के दौरान मान्यता संबंधित अभिलेख नहीं दिखाने पर दो विद्यालयों में ताला बंद कराया जबकि दो विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक की कक्षाओं के संचालन पर रोक लगाया।



बीईओ सुधीर कुमार ने पूर्वांचल पब्लिक स्कूल देव पोखर की जांच की। यहां मदरसा के 5 तक की मान्यता पर कक्षा 8 तक की कक्षाएं चलाई जा रही थी। कक्षा 6 से 8 तक की कक्षाओं पर रोक लगाई गई। हरिजन बाल विद्या मंदिर छहूं, कक्षा 8 तक संचालित मिली जबकि इसकी 5 तक की ही मान्यता थी। यहां भी 6 से 8 तक की कक्षाएं बंद कराई गई। आनंद पब्लिक स्कूल तुर्कपट्टी महुअवा कक्षा 5 तक संचालित मिली। मान्यता सम्बंधी अभिलेख नहीं दिखाने पर तालाबंदी की गई। प्रबंधक की ओर से बताया गया कि यह विद्यालय दुदही ब्लाक में स्थित है। जबकि मान्यता के लिए आवेदन तमकुही से किया गया था। अभिलेखीय अनियमितता के चलते इसकी मान्यता का आवेदन जिला से निरस्त हुआ है। बुद्ध स्मारक एसएसएस विद्यालय अमवा महंथ नर्सरी से 5 तक संचालित था। मान्यता सम्बंधी कोई अभिलेख नहीं उपलब्ध कराने पर तालाबंदी कर रोक लगाई गई। इन विद्यालयों के बच्चों को नजदीकी विद्यालयों में नामांकन कराने की निर्देश दिए गए। बीईओ सुधीर कुमार ने कहा कि इन विद्यालयों को नोटिस जारी किया है। बिना मान्यता वाले विद्यालय के संचालन पर रोक लगाई जा रही है।

### मतदान कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में सामान्य प्रेक्षक डॉ एन युवराज जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी निशा अनंत मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से शिशिर सक्सेना द्वारा किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी प्रथम द्वितीय व तृतीय तथा माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि आज रेंडमाइजेशन के उपरांत मतदान कार्मिकों को 10 मई से मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में प्रातः 10 से अपराह्न 1 तक तथा अपराह्न 2 बजे से सायं 5 तक दो पालियों में द्वितीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें 10 मई को तिलोई विधानसभा 11 मई को जगदीशपुर विधानसभा 13 मई को गौरीगंज तथा 14 मई को अमेठी विधानसभा के मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण 15 मई को आयोजित होगा।

# पुरुस्कार पाकर खिले मेडिकल स्टोर संचालकों के चेहरे

- अधिक से अधिक मतदान करवाए जाने की दिलवाई गई शपथ
- कृष्णा के साथ नितिन और ज्योति ने दिव्याग को सौंपी व्हील चेयर

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में गलिम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के त्रिवार्षिक सेल्समैन प्रमोशन सम्मेलन हरियाली रिजॉर्ट में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक बन्सल ड्रग एजेन्सी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीप प्रज्वलन के बाद मौजूद लोगो को महापर्व में भरपूर योगदान देने का वादा लिए जाने के साथ साथ अधिक से अधिक मतदान करवाए जाने और हर व्यक्ति को अपने साथ चार और व्यक्तियों को मतदान करवाए जाने के लिए मतदान स्थल तक ले जाने की शपथ दिलवाई।नितिन बंसल और ज्योति बंसल समाज सेवा के अपने निरन्तर कार्य को बढ़ाते हुए, दिव्यांग को व्हीलचेयर देकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

काजीपुरा निवासी दिव्यांग सतीश श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि व्हीलचेयर मिलने से मैं बहुत खुश हूँ क्योंकि मुझे ज़मीन में घिसट कर चलना पड़ता था वह अब नहीं पड़ेगा और हम परिवार की मदद से व्हीलचेयर से कहीं भी जा सकते हैं हरियाली रिज़ॉर्ट में होने वाले इस कार्यक्रम में बन्सल ड्रग एजेंसी के मालिक नितिन बन्सल ने बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है जब हमने समाज सेवा के क्षेत्र में कोई काम किया हो बल्कि हम हर वर्ष 20 से 25 लोंगों की जो सम्भव मदद हो पाती है वह मैं करता हूँ। अपने कार्यक्रम और उपलब्धियों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से लगभग 80 प्रतिशत उनका कारोबार बढ़ा है जिसकी खास वजह यह है कि हम ऐसी दवाइयां उपलब्ध कराते हैं जो मूल्य की दृष्टि से हर आम व खास तक आसानी से पहुँच सकें।

गणेश वंदना के बाद लखनऊ से आई सास्कृतिक मंडली ने फिल्मी गानों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। गानों की प्रस्तुति के बीच बीच मे बन्सल ड्रग एजेंसी से जड़े मेडिकल स्टोर के मालिकान को पुरस्कार भी दिया गया। 2 विंडो एसी, फ्रिज, कूलर, गैस चूल्हा, डिनर सेट सहित प्रोत्साहन स्वरूप 169 आइटम इस कार्यक्रम में बाटे गए।

इस अवसर पर गलिम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मैनेजिग डायरेक्टर अनुराग राय शिवानी राय सहित लखनऊ से आएअतिथि अतुल तुलसियान ज्योति बंसल तथा अपने पिता के कदमों से क़दम मिलाकर चलने वाले नितिन बंसल के पुत्र कृष्णा बंसल मौजूद रहे।

# रक्तदान कर बचाई जान, महिला मरीज को एबी निगेटिव ब्लड से बची जान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पांच अप्रैल को मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में रक्तदान- जीवन दान कार्यक्रम आयोजित हुआ। रक्तदान कार्यक्रम में महेंद्र अग्रहरी दुर्लभ ब्लड ग्रुप एबी निगेटिव रक्त समूह का दान हुआ। शिक्षिका अनीता पाण्डेय की माता मालती पाण्डेय एक दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गयी। इनको आनन-फानन में अमहट में भगवती हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मरीज मालती पाण्डेय का ऑपरेशन होना है। उनकी आयु 72 वर्ष होने के कारण रक्त की कमी भी है। उनको तीन यूनिट एबी निगेटिव ब्लड की नितांत आवश्यकता थी।इस दुर्लभ समूह का रक्त ब्लड बैंक में एक यूनिट तो प्राप्त हुआ। एक यूनिट अम्बेडकर नगर ब्लड बैंक से उपलब्ध हुआ। जिला चिकित्सालय सुल्तानपुर ब्लड बैंक। गोमती हॉस्पिटल ब्लड बैंक व अम्बेडकर नगर जिले के ब्लड बैंक में उक्त रक्त समूह का ब्लड उपलब्ध नही है। परिजनों को रक्त के लिए भटकना पड़ा । उसके बाद तीसरे यूनिट ब्लड के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान से सम्पर्क किया उसके बाद निज़ाम खान ने सोशल मीडिया में एबी निगेटिव ब्लड समूह के रक्तदाताओं से जीवन बचाने के लिए मदद की मार्मिक अपील किया और उनके द्वारा अपने नेटवर्क से सम्पर्क स्थापित करने पर कई लोग मिले तो किन्तु किसी का रक्तदान करने के बाद अभी तीन महीने पूरे नही हुए तो कुछ लोग बाहर से आने में असमर्थ थे।

दो दिन के अथक प्रयास से जब सुल्तानपुर चौक निवासी महेंद्र अग्रहरी से निज़ाम खान ने दूरभाष पर सम्पर्क किया रक्तदान करने बाबत बात की तो महेंद्र ने सहर्ष बिना नाम पता पूछे रक्तदान करने को तैयार हुए। मरीज और रक्तदाता दोनों के रक्त का परीक्षण किया गया। दोनों के रक्त मैच कर गए। तो महेंद्र ने रक्तदान महादान कर श्रीमती मालती के लिए बरदान साबित हुए। ऐसे रक्तदानी योद्धा के जज्बे को नमन। जिन्होंने मानवता के लिए पुनीत कार्य किया।

# नगर क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया भ्रमण

- मतदाता पर्ची वितरण कार्य का लिया जायजा
- शत प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण करने के बीएलओ को दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत शत प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 286-बहराइच के मतदान केन्द्र आदर्श संस्कृता आयुर्वेद महाविद्यालय काजीकटरा के बूथ संख्या 51 व 52 तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (जिला कुष्ठ चिकित्सा कार्यालय) पानी टंकी सलारगंज के बूथ संख्या 43 का निरीक्षण कर मतदाता पर्ची वितरण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाताओं से पर्ची वितरण का फीडबैक भी प्राप्त किया। डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी दो दिवस के अन्दर शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराये ताकि मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की सुविधा न हो। डीएम ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पर्यवेक्षकों सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में दो दिवस के अन्दर शत प्रतिशत मतदाता पर्चियों का वितरण सुनिश्चित कराये अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जायेगी। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में संघन भ्रमण कर शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराये।

## डीएम का नामांकन के दौरान रहा सराहनीय कार्य

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उन्होने इस बार नामांकन में नया फार्मूला अपनाया।जिसके चलते आम जन को कोई परेशानी नही हुई। डीएम कृतिका ज्योत्स्ना ने इस बार होने वाले लोक सभा चुनाव के नामांकन में बढ़िया तरीके का इस्तेमाल किया। जिससे न किसी राहगीर को समस्या हुई न ही किसी दुकानदार को,उनके इस कार्य की नागरिक सराहना कर रहे हैं। जो जिलाधिकारी की प्रशासनिक क्षमता को साबित करता है।डीएम ने इस बार कलेक्ट्रेट में होने वाले प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान ही बैटिकेटिंग का उपयोग किया। बाकी समय रास्ते का आवागमन चालू रखा। पहली बार ऐसा हुआ कि डाकखाना और दीवानी चौराहा बंद नहीं हुआ। और न ही किसी को कोई समस्या हुई। फिलहाल डीएम के इस फैसले की सब जगह सराहना हो रही है।

# कार्मिक प्रशिक्षण स्थल के.डी.सी. का डीएम ने किया निरीक्षण

- प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रशिक्षित की गयी 696 पोलिंग पार्टियां

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों हेतु स्व. ठाकुर हुकम सिंह किसान पी.जी. कालेज बहराइच के विभिन्न कक्षों में आयोजित किये जा रहे 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन के प्रथम पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 01 से 348 तक व द्वितीय पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 349 से 696 को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम मशीनों का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन प्रकिया को सकुशल सम्पन्न कराने में पीठासीन अधिकारी सहित सभी मतदान अधिकारियों का रोल सबसे महत्वपूर्ण है। निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए ज़रूरी है कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रशिक्षण कक्ष को छोड़ने से पूर्व ई.वी.एम. के सम्बन्ध में अपनी सभी शंकाओं का समाधान अवश्य कर लें।

जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों को इस बात के भी निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ई.वी.एम. मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अलावा एस.एम.एस. और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है।

जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने से मतदान के दिन आपके सामने कोई दिक्कत नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों की जिम्मेदारी होगी कि मतदान दिवस के दिन निर्धारित समय पर मॉक पोल कराने के बाद वोटिंग प्रारम्भ करा देंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कई मतदान कार्मिकों से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संचालन, माकपोल, उनके कर्तव्य इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 07 मई को प्रथम पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 697 से 1044 एवं द्वितीय पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 1045 से 1491 तथा 08 मई को प्रथम पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 1392 से 1740 एवं द्वितीय पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 1741 से 2077 को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# हाईवा की किश्त भरने के लिए उधार लिये रुपये

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** हाईवा की किश्त भरने के लिए उधार लिये रुपयों को वापस न करते हुये उल्टा धमकाते हुये झूठे मुकद्में में फंसाने का आरोप लगाया गया है। इस प्रकरण में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये विपक्षी द्वारा लगातार की जा रहीं झूठी शिकायतों और छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। प्रकरण को लेकर थाना जखौरा क्षेत्र के कस्बा बांसी में रहने वाले अमित दुबे पुत्र स्व. काशीनाथ दुबे ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गांव में रहने वाले शिशुपाल पुत्र वीरभान यादव उसके घर पर बार-बार आकर रुपयों की मांग करता था, जिससे कि वह अपने हाईवा की किश्त भर सके। बताया कि बीती 6 अप्रैल 2024 को उसने शिशुपाल को 2 लाख 70 हजार रुपये दिये तथा 29 अप्रैल का नकद 2 लाख रुपये दिये, जिसे चुकाने के लिए शिशुपाल ने अपना चैक जो कि एक दो लाख रुपये का और दूसरा 2 लाख 70 हजार रुपये और अपनी चार पहिया कार संख्या यू.पी. 94 ए.सी. 1439 को दिया था। इस प्रकरण के दौरान राकेश दुबे व रवि यादव के समक्ष यह बात तय हुयी थी। अमित दुबे ने आरोप लगाया कि नीयत में खोट आने के चलते अब शिशुपाल अपने वायदे से पलटते हुये उल्टा उसके खिलाफ शिकायतें कर रहा है।

# पोलिंग पार्टियां रवाना की गयीं

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद फिरोजाबाद में होंने वाली वोटिंग के मद्देनजर जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा पुलिस लाइन से रवाना की गयीं पोलिंग पार्टियों (ड्यूटी में तैनात पुलिस/ प्रशासनिक कर्मचारीगण) का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद फिरोजाबाद के 05 विधानसभा 1-टूण्डला, 2-जसराना, 3-फिरोजाबाद, 4-शिकोहाबाद एवं 5-सिरसागंज क्षेत्र के कुल 1285 मतदान केन्द्रों, 2053 मतदेय स्थलों पर मतदान किया जाएगा। जिसको 28 जोन एवं 188 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। सभी मतदान/मतदेय स्थलों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार केन्द्रीय पुलिस बल, पीएसी, नागरिक पुलिस बल एवं होमगार्ड की तैनाती की गयी है। आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन कराने एवं प्रत्येक मतदेय स्थल पर निष्पक्ष वोटिंग एवं चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा में 03-03 फ्लाइंग स्क्वायड, स्टेटिक सर्विलांस टीम कुल 15-15 टीमें लगातार भ्रमणशील रहकर चैकिंग की गयी। साथ ही जनपद में 116 क्लस्टर मोबाइल, 44 क्यूआरटी, 28 जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल पुलिस मोबाइल, 188 सेक्टर मजिस्ट्रेट मोबाइल, 188 सेक्टर पुलिस मोबाइल, 31 अन्तर्जनपदीय बैरियर, 44 स्थानों पर पिकेट ड्यूटी चुनाव को सम्पन्न कराने हेतु लगायी गयी है। स्टेटिक सर्विलांस टीम जनपद में स्थापित बैरियर/चैक पोस्ट पर मतदान समाप्ति तक चैकिंग का कार्य करेंगी। इसी क्रम में सोशल मीडिया पुलिस टीम द्वारा भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, कू आदि ) पर 24'7 घंटे सतर्क निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफ्वाह फैलाने वाले के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। साथ ही आप सभी से अपील है कि बिना किसी मैसेज/ ऑडियो/ वीडियो की प्रमाणिकता जाने शेयर/ फारवर्ड न करें अन्यथा आप के विरूद्ध भी कडी कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जाए। छोटी से छोटी घटना पर तत्काल डायल 112 या सम्बन्धित थाने/चौकी पर सूचित करें। निष्पक्ष एव निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। जनपद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

## डीएम को ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर।** स्थानीय एक राजनैतिक दल ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम को को सौंपा है।



ज्ञापन में भारत के गौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष अशोभनीय कृत्य एवं एवं अपमानित करने बाले आचरण करने बाले लोगों एवं एक अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि चार मई को उत्तर प्रदेश के एक जिले में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष जुलूस निकल रहा था तव अराजक तत्वों द्वारा मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की गई थी। उसे लेकर अपराधी तत्वों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई है। इस अवसर पर पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सक्षिप्त समाचार

### 10 को मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती



**सुल्तानपुर।** जागृति ब्राह्मण समाज की बैठक शहर के बढ़ैयावीर स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। इसमें 10 मई को भगवान परशुराम की जयंती मनाए जाने का निर्णय लिया गया।पदाधिकारियों की बैठक में तय किया गया कि जयंती कार्यक्रम में किसी राजनीतिक दल व प्रत्याशी को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। मीडिया को जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश शुक्ल ने बताया कि 21 निर्धन ब्राह्मणों की बेटियों का विवाह कराया जाएगा। पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में प्रस्तावित कार्यक्रम में भगवान परशुराम की जयंती पर बेटियों के विवाह के लिए परिजनों को सहयोग राशि दी जाएगी।बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष रमेश द्विवेदी ने किया।इस दौरान संरक्षक लालजी शुक्ल,सत्य नारायण पांडेय,विनोद मिश्र,सुरेंद्र प्रताप मिश्र,राघवेंद्र चतुर्वेदी,हरीश पाठक,आशीष पाठक,रुचि त्रिपाठी,अनमोल बाजपेई व राम बरन राय समेत कई लोग मौजद रहे।

### गठबंधन के प्रत्याशी का सपाइयों ने किया स्वागत



**सुलतानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रामभुआल निषाद वरिष्ठ सपाईयों के साथ सोमवार को सुल्तानपुर इसौली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव अभियान में धार देने निकले। उत्साहित कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पर जोरदार स्वागत किया गया।प्रत्याशी समेत वरिष्ट सपाईयों का स्वागत कर चुनावी अभियान को आगे बढाया गया। बुधवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक सुल्तानपुर विधानसभा क्षेत्र में गठबंधन प्रत्याशी का तूफानी चुनाव प्रचार अभियान चला नुक्कड़ सभाएं की गई। सपाईयों ने जनता को बताया कि गठबंधन प्रत्याशी को जिताना क्यों जरूरी है,बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दों को गंभीरता से जनता के बीच उठाया गया। साथ ही ऐतिहासिक जीत दिलाने का आवाह्न किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे।

### अमन पांडेय ने 94 प्रतिशत अंक लाकर किया नाम रोशन



**जयसिंहपुर, सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के अन्नपूर्णा नगर गांव निवासी हरीराम पाण्डेय के पौत्र अमन पांडेय पुत्र पंकज कुमार पांडेय ने आईसीएसई बोर्ड की इंटरमीडियट परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर पारिवारिजनों का नाम जनपद में रोशन किया है। अमन पांडेय लखनऊ के महानगर सिटी मांटेसरी स्कूल के छात्र हैं और पत्रकार सतीश पांडेय के भतीजे हैं।उनकी सफलता पर परिवारीजनों, मित्रों, शुभचिंतकों में खुशी है। उनकी सफलता पर जिले के पत्रकारों सहित भाई उत्तम पांडेय, शुभम पांडेय,व हार्दिक पांडेय, अथर्व पांडेय तथा बहन आकृति एवं गुड़िया ने उन्हे बधाई दी है।

# डीएम व एसएसपी ने किया भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी एवं एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना सिरसागंज क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च/पैदल गष्त किया गया। पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चैकिंग भी की गयी। साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर आमजनों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करने हेतु जागरुक किया गया। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्द है। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वंतन्त्र एवं निष्पक्ष व पारदर्शी रुप से सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद में भारी पुलिस बल एवं पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ थाना सिरसागंज क्षेत्र में पैदल गश्त/पैदल मार्च किया गया। पैदल गश्त के दौरान महोदय द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही भयमुक्त होकर निष्पक्ष रुप से मतदान करने हेतु जागरुक किया गया। साथ ही मौजूद पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनों की भी चैकिंग भी की गयी। तत्तपश्चात महोदय द्वारा अवगत कराया गया किसी भी आमजन/ संभ्रांत नागरिक को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल डायल-112/सम्बन्धित थाना/ चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी। पैदल गस्त के दौरान जोइन्ट मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस /प्रशासन के अधिकारीगण /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# वरिष्ठ चिकित्सक डा.निर्मलचंद्र के निधन पर शोक की लहर



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डा.निर्मलचंद्र जैन के आकस्मिक निधन से चिकित्सा जगत एवं नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ चिकित्सक के निधन पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राईवेट चिकित्सा संघ और आईएमए अध्यक्ष हृदय रोग विशेषज्ञ डा.राजकुमार जैन ने इसे नगर के लिये और चिकित्सा समुदाय के लिए अपूर्णीय क्षति बताया और उन्होंने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका सादा जीवन और उच्च विचार सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होंने ललितपुर जिले में एलोपैथिक चिकित्सा की अलख जगाई थी। वरिष्ठ चिकित्सक सर्जन डा.आर.के. अग्रवाल ने श्रद्धासुमन अर्पित कर अपने भाव व्यक्त किए।

इस मौके पर डा.राजीव जैन, डा.टडैया, डा.राजेश शर्मा, डा.के.सी.चौधरी, डा.दिवाकर, डा.महेंद्र जैन, डा.अमन अग्रवाल, डा.श्रीराम साहू, डा.रमेश साहू, डा. सुधीर नजा, डा.आकाश खैरा, डा.राजेंद्र साहू, डा.अनुपम मिश्रा, डा.विकास जैन, डा.अजय जैन, डा.जिनेंद्र जैन, डा.आलोक जैन, डा.कैलाश श्रोतीय, डा.एम.सी.गुप्ता, डा. संजीव कड़ंकी आदि ने शोक समवेदनायें व्यक्त की।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की खुलेआम उड़ रहीं धज्जियां

- खाली प्लाटों पर जमा हो रही गन्दगी, बजबजा रहीं नालियां

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर के अधिकतर बार्डो में गंदगी फैली है। जगह जगह नालियां जाम है। एंटी लार्वा का छिडकाव न होने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है। लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान केवल फोटो ग्राफी तक ही सीमित है। संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए प्रशासन तमाम तरह के अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। नगर पालिका के तमाम बार्डो मे खाली पडे प्लाटों पर कचरा के ढ़ेर देखने को मिल रहे है। समस्त बार्ड में गंदगी से नालियां भरी हुई हैं। मुख्य मार्ग पर नाली का गंदा पानी जमा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है। सारा पानी उक्त गड्ढे में जमा होता है। नालियां गंदगी और पानी से भरी हुई हैं। गंदगी से भरी नालियों को साफ करने के लिए कर्मी ही नहीं आते। लोगो का कहा है की पालिका के जुम्मेदारों दोबारा चुनिंदा एवं खास जगह पर सफाई करा कर सेल्फी लेकर उच्च आला अधिकारियों को भेज कर सचारी अभियान का खूब दावा किया जा रहा हैं। लेकिन हकीकत कुछ और ही है शहर के तमाम ऐसे बार्ड है, जहां पर नियमित साफ-सफाई न होने से जगह जगह गंदगी है। नालियां बजबजा रही हैं। गन्दगी होने के कारण। इससे संचारी रोग का खतरा बढ़ गया है। प्रमोद मौर्य ने बताया कि शहर के तमाम ऐसे बार्ड हैं जिनमे ना तो अभी तक मच्छरों की रोक थाम के लिए नगर पालिका द्वारा फाकिंग कराई गई है। और नाही सकरी गलियो में अभी तक मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव नहीं हुआ है। जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है ।बस पालिका मे तैनात आला अधिकारियों द्वारा चुनिंदा स्थानो पर सफाई कराकर सेल्फी फोटो लेकर अधिकारियों कि झूठी बा बाही लूट रहे हैं। कैलाश जोसी ने बताया की जब भी सफाई आदि से संबंधित कोई भी शिकायत अगर वार्ड सुपरवाइजर एवं नगर पालिका की सफाई इंस्पेक्टर से की जाती है तो वह बताते हैं कि कर्मचारी वार्डो में कम है इस वजह से साफ सफाई व्यवस्था थोड़ी लाचार है। शासन ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है लेकिन नगर पालिका के द्वारा केवल दिखावा करके प्रशासन के आदेश की धज्जिया उडाई जा रही हैं।

# सपा-भाजपा के बीच में होगा सीधा मुकाबला

- बसपा सहित अन्य प्रत्याषी मुकाबले से पूरी तरह बाहर

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद 20 लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशियों का प्रचार रविवार देर सायं को समाप्त हो गया। बीते 15 दिनों में वैसे तो विधिमान्यतः 7 प्रत्याशियों ने जमकर अपना-अपना प्रचार-प्रसार किया और लोगों तक जा-जाकर अपने लिए वोट मांगे।

वह बात अलग है कि 5 मई तक आते-आते चुनाव का प्रचार व प्रसार सिर्फ सपा व भाजपा का ही दिखायी दिया। शेष पार्टियों के प्रत्याशियों का प्रचार दूर-दूर तक नजर नहीं आया और आखिर यह तय हो गया कि 7 मई को होने वाले मतदान में सीधा मुकाबला सपा-भाजपा के बीच होगा। 7 मई को होने वाले चुनाव में वैसे तो सपा प्रत्याशी अक्षय यादव, भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिहं, बसपा प्रत्याशी चौधरी बशीर तथा भारतीय किसान पार्टी से उपेन्दऊसिंह, राष्ट्रीय उदय पार्टी से प्रेमदत्त परिवर्तन समाज पार्टी तो जयवीर सिंह तथा निर्दलीय रूप से श्याम सिंह सहित कुल 7 प्रत्याशी मैदान में रहेंगे।

बीते चुनाव प्रचार एवं जन सम्पर्क से यह स्पष्ट हो चुका है कि मतदान वाले दिन आज चुनावी मुकाबला तो सिर्फ दो पार्टियों के बीच होगा। देखा जाए तो जिस तरह चार प्रत्याशी डमी के रूप में काम में आएंगे उसी तरह बसपा प्रत्याशी सिर्फ और सिर्फ अपनी पार्टी के स्थान को भरने की औपचारिकता पूर्ण करते ही दिखायी देंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस बार बसपा का वैसे वोट जो भाजपा की ओर चला गया था वह संविधान और डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के सम्मान की खातिर वहां नहीं जाएगा। माना कि राजनीति की बिसात जाति समीकरण के मोहरों से ही बिछायी जाती है। इस बार के मतदान में जाति समीकरण भी धूमिल होते नजर आएंगे। क्योंकि जनपद की जनता अपना और अपने देष का भविष्य सुन्दर एवं स्वर्णिम देखना चाहती है। इसलिए वह सोच-समझ कर मतदान करेगा। जिसका बंटवारा दो ही पार्टियों सपा-भाजपा के बीच होता दिखायी दे रहा है।

# विधानसभावार समिति का किया गया गठन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) उप निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदेय स्थलों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, पानी, छाया, शेड, स्वास्थ्य सुविधा आदि उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित विधानसभाओं के उप जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग आफिसर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी है।

उन्होंने बताया कि समस्त उप जिलाधिकारी अध्यक्ष नामित किया गया है, जिनके द्वारा समिति के समस्त सदस्यों से समन्वय स्थापित कर सौंपे गये समस्त कार्यों को पूर्ण कराना है, इसी प्रकार से समस्त तहसीलदार को सदस्य नामित किया गया है, इन्हें आयोग के मानक के अनुसार मतदान स्थलों का निर्माण कराना तथा मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रत्येक मतदेय स्थलों पर 10-10 कुर्सी तथा दरी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गयी है। समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने विकास खण्ड क्षेत्र में प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर 02 घड़ो में ठण्डा पानी एवं छाया (न्यूनतम 5म5 मीटर क्षेत्रफल) की व्यवस्था कराना, जहॉ पर मतदाताओं की कतार लगेगी।

सदस्य जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रत्येक मतदान केन्द्र के 200 मीटर परिधि के अन्दर सफाई व्यवस्था, शौचालय की सफाई तथा पानी के टैंकरों की व्यवस्था किया जाना है। सदस्य समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने विकास खण्ड क्षेत्र में पोलिंग पार्टी को मिड-डे मिल रसोईयों के माध्यम से चाय-नाश्ते एवं भोजन इत्यादि की व्यवस्था पेमेण्ट बेसिस पर कराना सुनिश्चित करेंगें। सदस्य समस्त अधिशासी अधिकारी अपने-अपने निकाय क्षेत्र में सदस्य प्रत्येक मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि के अन्दर सफाई व्यवस्था एवं पेयजल, शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाएं सही कराना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यों को पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी पूर्णतः उत्तरदायी होगें तथा समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराकर 30 मई, 2024 तक जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना

# टेंपो और ट्रैक्टर की भिड़ंत, ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की

**टैंपो मे सवार आधा दर्जन सावरिया घायल**

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर/हमीरपुर।** रविवार की रात 8 बजे सुमेरपुर बांकी मार्ग में टैंपो और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गई, पीछे से आ रहे बाइक सवार की ट्रेक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई, अन्य आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।जानकारी के मुताबिक धरमपुर गांव का ट्रैक्टर धरमपुर गांव जा रहा था और धरमपुर से टैम्पो कस्बा सुमेरपुर आ रही थी, रामकृष्ण शिक्षा समिति महाविद्यालय के समीप ट्रैक्टर ने आटो में टक्कर



मार दी वह पलट गया उसमें सवार लोग घायल हो गए, इसके बाद, टैंपो के पीछे से बाइक द्वारा फैक्ट्री जा रहे धरमपुर निवासी शिवशरण और अमर सिंह ट्रैक्टर की चपेट में आ गए तो शिवशरण 42 वर्ष की मौके पर ही मौत से हो गई, जबकि बाइक में सवार अमर सिंह घायल हो गया, आटो पलटने से उसमे सवार धरमपुर निवासी धर्मेंद्र, वीरेंद्र, दिनेश, भूरा इंद्रपाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा तो उन्हे जिला अस्पताल रेफर किया गया है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही ट्रैक्टर चालक दीपक कुमार ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ फरार हो गया, मृतक अपने मां, पत्नी, पुत्र और पुत्री सहित परिजनों ने रोता विलखता छोड़ गया है, मृतक कस्बे की रिमझिम फैक्ट्री में काम करता था।

## चाकू की नोक पर नाबालिग से दुष्कर्म

**हमीरपुर।** एक दबंग युवक ने मां बाप को जान से मारने की धमकी देकर चाकू की नोक पर नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।हालांकि पुलिस ने मामले की जांच की बात कही है।

मौदहा कस्बे के निवासी एक पिता जो एक किसान के नलकूप में परिवार सहित रहता है।उसने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बे में रहने वाले नरायच निवासी अनिल पुत्र टामी ने पहले उसकी नाबालिग लड़की को जबरदस्ती चाकू की नोक पर धमकी देकर मोबाइल फोन दिया और बात करने का दबाव बनाया फिर उसके बाद 23 अप्रैल को रात में नलकूप पर आकर जबरदस्ती चाकू की नोक पर मां बाप को मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।पीड़ित पिता ने नाबालिग का मेडिकल परीक्षण करा मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर आई है मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास सम्भवः इन्दू



**यूनीफार्म (ड्रेस) पाकर बच्चों के खिले चेहरे**

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल अपने उद्देश्य सेवा, शिक्षा, विकास को क्रियान्वित करने में सदैव प्रयासरत्न रहता है। इसी क्रम में आज दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर द्वारा प्राइमरी स्कूल, रेनूसागर में 125 छात्र-छात्राओं को सदनवार स्कूल यूनीफार्म का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू सिंह द्वारा किया गया। तत्पश्चात अन्य सदस्याओं द्वारा स्कूल यूनीफार्म (ड्रेस) का वितरण किया पोशाक पा कर बच्चे फूले नही समा रहे थे। अध्यक्षा ने अपने उद्बोधन में समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा को न सिर्फ देश का विकास, बल्कि लोगो के आर्थिक विकास हेतु भी जरूरी बताया, शिक्षा से लोगों का सर्वांगीण विकास होगा और समाज में ब्याप्त कुरीतियों को भी समाप्त करने में मदद मिलेगी। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि दिशिता महिला मण्डल का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक ग्रामीण एवं जरुरत मंद लोगो तक मदद पहुंचे उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं आयोजित होती रहेगी अंत में दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा ने ÷सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय ÷की बात कहते हुए समाज के हर वर्ग के बच्चों को पुनः शिक्षित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्षा इंदू सिंह के साथ विभा विक्रम सिंह, कविता श्रीमाली, तूलिका श्रीवास्तव तथा महिला मंडल की अन्य सदस्य बहनें उपस्थित रहीं। अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डा0 पूनम वार्ष्णेय ने दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा एवं अन्य सदस्याओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने सक्रिय योगदान दिया।

# आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में निकेता पाल जिला टॉपर

**डॉक्टर बन देश सेवा का सपना**

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर/हमीरपुर** आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में जिले के इकलौते विद्यालय अजय मेमोरियल की दसवीं की छात्रा निकेता पाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं घर परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा इंटरमीडिएट के बाद नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करके डॉक्टर बनने के सपना संजोये है। छात्रा के पिता सेना में कार्यरत है। मां ग्रहणी है।अजय मेमोरियल के प्रधानाचार्य अमित कुमार ने बताया कि हमारा विद्यालय आईसीएसई बोर्ड का जिले का इकलौता संस्थान है। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के 44 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। छात्रा निकेता पाल ने प्रथम, रवि कुमार 89.2



प्रतिशत अंक पाकर दूसरा तथा शुभ तिवारी ने 88 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया है। छात्रा निकेता पाल ने बताया कि उसकी इच्छा डॉक्टर बनकर देश सेवा की है। वह इंटरमीडिएट के बाद नीट परीक्षा में शामिल होकर अपना सपना पूरा करना चाहती है। निकेता पाल के पिता रावेंद्र पाल सेना में कार्यरत हैं। मां सरला देवी गृहणी है। छात्रा की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक प्रेमचंद्र गुप्ता, शिक्षक राकेश कुमार सिंह, प्रांशु शिवहरे, मोहम्मद अबूजर, प्रतिष्ठा गुप्ता, श्यामकरण यादव, विशंभर नाथ, बाबूराम, कौशलेंद्र आदि ने हर्ष जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लायंस क्लब ऑफ रेणुकूट में मना स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** लायंस क्लब ऑफ रेणुकूट ने हिंडालको प्रेक्षागृह में 54 व स्थापना दिवस मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जे एन श्रीवास्तव एवं गेस्ट ऑफ ऑनर जसबीर सिंह,अध्यक्ष, एच आर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उनकी गरिमामय उपस्थिति में क्लब एडवाइजर राजीव झुनझुनवाला ने आगामी सत्र के नव निर्वाचित क्लब अध्यक्ष डॉक्टर राकेश रंजन सचिव सुभाष राय कोषाध्यक्ष राजीव रंजन सहित अन्य पदाधिकारियों के लायंस टीम कि घोषणा की । अध्यक्ष डॉ राकेश रंजन ने पधारे अतिथियों एवं जिले के अन्य क्लब से आये पदाधिकारी तथा क्लब सदस्यों का स्वागत करते हुए क्लब के द्वारा किए गए सेवा कार्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण बलवीर सिंह बग्गा, उदय चांदनी,वीरेंद्र गोयल, निधि कुमार




ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। प्रोग्राम सह अध्यक्ष बृजेश जैसवाल का जन्मदिन तथा क्लब डायरेक्टर मुकुल श्रीवास्तव के शादी के सालगिरह पर क्लब द्वारा केक काटकर शुभकामनाएं प्रेषित किया। मुख्य अतिथि ने गेस्ट ऑफ़ ऑनर्स जसवीर सिंह, राजीव झुनझुनवाला, डॉ राकेश रंजन ,गोपाल सिंह, मनोज सिंह, बृजेश जैसवाल, सुनील अग्रवाल, दीपक पांडे, विवेक अग्रवाल, संजय कुमार ,सुनील दुबे, संजय सक्सेना, सतीन परवल, विष्णु मोदी ,शैलेंद्र पांडेय ,रोबिन श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों को गवर्नर पीन प्रदान कर सम्मानित किया वहीं आए हुए अतिथियों को जसवीर सिंह ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए क्लब के सेवा कार्यों को सराहनीय बताते हुए क्लब के नई टीम को और अच्छा सेवा कार्यो करने के लिए प्रेरित किया। क्लब के वरिष्ठ सदस्य एल पी गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी को माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। स्नेहा मोदी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना एव अन्य गीतों पर प्रस्तुति कार्यक्रम में चांद लगा दिए बृजेश जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अध्यक्ष डॉ राकेश रंजन ने कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा कर रात्रि भोज में सभी को आमंत्रित किया।

## स्नातक तथा परास्नातक की परीक्षाएं प्रारम्भ



**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर की प्राचार्य प्रोफेसर शीराज खान द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वार्षिक पद्धति पर आधारित बी0ए, बीएससी, एम ए तथा बी-काम, की परीक्षाएं 6 मई से प्रारम्भ हो चुकी है तथा सेमेस्टर पद्धति की परीक्षाएं आगामी 10 मई से प्रारम्भ होनें जा रही है।सामान्य लोकसभा निर्वाचन के अन्तर्गत आगामी 20 मई को हमीरपुर संसदीय सीट पर मतदान होना है जिस में महाविद्यालय के लगभग सभी प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुयी है ऐसी चुनावी पूर्ण परिस्थिति में दिनांक 06 मई को महाविद्यालय में पर्यावरण एवं मानवाधिकार विषय की बड़ी परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गयी परीक्षा की दूसरी पाली में 568 परीक्षार्थियों नें परीक्षा दी

# एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा समर कार्निवाल 2.0 का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र /विंध्याचल।** एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा दिनांक 6 मई 2024 को विंध्य क्लब परिसर में समर कार्निवाल का भव्य रूप से आयोजन किया गया। इस अवसर पर विंध्य क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। क्लब के कई सदस्यों ने राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल आदि के सुगंधित बहु-व्यंजनों के स्टॉल तैयार किए और लगाए। साथ ही स्वादिष्ट बेकरी उत्पादों और स्वादिष्ट पेय पदार्थो के स्टॉल भी लगाए गए।। सभी सदस्यों नें बहुत ही स्वादिष्ट भोजन तैयार कर उनकी साज-सज्जा आकर्षक ढंग से की, जो बहुत ही लुभावनी थी। विंध्य क्लब का यह प्रमुख कार्यक्रम सीज़न की शुरुआत का प्रतीक है और सभी विंध्याचल कर्मचारियों और परिवार के जीवन में गहराई से निहित एनटीपीसी पारिवारिक संस्कृति कार्यक्रम का




प्रतीक है। कार्निवल में हर आयु वर्ग के लिए मनोरंजन के कई अनूठे आकर्षण थे, जैसे - वीडियो गेमिंग, टॉस द रिंग, सांप और सीढ़ी, ड्रॉप द बोतल । साथ ही साथ विंध्य क्लब द्वारा मैजिक शो और राजस्थानी लोक नृत्य का भी आयोजन किया गया। पूरा माहौल जश्न में बदल गया जब राजस्थान के प्रतिभाशाली कलाकारों ने मधुर लोक गीतों से वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया और जीवंत कालबेलिया नृत्य के साथ मंच को रोशन कर दिया।

इस अवसर पर समर कार्निवाल में भोजन और खेल स्टालों के लिए प्रतिभागियों नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा फूड स्टॉल और गेम का भरपूर आनंद उठाया। साथी ही बच्चों ने दो सिर वाले आदमी के साथ सेल्फी खींचकर और मौज-मस्ती कर भरपूर आनंद उठाया। सभी प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट व्यंजनों की मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सराहा गया।

साथ ही मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा ऐसे अद्भुत कार्यक्रम के आयोजन के लिए महासचिव (विंध्य क्लब) वेद प्रकाश एवं उनकी पूरी टीम को धन्यवाद भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# ओपीडी में समय से नहीं पहुंचते हैं डाक्टर

अवधनामा संवाददाता

**कुरारा-हमीरपुर।** जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल किसी से छुपा नहीं है ओपीडी का समय चाहे जो कुछ भी हो लेकिन जनपद की अधिकांश सरकारी अस्पतालों में डाक्टर अपने मन मर्जी के समय अनुसार ही ओपीडी में आते जाते हैं सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है लेकिन जनपद का स्वास्थ्य विभाग का रवैय्या सरकार की मनशा के विपरीत ही चलता है। आजकल ओपीडी का समर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉक्टरों के बैठने का है लेकिन डॉक्टर कभी भी समय से नही पहुच रहे हैं। स्वयं सीएचसी प्रभारी भी नदारद रहते है।

सोमवार सुबह 8ः40 पर जब कुरारा सीएचसी पर टीम पहुचीं तो अस्पताल के डॉक्टरों के बैठने के कमरे खोले जा रहे थे जिसमें कुछ खुल चुके थे तो कुछ बंद थे। वही मरीजो का पर्चा बनाने के लिए स्टाफ




मौजूद था और एक मेज पर मरीजो के पर्चे रखे हुए थे मरीजो के इन्ट्री रजिस्टर को महिला कर्मी द्वारा मेंटेन किया जा रहा था। ओपीडी में डॉ. सैय्यद उमेर अली की कुर्सी खाली पड़ी थी बस कमरे का दरवाजा खुला था वही ओपीडी में ही डॉ. दीपक कुमार व डॉ.अनिल कुशवाहा की कुर्सियां खाली मिली। वही महिला डॉ. नेहा यादव के कमरे का तो ताला तक नही खुला था। वही प्रभारी सीएचसी डॉ. सुनील जायसवाल की कुर्सी की शोभा उनका सफेद कोट बढ़ा रहा था बाकी वो कहा है इसका किसी को कोई पता नही।

एक्सरे रूम में भी सिर्फ कमरा खुला था स्टाफ का कोई भी कर्मी इस कमरे में नही दिखाई दिया। वही पैथालॉजी खुली मिली मगर कर्मी अस्पताल में टहलते नजर आए। सुबह 9 बजे तक टीम अस्पताल परिसर में मौजूद रही मगर किसी भी डॉक्टर की मौजूदगी 9 बजे तक अस्पताल में नही हुई। कुछ मरीज अस्पताल के बाहर मिले तो पूछने पर बताया कि एक घंटा बाद आने को कहा है। बेचारे मरीज डॉक्टरों के इंतजार में गर्मी में पसीना बहाते नजर आए। अस्पताल परिसर के वार्डो में कूलर तो लगे है परंतु वो पंखे से ज्यादा लाभ मरीजो को नही दे पा रहे है क्योंकि उन कूलरों की टंकियों में छेद है जिससे उनमें पानी ही नही भरा जाता है। मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के नाम पर शासन द्वारा करोड़ो बहाए जा रहे है परंतु उन्हें इसका लाभ मिलते नही दिखाई दे रहा है।

# मयंक ने लगातार जनसम्पर्क कर उड़ायी विरोधियों की नींद

अवधनामा संवाददाता

**चिलचिलाती गर्मी और 44 डिग्री का तापमान भी नही रोक पा रहा है मयंक के जनसंम्पर्क को**

**बाँदा।** अपने पूर्व प्रस्तावित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत 48 लोकसभा क्षेत्र बांदा चित्रकूट के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मयंक द्विवेदी का जनसंपर्क अभियान प्रातः 10 बजे अतर्रा स्थित मुख्य चुनाव कार्यालय से प्रारम्भ होकर प्रातः 11 बजे ग्राम जरोहरा पहुंचा जहां पूर्व से पंडाल में प्रतीक्षा कर रहे सर्वसमाज के सैकडों चाहने वालों ग्रामवासियों ने प्रत्याशी मयंक द्विवेदी का गर्मजोशी से स्वागत एवं माल्यार्पण किया, युवा मयंक द्विवेदी को अपने बीच पा लोगों में भारी उत्साह दिखा।

भारी संख्या में समर्थकों के साथ बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी का जनसंपर्क अभियान ग्राम भदेहदू, फुंफुंदी, उमरो होते हुए बबेरु स्थित मढीदाई मंदिर पहुंचा जहां सैकड़ों समर्थकों के साथ बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने मां के दर्शन कर विजय का आशीर्वाद मांगा। तदुपरांत काफिला ग्राम उमरहनी होते हुए बेर्राव पहुंचा जहां श्री विष्णुदत्त द्विवेदी, श्री



महेन्द्र कुशवाहा, श्री संतोष गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग युवा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के विचारों को सुनने को एकत्रित हुए। गांव और क्षेत्रवासियों को संबोधित कर चुनाव में समर्थन का आशीर्वाद मांगा और आगामी 20 मई को चुनाव चिन्ह हाथी पर बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील की, उपस्थित जन समुदाय ने हांथ उठाकर समर्थन का भरोसा दिया।

जनसंपर्क करते हुए मयंक द्विवेदी का काफिला राजापुर में आयोजित पाराशर जी महाराज के श्रीमुख से कही जा रही श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान करनें पहुंचे जहां व्यास पीठ को प्रणाम कर हजारों की संख्या में उपस्थित विप्र जनों एवं सर्वसमाज के उपस्थित जनों को संबोधित कर विजय का आशीर्वाद मांगा। तदुपरांत काफिला कमासिन के लिए रवाना हुआ जहां कस्बे के व्यापारियों, प्रबुद्ध जनों और युवाओं से जनसंपर्क कर कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस मैराथन जनसंपर्क अभियान में कुल 9 कार्यक्रमों को कवर करते हुए हजारों लोगों से संपर्क किया गया।

सर्वसमाज की माताओं, बहनों, बुजुर्गों और युवाओं से मिल रहे अपार जनसमर्थन के लिए मयंक द्विवेदी ने जगह जगह उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त किया और निवेदन किया इस बार यदि आपने सांसद चुन कर सेवा का अवसर दिया तो चित्रकूट बांदा जनपद के विकास एवं कृषि, शिक्षा, स्वास्थ पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए आप सभी के मान सम्मान और गौरव के लिए अपना जीवन खपा दूंगा और पूरे पांच साल आपके बीच रह कर अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड दूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिन के भीतर स्कूल बंद करने का आदेश

**मौदहा/हमीरपुर।** हर साल नये शिक्षा सत्र के साथ ही कुछ नये अमान्य स्कूल भी सामने आ जाते हैं ऐसे ही एक स्कूल को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद बंद करने का आदेश जारी किया है।कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज भुईयां रानी के निकट लम्बे समय से एक रिहायशी मकान में नेशनल क्रिएटिव एकेडमी नाम से एक अमान्य विद्यालय संचालित हो रहा था।जिसमें न तो बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही शौचालय आदि की इतना ही नहीं एक एक कमरे में मानक से अधिक बच्चों को बिठाया जा रहा था जिसपर खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने जांच कर तीन दिन के भीतर विद्यालय बंद करने का अल्टीमेटम दिया है अन्यथा कानूनी कार्यवाही की बात कही है।

### अतिरिक्त दहेज की मांग पर पति, सास, जेठ नामजद

**सुमेरपुर/हमीरपुर।** अतिरिक्त दहेज के लिए विवाहिता के साथ मारपीट करके जान से मार देने की धमकी के आरोप लगाकर पीड़िता ने पति, सास, जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सुरौली बुजुर्ग के चुनकी डेरा निवासी राजेंद्र सिंह की पुत्री सुषमा देवी का विवाह एटा जनपद के गठिया माखन थाना जैथारा में 17 जून 2017 को मोहित सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति मोहित सिंह, जेठ अतुल, सास मिथलेश सिंह अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे विगत दिनों उन्होंने बुरी तरह से जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी दी।

### जुनैद सिद्दीकी ने किया साजिया के लिए रक्तदान

**बाँदा।** सेवर्स ऑफ लाइफ के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने जानकारी दी की शनिवार को जिला अस्पताल में भर्ती साजिया खातून के लिए जुनैद सिद्दीकी ने रक्तदान करके साजिया खातून को जीवनदान दिया है इस कार्य के लिए साजिया खातून के परिजनों ने जुनैद सिद्दीकी का आभार व्यक्त किया है । खबर के मुताबिक बाँदा नगर के मर्दन नाका की निवासी साजिया खातून पत्नी अजीम ब्लड की कमी से जूझ रहीं थी साजिया के पति अजीम ने सेवर्स ऑफ लाइफ ब्लड डोनर नेटवर्क के अध्यक्ष सलमान से अपनी पत्नी के लिए खून की मांग की तो सलमान ने अपने सेवर्स ऑफ लाइफ के वाट्सएप ग्रुप में तुरंत साजिया के लिए रक्तदान करने की अपील डाली ग्रुप में आई अपील को पढ़कर बाँदा के खाईपार मोहल्ला निवासी जुनैद सिद्दीकी पुत्र अनीस अहमद सिद्दीकी साजिया के लिए रक्तदान करने के लिए तैयार हो गए सलमान खान, शादाब खान, जुनैद को रक्तदान के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंच गए।

## पंचायत घर से सीसीटीवी कैमरा चोरी

**सुमेरपुर/हमीरपुर** थाना सुमेरपुर क्षेत के ग्राम पंचायत जलाला के पंचायत घर में लगी सीसीटीवी कैमरा चोर उठा ले गये।ग्राम पंचायत जकाला के ग्राम पंचायत अधिकारी ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जलाका के पंचायत घर में जो ग्राम भमौरा में स्थित है। वहा सीसीटीवी कैमरा लगा था। गत दिनो पंचायत भवन में जब देखा गया तो कैमरा गायब था । अज्ञात चोर कैमरा उठा ले गये। पुलिस से कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर चोरी का खुलासा किये जाने का आश्वासन दिया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने जनपद में की बड़ी कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**शस्त्र-2999 लाइसेंसी शस्त्रों में 2133 जमा कराये गये व शस्त्र व निरस्त हुए-38**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल व शान्तिपूर्ण तरिके से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा की गयी निरोधात्मक कार्यवाही व पुलिस व्यवस्थापन का विवरण जिनमे से गैंगेस्टर एक्ट- अभियोग 12, अभियुक्त 47 वही एनडीपीएस एक्ट- अभियोग 42, अभियुक्त 58 इसके बाद आबकारी अधिनियम- अभियोग 255, अभियुक्त 256 वही शस्त्र अधिनियम- अभियोग 23, अभियुक्त 24 वही गुण्डा अधिनियम- अभियोग 94, अभियुक्त 94 वही 110जी सीआरपीसी- 529 अभियुक्तों के विरुद्ध वही 151 सीआरपीसी- 1241 अभियुक्तों के विरुद्ध व 107/116 सीआरपीसी- 21671 व्यक्तियों के विरुद्ध व



एनबीडब्ल्यू की तामिला- 434 अभियुक्त गिरफ्तार व जनपद में कुल लाइसेंसी शस्त्रों की संख्या- 2999 (जमा कराये गये शस्त्र-2133 व शस्त्र निरस्तीकरण-38) इसके उपरांत चुनाव को लेकर जनपद में चिन्हित अन्तर्राज्यीय बैरियर्स की संख्या- 26 बनाई गई है। व जनपद में चिन्हित अन्तर्जनपदीय बैरियर्स की संख्या- 08 हैं। व जनपद में चिन्हित पीकेट की संख्या- 21 और जनपद में कुल जोन की संख्या- 34 व जनपद में कुल सेक्टर की संख्या- 144 वही डॉ यशवीर सिंह ने बताया कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में ड्यूटी में व्यवस्थापित होने वाले सम्पूर्ण पुलिस बल का को लेकर निरीक्षक /उपनिरीक्षक- 475, मुख्य आरक्षी/ आरक्षी- 3944, होमगार्ड- 2670, पीएसी- 01 कम्पनी व 01 प्लाटून, केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल- 17 कम्पनी, जनपद में पुलिस बल के ठहरने हेतु चिन्हित स्कूल/कॉलेजों की संख्या- 72, जनपद में पुलिस बल के ब्रीफिंग का दिनांक- 30.05.2024, स्थान-रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क सोनभद्र। जनपद में पोलिंग पार्टी रवाना होने का दिनांक- 31.05.2024, स्थान- पॉलिटेक्निक कॉलेज लोढ़ी, रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र, जनपद में मतदान का एक जून को लेकर पुलिस ने की पूरी तैयारी।

# मोदी सरकार बलिदानियों का सपना और संकल्प कर रही साकार: योगी

अवधनामा ब्यूरो

- मुख्यमंत्री योगी ने शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- फिर से जनता पर कहर बरसाने की सोच रखने वालों को है गलतफहमी: योगी
- मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी और लू में जनसभा में आने वालों को दिया धन्यवाद



**शाहजहांपुर/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव में पंच प्रण की बात कही। इसमें उन्होंने गुलामी के अंशों को समाप्त करना और विरासत के सम्मान की भी बात कही थी। अयोध्या में राम लला के दिव्य-भव्य मंदिर का निर्माण, काशी में विश्वनाथ धाम, शाहजहांपुर में अमर शहीदों का म्यूजियम और हनुमंत धाम में बजरंगबली की विराट प्रतिमा का निर्माण विरासत के सम्मान को दर्शाता है। देश में एक तरफ भारत के अमर बलिदानियों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखने वाली भारतीय जनता पार्टी है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन है। सपा के गुंडों ने दो दिन पहले मैनपुरी में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की मूर्ति पर चढ़ कर उनकी आन-बान-शान के प्रतीक भाला को तोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने प्रतिमा को अपवित्र करने के साथ गाली गलौज की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और लू में भी जनसभा में आए लोगों को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को पुष्ट और मजबूत करने के लिए अपनी सहभागिता के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्प को साकार करने का आपका योगदान मुझे अभिभूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के बलिदानियों का सपना और संकल्प साकार कर रहे हैं। इन महानायकों का ही आशीर्वाद है कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया का सिरमौर बनता दिखायी दे रहा है। हमारी वर्तमान पीढ़ी धन्य है, जिन्होंने 500 वर्षों के बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को अपनी आंखों से देखा है। यही सपना हमारे बलिदानियों का था, जिन्होंने फांसी के समय भी बार-बार भारत की धरती पर जन्म लेने की बात कही थी। देश के क्रांतिकारियों महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह महाराज, महारानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे आदि का लंबा इतिहास रहा है, जो बिना डगे और थके भारत की स्वाधीनता के लिए लगातार लड़ते रहे। इन्होंने अंग्रेजों का सूर्यास्त किया और देश को स्वाधीनता दिलायी।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, लोकसभा प्रभारी राम गोपाल मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विधायक वीर विक्रम सिंह, चेतराम, हरि प्रकाश वर्मा, सलोनी कुशवाहा, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता आदि शामिल हुए।

## प्रवास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार 07 मई 2024, को सीतापुर तथा बहराइच के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 12 बजे मेला मैदान, मिश्रिख, सीतापुर में आयोजित मिश्रिख लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 01:20 बजे सेउता बिसवा रोड, अकसोहा के पास, सीतापुर में सीतापुर लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगें। इसके पश्चात दोपहर 02:50 बजे शाहदत्त इण्टर कॉलेज, नानपारा, बहराइच में आयोजित बहराइच लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मंगलवार 07 मई को अमेठी के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 02 बजे आशीर्वाद लॉन, मुंशीगंज, अमेठी में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मंगलवार 07 मई को लखीमपुर और शाहजहांपुर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12 बजे बजाज शोरूम, बसड़िया चौराहा, लखीमपुर में जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 01:35 बजे शिवमंगल सिंह महाविद्यालय, मीरजापुर, शाहजहांपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार 07 मई को झांसी व लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11 बजे दीन दयाल सभागार झांसी में आयोजित सोशल मीडिया वॉलेटियर सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे तथा सायं 5 बजे बाबू त्रिलोकी नाथ इण्टर कॉलेज काकोरी, लखनऊ में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात् सायं 06 बजे ऐशबाग रामलीला मैदान, लखनऊ में अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन में को सम्बोधित करेंगे।

### राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन अग्रवाल

**लखनऊ।** राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन अग्रवाल मंगलवार 7 मई को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन अग्रवाल दोपहर 03 बजे परिणय स्थल विजय चौराह बैंक रोड, गोरखपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा मंगलवार 7 मई को बदायूं के प्रवास पर रहेंगे। बीएल वर्मा बदायूं में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री सूर्य प्रताप शाही मंगलवार 7 मई को बलिया के प्रवास पर रहेंगे। सूर्य प्रताप शाही सायं 04 बजे कुंवर उपवन बलिया में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

### मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार 07 मई को कुशीनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे उदित नारायण डिग्री कॉलेज पडरौना, कुशीनगर में आयोजित कुशीनगर से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार के मंत्री डा. संजय निषाद भी नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे।

### मंत्री अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर मंगलवार 07 मई को गाजीपुर व चन्दौली के प्रवास पर रहेंगे। अनिल राजभर सुबह 11 बजे सैदपुर विधानसभा कार्यालय में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। जबकि दोपहर 02 बजे अरविन्द वाटिका चन्दौली में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी मंगलवार 7 मई को झांसी के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी सायं 05 लक्ष्मी गार्डन झांसी में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

# कर्तव्यनिष्ठा के लिए मेट्रो कर्मी हुए सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए मेट्रो के कर्मियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान अप्रैल, मार्च एवं फरवरी माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मिला। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरोपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने मेट्रो के प्रशासनिक भवन में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा बरतने वाले रेलकर्मियों को सम्मानित किया। जनवरी 2024 के लिए सुरक्षा गार्ड गीता वर्मा को सीसीएस एयरपोर्ट पर यात्री के खोये 34000 रुपये नगद, पासपोर्ट, कीमती स्टोन एवं विदेशी करेंसी सुरक्षित लौटाने के लिए सम्मानित किया गया। फरवरी माह के लिए सुरक्षा कर्मी रनजीत वर्मा को सिंगार नगर मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर गिरे यात्री को इमरजेंसी बटन दबा कर जान बचाने के लिए पुरस्कृत किया गया। मार्च माह के लिए सुरक्षा कर्मी उमाकांत को मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन पर यात्री की गोल्ड ज्वेलरी एवं 4000 रुपये नगद सुरक्षित लौटाने के लिए पुरस्कृत किया गया। सुशील कुमार ने यूपीएमआरसी के रंजीत परिदा, रोहित कुमार गुप्ता, कीर्ति प्रजापति सेक्शन को भी एम्प्लॉय ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा राम प्रकाश गुप्ता को एवं प्रमोद कुमार यादव और विनीता मिश्रा को सम्मानित भी किया गया।

## दीपक पाण्डेय सेंट्रल यूपी इंडियन यूथ कांग्रेस आउटरीच का अध्यक्ष नियुक्त

**लखनऊ।** भारतीय युवा कांग्रेस के आउटरीच सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चांडी ओमान विधायक ने दीपक पाण्डेय को सेंट्रल यूपी इंडियन यूथ कांग्रेस आउटरीच का अध्यक्ष नियुक्त किया है। दीपक पाण्डेय की नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है।

# भाजपा सरकार ने पर्चा लीक से युवाओं का भविष्य किया बर्बाद

अवधनामा ब्यूरो

- भाजपा शासनकाल में इस देश में न तो युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार: मनीष

**लखनऊ।** नीट यूजी परीक्षा के पेपर लीक पर कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने हर बार होते पर्चा लीक से युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। भाजपा शासित राज्यों में लगातार पर्चा लीक की खबरें आती रही हैं। फिर चाहे वह उत्तर प्रदेश हो, उत्तराखण्ड हो, हरियाणा हो, मध्य प्रदेश हो या गुजरात हो। अब यह आग केन्द्र की टेस्टिंग एजेन्सी एनटीए तक भी पहुंच चुकी है। कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में इस देश में न तो युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार है और न ही सरकार उन्हें सरकारी नौकरी दे रही है। जो सरकारी नौकरी निकलती है उसका पर्चा लीक हो जाता है। इस हताशा भरे माहौल में देश का युवा बहुत निराश है और भाजपा सरकार से उसका मोहभंग हो चुका है। कांग्रेस की 5 युवा न्याय गारंटियों में एक पेपर लीक से मुक्ति है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पेपर लीक में शामिल अपराधियों को न सिर्फ कड़ी सजा देंगे बल्कि हमारा लक्ष्य किसी भी पेपर को



लीक होने से रोकना है। वे युवा जो इन परीक्षाओं की तैयारी में सालों बिताते हैं और बेहतर भविष्य की आशा लिए समय और पैसा खर्च करते हैं उनके लिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि पेपर लीक न हों। पेपर लीक से मुक्ति कड़ी मेहनत करने वाले हर उम्मीदवार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। लखनऊ। इदारए मकसदे हुसैनी की ओर से माहे मुबारक रमजान में लोगों विशेष कर युवाओं को दीनी शिक्षा और कुरान से अवगत कराने के लिए आयोजित दीनी क्लासेज के परिणाम और पुरस्कार वितरण का तीसरा चरण आयोजित हुआ। तीसरे चरण के पुरस्कार वितरण समारोह में रुस्तम नगर स्थित कुब्बा-ए-जनाबे सकीना सेंटर और रौजए काजमैन स्थित मस्जिदे कूफा व आलम नगर केन्द्र के छात्रों को सम्मानित किया गया। संस्था के प्रवक्ता एस.एम. अमन ने बताया कि उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षाओं में प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मौलाना रजा हुसैन रिजवी और मौलाना शाहिद हुसैन ने प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## सपा की सरकार में सपाईयों का नारा खाली प्लाट हमारा: केशव

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने श्रावस्ती लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा तथा बहराइच लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आनंद कुमार गोंड के समर्थन में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी गुण्डे, अपराधी, माफियाओं, दंगाईयों तथा भ्रष्टाचारियों की पार्टी है। सपा की सरकार में सपाईयों का नारा खाली प्लाट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस गाड़ी में बैठा गुंडा।

# परिवहन विभाग तीन पदों के बदलेगा नाम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** परिवहन विभाग जल्द ही तीन विभिन्न पदों के नाम बदलेगा। विभाग ने इस सम्बंध में प्रस्ताव तैयार कर लिया है। जहां पीटीओ यानी पैसेंजर टैक्स ऑफिसर को डिप्टी एआरटीओ कहा जायेगा। सीनियर एआरटीओ को डिप्टी आरटीओ के नाम से जाना जायेगा। जबकि परिवहन विभाग में कार्यरत आरआई को भी भविष्य में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर यानी एमवीआई के नाम से जाना जायेगा। तीनों पदों के नाम बदलने का विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। अपर परिवहन आयुक्त रोड सेफ्टी पुष्पेसन सत्यार्थी ने बताया कि चुनाव आचार संहिता खत्म होने





के बाद शासन स्तर से प्रस्ताव इस पर मुहर लगेगी। तीन पदनाम बदलने के साथ ही परिवहन विभाग में एक नया पदनाम भी जुड़ने जा रहा है, जोकि एआरटीओ रोड सेफ्टी के नाम से जाना जायेगा। प्रदेश में 75 जिलों में एक एक एआरटीओ सड़क सुरक्षा की तैनाती की जायेगी। एआरटीओ रोड सेफ्टी सड़क पर उतरकर वाहनों का चालान करेंगे और यातायात नियमों का पालन करायेंगे, ताकि यूपी में बढ़ते सड़क हादसे को रोका जा सके।

परिवहन विभाग में आयेंगे 453 नये सिपाही परिवहन विभाग को आचार संहिता के बाद 453 नये सिपाही मिलेंगे। परिवहन विभाग के अधिकारी सड़क पर उतरकर सुरक्षाकर्मियों के साथ अभियान चलायेंगे। जिससे विवाद की स्थिति से निपटा जा सकेगा। कई बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं कि सुरक्षाकर्मियों की कमी से चेकिंग अधिकारी से अभद्रता हो गई। परिवहन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि 453 सिपाही परिवहन विभाग को तो जल्द मिल जायेंगे इसके बाद 1000 सिपाहियों की भर्ती और होगी।

# हकीम सफ़दर नवाब की याद में चिकत्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** द मदद सहयोग गाइडेंस (एमएसजी)फाउंडेशन द्वारा आज नियर चुराईखेडा नेहरू नगर पार्क, मवैय्या, नेहरू नगर लखनऊ में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर चिकत्सा एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य था जरूरतमंदों का चेकअप एवं उनका मुफ्त दवा देना इसी उद्देश्य से आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और लगभग 125 लोगों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवा दी गई।

आज के इस शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. ज़फ़र नवाब (एमबीबीएस एमएस ईएनटी) , अतिथि चरणजीत राजू गांधी (प्रसाद





मोतीलाल नेहरू वार्ड), और सैयद अली हुसैन मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ज़फ़र नवाब ने कहा इस तरह के स्वास्थ्य के लिए किया जा रहे कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय हैं स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम किए जाने से लोगों को सुविधा मिल जाती हैं और उनका निशुल्क इलाज भी हो जाता है जिससे जरूरतमंद लोग सही इलाज पा जाते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. शिवम डेंटल क्लिनिक का भी सहयोग रहा। वही इस कार्यक्रम में डॉक्टर टीम की तरफ से डॉ. शिवम, डॉ. जागृति, डॉ. मोहम्मद अशरफ, डॉ. शादमा मजीद मौजूद रहीं। द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से वली मिर्जा, मुंतज़िर अब्बास, आदिल मिर्जा और मोहम्मद सादिक (संस्थापक) मौजूद रहे।

# जनता का रुझान इंडिया गठबंधन के पक्ष में: कांग्रेस

अवधनामा ब्यूरो

- जनता समझ गयी है कि 400 पार का मतलब आरक्षण पर वार

**लखनऊ।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से नियुक्त प्रदेश कांग्रेस मीडिया समन्वयकों गरिमा दसौनी और चित्रा बाथम ने संयुक्त बयान में कहा कि राहुल गांधी के रायबरेली से नामांकन के बाद प्रदेश और देश की राजनीति में बड़ा असर देखने को मिला है। जनता का रुझान इंडिया गठबंधन के पक्ष में व्यापक स्तर पर बढ़ता दिख रहा है। प्रधानमंत्री ने पिछले दो चरणों में 56 बार जनसभाओं में 400 पार का नारा दिया था जो तीसरे चरण में उनके भाषणों से गायब दिख रहा है। इसका मतलब जनता समझ गयी है कि 400 पार का मतलब आरक्षण पर वार है। नेताद्वय ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि प्रधानमंत्री के संबोधन में बदलाव का श्रेय कांग्रेस के घोषणा पत्र को जाता है। नेताद्वय ने भाजपा सिर्फ हिन्दू-मुसलमान, श्मशान-कब्रिस्तान, हिन्दुस्तान-पाकिस्तान, दीवाली-रमजान की बात कर नफरत फैला रही है। हैरत की बात है कि प्रधानमंत्री ने आज तक अपने भाषणों में अपने मेनिफेस्टो के किसी भी बिन्दु पर बात नहीं की। ऐसा लगता है कि पराजय के मारे हिन्दू-मुस्लिम के सहारे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ न्याय पत्र की बात कर रहे हैं।

# किसान आंदोलन से ट्रेनें प्रभावित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंबाला मंडल के शंभू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन ने ट्रेनों का संचालन प्रभावित कर दिया है। लखनऊ होकर जाने वाली करीब 34 ट्रेनों का रूट अगले कुछ दिनों तक बदला रहेगा। वहीं इस आंदोलन की वजह से सोमवार को भी कई ट्रेनें लेट पहुंची। रेलवे ने अपने यात्रियों को अलर्ट करते हुए अपील की है कि ट्रेनों के रूट की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करके यात्रा को आसान बना सकते है। 7, 8 व 9 मई को चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट अमृतसर एक्सप्रेस, 7 मई को चलने वाली 12207 काठगोदाम जम्मूतवी एक्सप्रेस, 8 मई को चलने वाली 15653 गुवाहाटी जम्मूतवी एक्सप्रेस, 8 व 9 मई को चलने वाली 14673 जयनगर अमृतसर, 8 मई को चलने वाली 12407 न्यू जलपाईगुड़ी अमृतसर एक्सप्रेस, 8 मई को चलने वाली 15652 जम्मूतवी गुवाहाटी एक्सप्रेस, 9 मई को चलने वाली 15097 भागलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, 8 मई को चलने वाली 12204 अमृतसर सहरसा, 8 मई को चलने वाली 15656 माता वैष्णो देवी कटरा कामाख्या, 8, 9 व 10 मई को चलने वाली 14618 अमृतसर पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, 10 मई को चलने वाली 14611 गाजीपुर सिटी श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस, 10 मई को चलने वाली 14649 जयनगर अमृतसर, 10 मई को चलने वाली 14603 सहरसा अमृतसर, 10 मई को चलने वाली 04653 न्यू जलपाईगुड़ी अमृतसर और 10 मई को चलने वाली 15654 जम्मूतवी गुवाहाटी एक्सप्रेस बदले रूट चंडीगढ़, न्यू मोरिंडा जंक्शन, सरहिन्द व सानेह वाल के रास्ते चलेगी।

बाक्स....... यह ट्रेनों भी बदले रूट होंगी संचालित 7, 8 व 9 मई को चलने वाली 15707 कटिहार अमृतसर एक्सप्रेस, 9 मई को चलने वाली 12203 सहरसा अमृतसर, 10 मई को चलने वाली 04651 जयनगर अमृतसरए 8, 9 व 10 मई को चलने वाली 15708 अमृतसर कटिहार, 8 व 10 मई को चलने वाली 04652 अमृतसर जयनगर, 9 व 10 मई को चलने वाली 14674 अमृतसर जयनगर, 8 मई को चलने वाली 14650 अमृतसर जयनगर, 10 मई को चलने वाली 12492 जम्मूतवी बरौनी एक्सप्रेस, 10 मई को चलने वाली 12408 अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी, 14604 अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस, 04654 अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी, 15015 अमृतसर लालकुआं एक्सप्रेस, 9 मई को चलने वाली 14612 श्री माता वैष्णो देवी कटरा गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस भी बदले रूट से चलेंगी।

## मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का नाम ऊँचा किया


**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जलशक्ति मंत्रीस्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को महाराजगंज की पनियारा विधानसभा क्षेत्र में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित किया। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ज़िम्मेदारी बूथ अध्यक्षों को देते हुए सिंह ने कहा कि मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का नाम ऊँचा किया है। आज विदेश में भारतीयों को जिस सम्मान से देखा जाता है वह अभूतपूर्व है। इस उपलब्धि की वजह से देशविरोधी ताक़तें हमारे आपके बीच ही सिर उठाने लगी हैं।स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि इस बार इवीएम में कमल के निशान के आगे वाली बटन इतनी ज़ोर से दबानी है कि देशविरोधी ताक़तों को करारा जवाब मिले। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के दौरान महराजगंज लोकसभा से भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशीपंकज चौधरी भी उपस्थित रहे।

'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का संकल्प दोहराते हुएस्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बीते दस वर्षों के कामों को जनता तक ले जाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

# परीक्षा में यूनिटी कालेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आई.सी.एस.ई. और आई.एस.सी. वर्ष 2024 की परीक्षा में यूनिटी कालेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10 की फातिमा अहमद ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही उसने कम्पयूटर में 99 अंक प्राप्त किये। कक्षा 12 में मुहम्मद सादिक़ ने 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर के विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा गणित विषय में 100 अंक अर्जित किये। कुल 121 में से 33 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कालेज के प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज़ और सचिव नजमुल हसन रिज़्वी ने कालेज का मान बढ़ाने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और अध्यापक व अध्यापिकाओं को शुभकामनाएं दी हैं।



## समिट बिल्डिंग में युवक-युवती के बीच मारपीट व हंगामा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग में शनिवार रात जमकर हंगामा हुआ। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवती ने गाली देने पर युवक को पीट दिया। रविवार को वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने छानबीन शुरु की पर कुछ पता नहीं चल सका। वीडियो में युवती मारपीट करते हुए नजर आ रही है। शुरुआती जांच में पता चला कि है कि युवक ने युवती को गाली दी थी। जिसके बाद ही झगड़ा शुरू हुआ। समिट बिल्डिंग के कोर्टयार्ड में मारपीट हुई थी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह का कहना है कि इस संबंध में किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# वेद मंत्र गणित पर आधारित: डॉ. रश्मि

अवधनामा ब्यूरो



- पृथ्वी-सूर्य की दूरी, त्रिज्या का डिफरेंशियल समीकरण से हुआ है हल: डॉ. नागेंद्र

**लखनऊ।** गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. रश्मि भारद्वाज ने प्राचीन गणित के अनुप्रयोग और फ्रैक्टल सिद्धांत पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, वेदों के मंत्र गणित पर आधारित हैं। गणित प्रकृति में मौजूद है। हमें इसे देखने और समझने की आवश्यकता है। भारतीय प्राचीन मंदिरों के गर्भगृह गुरुत्वाकर्षण के केंद्र में स्थित हैं। अधिकांश प्राचीन भारतीय मंदिरों को भग्नसिद्धांत के आधार पर डिजाइन किया गया है। सबसे दिलचस्प तथ्य यह है कि पूरे भारत में सभी आठ शिवलिंग इस तरह से स्थित हैं कि उनके भौगोलिक निर्देशांक एक सीधी रेखा पर हैं। यह काम भारतीय गणित विशेषज्ञों ने आधुनिक जीपीएस सिस्टम के बिना किया है, जो प्राचीन विशेषज्ञों की गणना और उत्कृष्टता को दर्शाता है। प्रो. भारद्वाज ने कोविड-19 पर गणितीय मॉडलिंग भी साझा की। उन्होंने मानव, उसके मूल्यों और विज्ञान के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। प्रो. भारद्वाज तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के गणित विभाग की ओर से एंशिएंट मैथमैटिक्स एंड इट्स इमर्जिंग एरियाज- एएमईए 2024 पर आयोजित नेशनल कांफ्रेंस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उल्लेखनीय है, नेशनल कॉन्फ्रेंस में 10 राज्यों- उत्तराखंड, कलकत्ता, पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पुणे और उत्तर प्रदेश के 87 शोधार्थी शामिल रहे। नेशनल कॉन्फ्रेंस कुल 63 शोधपत्र पढ़े गए।

इससे पहले डॉ. भारद्वाज ने बतौर मुख्य अतिथि, टीएमयू के वाइस चांसलर प्रो. वीके जैन, एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद के प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता, कांफ्रेंस जनरल चेयर और एफओईसीएस के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, कांफ्रेंस कंवीनर डॉ. विपिन कुमार, कांफ्रेंस को-कंवीनर एवं गणित विभाग के एचओडी डॉ. अजीत कुमार आदि ने मां संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ किया। एफओईसीएस के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने ब्लेंडेड मोड में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस की थीम प्रस्तुत की।